
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-25 ❑ रविवार, 20 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



उद्योग-संरेखित कौशल विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है, महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को समर्थन दिया जा सकता है तथा नवीकरणीय ऊर्ज़ा और जलवायु अनुकूल पहल के जरिए हरित परिवर्तन को गति दी जा सकती है। सीपी राधाकृष्णन

राष्ट्रीय सुरक्षा हर नागरिक की साझा जिम्मेदारीः सीडीएस चौहान 11

रेखा गुप्ता ने 'सीएम जनसुनवाई पोर्टल एवं मोबाइल ऐप' का किया शुभारंभ 12

## संक्षेप

### देश की छवि को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान हुए विरोध-प्रदर्शन पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस घटना को ‖अति-अशोभनीय व निन्दनीय‖ करार देते हुए कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में इस प्रकार का आचरण देश की गरिमा और छवि को प्रभावित करता है। अपने आधिकारिक बयान में उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित इस समिट में देश और विदेश के कई प्रमुख लोग आमंत्रित थे और यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे में कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों द्वारा अर्धनग्न होकर विरोध प्रकट करना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने यह प्रदर्शन किया, उनमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का न होता तो बात अलग हो सकती थी, लेकिन वैश्विक मंच पर इस तरह की घटनाएं देश की इमेज को नुकसान पहुंचा सकती हैं। सुश्री मायावती ने सभी राजनीतिक दलों और युवाओं से अपील की कि विरोध दर्ज कराना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका तरीका मर्यादित और जिम्मेदार होना चाहिए।

### बिजली कर्मचारियों के आवास पर मीटर का आदेश वापस, नहीं आंदोलन

**लखनऊ।** बिजली कर्मचारियों के आवासों पर मीटर लगाने पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। संघर्ष समिति ने कहा कि आदेश रद्द नहीं किए जाने पर 26 फरवरी को आंदोलन का फैसला लिया जाएगा। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि ऊर्ज़ा निगमों के कर्मचारियों को रियायती बिजली सुविधा इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999 और ट्रांसफर स्कीम 2000 के तहत दी जाती है। इसे इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 द्वारा भी संरक्षण प्राप्त है। बावजूद इसके कर्मचारियों के आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाया जाना उनके अधिकारों का उल्लंघन है। शुक्रवार को लखनऊ के प्रयाग नारायण रोड स्थित हाइडल कॉलोनी में जिस तरह फाटक का ताला तोड़कर, दीवार कूदकर कर्मचारियों के आवासों में स्मार्ट मीटर लगाए, वह बेहद आपत्तिजनक और निंदनीय है।

### 23 लाख उपभोक्ता स्मार्ट मीटर के पहले देते थे 212 करोड़, अब 278

लखनऊ। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के 23 लाख उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने से पहले 212 करोड़ रुपये का राजस्व आता था, लेकिन इसके लगने के बाद 278 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने लगा है। यह तब है जब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद बिजली बिल में दो प्रतिशत रियायत का नियम लागू है। राजस्व में इजाफ़े पर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट मीटर तेज चलने और बिली खर्च बढ़ने का सवाल उठाया है।

# अन्नदाता किसानों के साथ खड़ी रहेगी डबल इंजन सरकार: योगी

**पीएम फसल बीमा योजना में 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये वितरित**

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) में 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति बांटा। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये दिए। उन्होंने बागपत, शामली, कासगंज, भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, राजकीय भूमि संरक्षण केंद्र मऊरानीपुर झांसी में 50 शैय्या के छात्रावास भवन तथा लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो इकाई का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने होली की शुभकामनाएं देते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि डबल इंजन सरकार मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अन्नदाता किसान उन्नत खेती के माध्यम से प्रदेश की समृद्धि में योगदान देते रहेंगे।




बिचौलियों की भूमिका समाप्त मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्रवार को ही यूपी सरकार का 2026-27 का बजट पास हुआ है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से बजट के माध्यम से प्रदेश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों के लिए ढेर सारी योजनाएं पास कराई गई हैं। जब बजट होता है तो लाभार्थियों के अकाउंट में सीधे पैसा जाता है और उन्हें लाभ प्राप्त होता है। आज एक बटन दबाते ही 460 करोड़ रुपये किसानों के खाते में पहुंच रहे हैं, बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई। लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिलों में लाभार्थी परिवारों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कल तक खाते में ● शेष पेज 11 पर


### होमगार्ड भर्ती में आपदा मित्र को प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में 45 हजार होमगाईस भर्ती में आपदा मित्रों को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अभी आपदा मित्र की सेवा स्वैच्छिक है, लेकिन जब वे होमगार्ड के रूप में काम करेंगे तो उन्हें सरकार द्वारा मानदेय भी दिया जाएगा। प्रदेश में 19 हजार आपदा मित्रों को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। ● शेष पेज 11 पर

# अविमुक्तेश्वरानंद पर होगी एफआईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ पॉक्सो एक्ट की अदालत ने दिया आदेश



प्रयागराज। इलाहाबाद जिला न्यायालय पॉक्सो एक्ट की अदालत ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य दंडी स्वामी प्रत्यक्त चैतन्य मुकुंदानंद गिरि के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश शाकुंभरी पीठीधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी की अर्जी पर सुनवाई करते हुए स्पेशल कोर्ट ने दिया है।

स्पेशल कोर्ट पॉक्सो के न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने जगद्गुरु ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बच्चों का यौन शोषण करने के आरोप में झूंसी थाने में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य दंडी स्वामी प्रत्यक्त चैतन्य मुकुंदानंद गिरि के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। ● शेष पेज 11 पर

### हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है, सच्चाई जल्द सबके सामने आएगी: शंकराचार्य

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की एक विशेष अदालत के आदेश पर खुद पर यौन शोषण के आरोप में एफआईआर दर्ज करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि उन्हे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और सच्चाई सबके सामने आ जायेगी। शंकराचार्य ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मेरे खिलाफ फर्जी केस दर्ज कराया गया है। हम मुकदमे का सामना करेंगे। आरोप लगाने वाले खुद हिस्ट्रीशीटर हैं। हमारी न्यायपालिका और सच्चाई पर पूरा भरोसा है। सच्चाई सबके सामने आ जाएगी।

# दिल्ली में लश्कर-ए-तैयबा के हमले की चेतावनी

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीड़भाड़ वाले धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को निशाना बनाने की पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की साजिश की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को 'हाई अलर्ट' जारी कर दिया गया है।

खुफिया सूचनाओं के अनुसार, विशेष रूप से चांदनी चौक स्थित एक मंदिर और लाल किले के आसपास के उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों में आईईडी के माध्यम से हमले की आशंका जताई गई है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि आतंकी लाल किले के निकटवर्ती क्षेत्रों सहित अन्य उच्च-सुरक्षा वाले इलाकों में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं। इस अलर्ट के मद्देनजर चांदनी चौक के मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी कर दी गई है और निरंतर निगरानी व सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) की तैनाती की गई है। सुरक्षा के ये कड़े इंतजाम पिछले साल नवंबर में लाल किले के पास हुए भीषण कार बम धमाके के मद्देनजर किए गए ● शेष पेज 11 पर

### टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बारीकी से विश्लेषण कर रहा है भारत

नयी दिल्ली। अमेरिका द्वारा अलग-अलग देशों पर लगाये गये टैरिफ पर वहां के सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि वह टैरिफ से संबंधित अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बारीकी से विश्लेषण कर रहा है। मंत्रालय ने शनिवार को वक्तव्य जारी कर कहा, ''हमने कल टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का संज्ञान लिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ कदमों की घोषणा की गई है। हम इन सभी घटनाक्रमों के प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं।''
उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति ट्रंप के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को अपना निर्णय सुनाते हुए इस टैरिफ को रद्द कर दिया है। ● शेष पेज 11 पर




**उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का प्रधानमंत्री ने किया शिलान्यास**

# भारत में अब क्रांति की शुरुआत

एजेंसी



नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर के यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में वर्चुअल माध्यम से उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनीट का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, उत्तर प्रदेश के कई मंत्री, विधायक और सांसद मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत विकसित होने के लक्ष्य पर बहुत तेजी से काम कर रहा है और मैंने लाल किले से भी कहा है कि भारत के पास रूकने का, थमने का समय नहीं है। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को विकसित भारत यंग लीडर मिशन से देश के लाखों युवा जुड़े। इसके बाद 16 जनवरी को नेशनल स्टार्टअप डे मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत को नई गति देने वाला बजट आया। यह सप्ताह भी भारत के लिए ऐतिहासिक सिद्ध हो रहा है। एआई इम्पैक्ट समिट में अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्ष समेत टेक्नोलॉजी जगत के कई दिग्गज दिल्ली में जुटे। इस समिट में दुनिया ने भारत के एआई सामर्थ्य को देखा, हमारे विजन को समझा और सराहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक विश्व को चलाने के लिए जिस प्रोसेसिंग पावर की जरूरत है, उसमें भी भारत अब दुनिया के टॉप देश में शामिल होने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों पहलुओं पर एक साथ काम कर रहा है। हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि उत्तर प्रदेश भी भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। इस यूनिट से उत्तर प्रदेश और देश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि जहां पर सेमीकंडक्टर यूनिट आता है वहां पर डिजाइंस आते हैं, रिसर्च सेंटर आते हैं, स्टार्टअप इकोसिस्टम बनता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस दशक में भारत टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में जो कुछ कर रहा है वह 21वीं सदी के हमारे सामर्थ्य का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत में सशक्त सेमीकंडक्टर का विकास भी इसका एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत ने अपना सफर ● शेष पेज 11 पर

# लखनऊ में 22वीं पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

❒ कोरोना काल के बाद पुनः सजी प्रकृति की रंगीन महफिल, महापौर ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ नगर निगम द्वारा पद्मश्री डॉ0 एस0सी0 राय पार्क (ई-पार्क) के प्रांगण में 22वीं पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान स्थगित कर दी गई यह लोकप्रिय प्रदर्शनी इस वर्ष पुनः प्रारंभ की गई है।

इस आयोजन को पुनर्जीवित करने में महापौर, पार्षदगण, नगर आयुक्त तथा क्षेत्रीय समाजसेवियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने विधिवत फीता काटकर पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

उद्घाटन के उपरांत महापौर सुषमा खर्कवाल ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम एवं शशिकांत शशि जी ने उन्हें प्रदर्शनी की रूपरेखा, प्रतियोगिता की श्रेणियों एवं प्रतिभागियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महापौर ने बच्चों द्वारा तैयार की गई कलात्मक पुष्प सज्जा को विशेष रूप से सराहा। इसके अतिरिक्त थीम आधारित प्रदर्शनी और महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शहर की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय चेतना को सशक्त बनाते हैं।

इस फ्लावर शो में ताजे फूलों से बनाई गई आकर्षक कलाकृतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। महापौर ने सबसे पहले लक्ष्मण जी की फूलों से बनी सुंदर आकृति का अवलोकन किया। इसके बाद होली पर्व को ध्यान में रखते हुए राधा-कृष्ण के होली खेलते हुए दृश्य को पुष्पों से साकार किया गया, जिससे दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही मोर, तितली और पेंगुइन की मनमोहक पुष्प आकृतियां भी प्रदर्शित की गईं। इन सजीव कलाकृतियों को देखकर माननीय महापौर अभिभूत हो उठीं और उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष इस प्रदर्शनी को और भी बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भागीदारी कर सकें।

इस वर्ष की प्रतियोगिता 24 वर्गों एवं 262 श्रेणियों के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। शहर के विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों तथा आम नागरिकों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया है। प्रतियोगिता में 1100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों को सजीव फल, फूल और सब्जियों की जानकारी देना है, ताकि वे प्रकृति के प्रति रुचि विकसित कर सकें और हरियाली के महत्व को समझ सकें।

# जल जीवन मिशन ने गड्ढा खोद कर राहगीरों की बढ़ाई मुसीबत

❒ कोरांव के बरहुला गांव का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। कोरांव तहसील क्षेत्र के बरहुला गांव में अमृत लाल हरिजन के घर के आसपास लगभग एक वर्ष से जल जीवन मिशन के कार्य दाई संस्था के द्वारा लगभग चार फीट गड्ढा मुख्य सड़क के किनारे खुदाई करके छोड़कर चले गए जहां मोड है वहां भी सड़क तोड़कर पुलिया डालने के लिए गड्ढा कर दिया गया लेकिन न तो पाइप डाली गई न जल जीवन मिशन के द्वारा सड़क को दुरुस्त कराया गया अब इसी गड्ढा में आएदिन लोग चोटहिल हो रहे है।

इस मामले की शिकायत गांव के ही रहने वाले पिंटू पुत्र राम उजागिर व लाल बाबू पुत्र हरिलाल ने उपजिलाधिकारी व क्षेत्रीय विधायक से भी पूर्व में मौखिक रूप से की थी इसके बावजूद आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में ग्रामीणों ने वायरल भी किया था लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई ग्रामीणों का कहना है कि जो सड़क आने जाने के लिए बनी भी थी उसको तोड़ कर गड्ढा कर दिया गया और जल जीवन मिशन का कार्य भी पूरा नहीं हो सका गांव में टंकी बनाई जा रही है जो मानक के अनुसार निर्माण कार्य में सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर पानी की ज्यादा समस्या है बोर कराने पर पानी जल्दी नहीं मिलता उम्मीद थी कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर में जल मिलेगा वह भी सपना अधूरा रह गया अब ग्रामीणों ने जांच कार्यवाही की माग की है।

## मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 फरवरी को नवाबगंज में

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा 22 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न 10 बजे रामदुलारी बच्चू लाल जायसवाल पीजी कॉलेज, नवाबगंज (सोरांव) में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश श्री सत्य प्रकाश त्रिपाठी करेंगे। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आमजन को निःशुल्क विधिक परामर्श, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं पात्र लाभार्थियों को मौके पर लाभान्वित करने की व्यवस्था की जाएगी। आयोजन का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को न्याय व योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराना है।

## सराय एक्ट में नाम परिवर्तन दर्ज न कराने पर पंजीयन निरस्त होगा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी (नगर) कार्यालय, प्रयागराज ने सराय एक्ट में पंजीकृत गेस्ट हाउस, होटल, लॉज व धर्मशालाओं के संचालकों को निर्देश जारी किए हैं। अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री सत्यम मिश्र ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर/प्रबंधक में परिवर्तन हुआ है तो तत्काल आवेदन देकर नवीनीकृत नाम सराय एक्ट रजिस्टर में दर्ज कराना अनिवार्य है। आवेदन के समय पूर्व पंजीयन प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों में दर्ज विवरण और वास्तविक संचालक में भिन्नता पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान का पंजीयन निरस्त कर नियमानुसार संचालन बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने इसे जनसुरक्षा से जुड़ा विषय बताया है।

## रामपुर से 32 सदस्यीय युवा दल प्रयागराज पहुंचा, पाँच दिवसीय कार्यक्रम शुरू

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 'अंतर जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के अंतर्गत रामपुर से 32 सदस्यीय युवा दल प्रयागराज पहुँचा। पाँच दिवसीय आवासीय कार्यक्रम का आयोजन 'मेरा युवा भारत, प्रयागराज' द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य, नेतृत्व, नैतिक मूल्य, संस्कृति एवं सतत विकास जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। 22 व 24 फरवरी को शैक्षिक भ्रमण के तहत संग्रहालय, आनंद भवन, भारद्वाज पार्क, अरैल घाट व वीआईपी घाट संगम का भ्रमण कराया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति सत्यापन की संशोधित समय-सारिणी जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शैक्षिक सत्र 2024-25 की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालयों एवं संबद्ध एजेंसियों को वास्तविक छात्रों का डिजिटल सत्यापन कर अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम एवं संस्थाओं को ब्लॉक करने हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। सत्यापन एवं ब्लॉक की कार्यवाही 27 फरवरी 2026 तक तथा धनराशि अंतरण 16 मार्च 2026 तक प्रस्तावित है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने समस्त शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि समयबद्ध ढंग से प्रक्रिया पूर्ण करें। लापरवाही की स्थिति में यदि कोई पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित होता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था अथवा छात्र की होगी।

## गढ़वा किला के पास दर्दनाक हादसा: हाईस्कूल छात्र की मौत, दो घायल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में गढ़वा किला के पास बाइक सवार तीन हाईस्कूल छात्रों का भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। बताया गया कि तीनों छात्र मां शिवकुमारी इंटर कॉलेज लालापुर के हाईस्कूल के विद्यार्थी थे और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा देने डॉक्टर कैलाश नाथ इंटर कॉलेज नौढिया उपरहार जा रहे थे। अचानक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जलकल विभाग के सभी जोनल व वसूली कार्यालय रविवार को भी रहेंगे खुले

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग ने राजस्व वसूली को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। महाप्रबंधक कुलदीप सिंह द्वारा विभाग के समस्त अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 22 फरवरी 2026 (रविवार), जो कि साप्ताहिक अवकाश का दिन है, को भी सभी जोनल कार्यालय एवं वसूली कार्यालय खुले रखे जाएं। इस संबंध में जलकल विभाग द्वारा सभी सम्मानित नागरिकों को सूचित किया गया है कि नगर निगम लखनऊ के अंतर्गत आने वाले सभी जोनल कार्यालय तथा वसूली कैंप 22 फरवरी 2026 को सामान्य कार्यदिवस की भांति खुले रहेंगे। नागरिक इस दिन भी अपने जल कर का भुगतान कर सकेंगे।विभाग की ओर से विशेष अपील की गई है कि नागरिक अवकाश के दिन का लाभ उठाते हुए लंबित जलकर का भुगतान सुनिश्चित करें और नगर निगम की राजस्व वसूली में सहयोग प्रदान करें।

## शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण कराए अधिकारी: डीएम



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील महराजगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 24, पुलिस 07, विकास 16 एवं अन्य 09 कुल 56 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 05 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा, उप जिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जमुनापार के कई पर्यटन स्थल जीर्णोद्धार स्वीकृति,सांसद उज्जवल के प्रयास की सराहना




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। जमुनापार के कई पर्यटन स्थल के जीर्णोद्धार की वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा मिलने पर स्थानीय लोगों ने सांसद के प्रयास की सराहना की है । सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह लगातार पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से पत्र व फोन के माध्यम से सम्पर्क कर जमुनापार के कई पौराणिक मंदिर व पर्यटन स्थल को विकसित करने के लिए प्रयास किया।

जिस पर सफलता मिली जब पर्यटन विभाग द्वारा प्राचीन शिव मंदिर पहाड़ी कला शंकरगढ़ 2 करोड़, जसरा छिड़ी पथरबंधी महादेवालय 1 करोड़,ताल की देवी मैदा जसरा 50 लाख,जसरा खटनियां प्राचीन कैलाश धाम मंदिर 2 करोड़,मेजा प्राचीन बोलन महादेव मंदिर 1 करोड़,पंचमठ प्राचीन मंदिर बड़ोखर कोरांव 2 करोड़, फलाहारी बाबा मंदिर 2 करोड़,अरैल सम्राट हर्षवर्धन बुद्धविहार 3करोड़ के साथ खुल्दाबाद गुरुद्वारा 1करोड़, और काली बाड़ी मंदिर के लिए 1.5 करोड़ स्वीकृति हुआ है जिसके लिए सांसद उज्जवल रमण के प्रयास के लिए स्थानीय लोगों ने बधाई दी जिसमें सोनू केसरवानी जसरा, दुर्गा गुप्ता,शिवशंकर केसरवानी, कामद प्रताप सिंह ,बबलू मिश्रा,पप्पू यादव, देशराज सिंह,योगेंद्र सिंह,नन्हे सिंह प्रधान बड़ोखर,श्रीकांत यादव, जगदीश यादव आदि लोगों ने बधाई दी।

# शिक्षा मित्रों को योगी सरकार ने दी होली की सौगात

❒ नए वित्तीय वर्ष से प्रयागराज जिले के शिक्षा मित्रों को मिलेगा 5, 28, 12, 000 रुपये प्रतिमाह का फायदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता





प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा में सेवा दे रहे शिक्षा मित्रों को होली के पहले प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के बाद नए वित्तीय वर्ष के पहले माह (अप्रैल 2026) से शिक्षामित्रों को प्रतिमाह 8,000 रुपये मानदेय वृद्धि का अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा।

इसे लेकर शिक्षा मित्रों के चेहरे खिल गए हैं।रंगो के त्यौहार होली के पहले यूपी की योगी सरकार के एक फैसले ने प्रदेश के शिक्षा मित्रों की होली के रंग और चटख हो गए हैं। सीएम योगी के नए फ़ैसले से अब शिक्षा मित्रों का मासिक मानदेय बढ़कर 18 हजार हो जाएगा। प्रयागराज के बीएसए अनिल कुमार बताते हैं कि जिले में कुल 2934 शिक्षा मित्र हैं जिसमें 1804 सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत और 1130 बेसिक शिक्षा के तहत आते हैं। नई घोषणा के बाद जिले में हर महीने इस शिक्षा मित्रों को 23,472,000 रुपए का अतिरिक्त फायदा होगा। शिक्षामित्रों के मानदेय में 80 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा से शिक्षा मित्र सहित शिक्षकों के संगठन ने खुशी जाहिर की है। प्रयागराज के जसरा ब्लॉक के सेहुडा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र वंदना श्रीवास्तव का कहना है कि योगी जी के इस फैसले से उनकी घर गृहस्थी अब संवर जाएगी। सरकार ने अंतर्जनपदीय तबादला की जो नई व्यवस्था लागू की है उससे अब वह अपना मायका छोड़कर अपने ससुराल अमेठी अपने परिवार के साथ रह सकेंगे। कंपोजिट विद्यालय राम पुर खानपुर डांडी की शिक्षा मित्र पूनम पटेल का कहना है कि योगी जी ने हम सब शिक्षा मित्रों को होली का ही नहीं बल्कि होली दीवाली सभी का सबसे बड़ा तोहफा दिया है। अब हम अपने परिवार के पढ़ाई लिखाई पर भी अधिक खर्च कर सकेंगे।टीचर्स सेल्फ केयर टीम के महामंत्री सुधेश पांडेय का कहना है कि मुख्यमंत्री जी को शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की लंबे समय से चली आ रही मानदेय वृद्धि की मांग को पूरी करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। शिक्षामित्रों को समायोजन के उपरांत शिक्षकों के समान वेतन मिला करता था इसलिए मानदेय में और वृद्धि किया जाना उचित फैसला है । टीचर्स सेल्फ केयर टीम के अध्यक्ष विवेकानंद का कहना है कि योगी सरकार के इस फ़ैसले ने शिक्षकों और शिक्षा मित्रों के बीच की कई विसंगतियों को लगभग समाप्त कर दिया है। यह फैसला शिक्षक समाज के भी हित में है।

# प्राथमिक विद्यालय पांडेयपुर में समय से पहले गुरु जी ने जड़ा ताला

❒ कोरांव तहसील विकास खंड मांडा क्षेत्र का मामला खंड शिक्षा अधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण, नवनिहाल बच्चों का शिक्षा व्यवस्था हुई बेपटरी, भविष्य हो रहा चौपट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव तहसील के मांडा ब्लॉक में स्थित प्राथमिक विद्यालय पांडेयपुर में शनिवार को समय से पहले ही ताला बंद कर दिया गया। जब आसपास के लोगों ने पूछा तो बताया गया कि स्कूल 12 बजे ही बंद करके अध्यापक चले गए। जबकि शनिवार को छुट्टी नहीं थी और स्कूल का समय 3 बजे तक है।दैनिक भास्कर के संवाददाता ने जब इस मामले की जांच की तो पाया कि स्कूल 1:06 बजे बंद था। इसका वीडियो और फोटो भी लिया गया है। अध्यापकों की इस अनुशासनहीनता से छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है।लोकल लोगों का कहना है कि नई बीईओ की नियुक्ति के बाद से शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है। शिक्षकों पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हो रहा है।

तीन स्टाफ की ड्यूटी थी यदि समय से पहले स्कूल बंद किया गया है तो स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है स्पष्टीकरण का जवाब मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

नीलम शाक्यवार खंड शिक्षाधिकारी मांडा प्रयागराज

# बकाया सीवर-पानी टैक्स पर सीएमएस समेत दो प्रमुख संस्थानों के कनेक्शन बंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम के जोन-4 अंतर्गत जलकल विभाग द्वारा सीवर एवं पानी के बकाया टैक्स (जल कर) को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई है। लंबे समय से टैक्स जमा न करने वाले संस्थानों के विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए विभाग ने दो प्रमुख शिक्षण संस्थानों के सीवर कनेक्शन बंद कर दिए हैं।

जोन-4 के अधिशासी अभियंता अमरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गोमती नगर स्थित सीएमएस, विशाल खंड-1 पर सीवर एवं पानी का कुल 50 लाख 70 हजार 456 रुपये बकाया था। कई बार नोटिस जारी करने और भुगतान के लिए समय देने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की गई। इसके चलते विभागीय टीम ने संस्थान का सीवर कनेक्शन बंद कर दिया।इसी क्रम में दूसरी कार्रवाई विनीत खंड, गोमती नगर स्थित इमाकुलेट कॉन्सेप्शन कॉन्वेंट स्कूल के विरुद्ध की गई। इस विद्यालय पर 19 लाख 06 हजार 583 रुपये का बकाया दर्ज था। लगातार अनुस्मारक भेजे जाने के बावजूद भुगतान न होने पर जलकल विभाग ने स्कूल का सीवर कनेक्शन भी बंद कर दिया। अधिशासी अभियंता अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बकाया वसूली को लेकर विभाग पूरी तरह गंभीर है और सरकारी राजस्व की हानि किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं पर सीवर-पानी का टैक्स बकाया है, वे शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिये विशेष अभियान आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोग द्वारा दावें और आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 22 फरवरी, 2026 (रविवार) को विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है।

विशेष अभियान तिथि में बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा अपने मतदेय स्थल पर निर्धारित समय (पूर्वान्ह 10:30 बजे से 04:30 बजे तक) के मध्य आलेख्य निर्वाचक नामावली पढ़ी जाएगी तथा दावे-आपत्ति प्रपत्र 6, 7 व 8 पर घोषणा पत्र के साथ ली जाएगी। विशेष अभियान तिथि में गणना अवधि के दौरान अनुपस्थित/ स्थानांतरित/ मृतक/ डुब्लीकेट (एएसडी) श्रेणी में मार्क किए गए निर्वाचको की सूची उपलब्ध रहेगी तथा पढ़ी जायेगी। विशेष अभियान तिथि में पर्याप्त प्रपत्र 6, 7 व 8 तथा घोषणा पत्र बी0एल0ओ0 के पास उपलब्ध रहेगें। विशेष अभियान तिथि में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में यदि कहीं कोई कमी रह गई है तो उस कमी को दूर करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी मतदेय स्थलों पर बी0एल0ओ0 और राजनैतिक दलों के बी0एल0ए0 उपस्थित रहेगें।उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला पंचायत राज अधिकारी रायबरेली को निर्देशित किया है कि पूर्वान्ह 10:00 बजे तक स्कूल/विद्यालयों/पंचायत भवनों / आंगनबाड़ी केन्द्रों को खोले जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया है कि मतदाता टोल-फ्री नम्बर 1950 (एसटीडी कोड-0535)/लैंडलाइन नम्बर 0535-2975450 पर कॉल कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते है। सुपरवाइजर्स/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगें।उन्होंने जनसामान्य से कहा है कि 22 फरवरी, 2026 (रविवार) को विशेष अभियान तिथि में अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची देख लें, यदि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित न हो. कोई त्रुटि हो या सुधार की आवश्यकता हो, तो तद्नुसार प्रपत्र-6 (नए मतदाताओं हेतु), प्रपत्र-7 (मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाता के नाम पर आपत्ति हेतु) या प्रपत्र-(प्रविष्टि में संशोधन/स्थानान्तरण/इंपिक रिप्लेसमेंट/दिव्यांग की मार्किंग हेतु) भरकर सम्बन्धित बी0एल0ओ0 को आवेदन दे सकते हैं।

## डीएम ने नवनिर्मित संकुल भवन का किया उद्घाटन

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास खण्ड महराजगंज की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की महिलाओं के विकास के लिए नवनिर्मित निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति के भवन का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन के परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा स्वयं सहायता समूहों के आजीविका संवर्धन हेतु विकास महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत पखनपुर को रु0 15 लाख तथा आकाश महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत हरदोई को रु0 30 लाख 80 हजार का सामुदायिक निवेश निधि का चेक प्रदान किया। समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पाद भेट किये, निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति का गठन 17 मई 2022 को हुआ था, जिसके अन्तर्गत 13 ग्राम पंचायतों के 14 ग्राम संगठन तथा उनमे गठित 228 महिला स्वयं सहायता समूह आते है। संकुल भवन का निर्माण में मनरेगा (9.97 लाख) राज्य वित्त (1.5 लाख) तथा निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति द्वारा अपने स्टार्टअप फण्ड से ऑफिस सेटअप हेतु (49 हजार) से व्यय किया गया है। कार्यक्रम में निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति से सम्बन्धित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा स्वयं से निर्मित उत्पाद (सजावटी झालर, अचार, आलू पापड़, आलू चिप्स, देशी घी, कम्पोस्ट खाद, हर्बल गुलात, नर्सरी के पौधे आदि प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाया गया। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड की टीम द्वारा किये गये अच्छे कार्य की सराहना की तथा स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का उत्साहवर्धन किया।

# अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज तीन जोनों में एक साथ कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रहे यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने शनिवार को व्यापक एवं बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है।

जोन-1 क्षेत्र में जोनल अधिकारी ओपी सिंह के नेतृत्व में 296 टीम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कार्रवाई बासमंडी लालकुआं पुल के नीचे से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौराहे तक की गई। इसके बाद नगर निगम मुख्यालय से होते हुए कैम्प कार्यालय बालाकदर क्षेत्र तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान सड़क किनारे रखे गए अवैध सामान को हटाया गया तथा 3 स्टूल जब्त कर नगर निगम स्टोर में जमा कराए गए। अधिकारियों ने दुकानदारों और ठेला संचालकों को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में जोन-6 के जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में वार्ड हैदरगंज द्वितीय क्षेत्र में बुद्धेश्वर चौराहे से माँ कृपा लॉन तक सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से लगाए गए 15 ठेले, 20 काउंटर, 25 गुमटियां और 40 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान 1 ठेला, 2 लोहे के काउंटर, 2 लोहे की मेज, 15 प्लास्टिक स्टूल, 6 लोहे की बेंच और 1 पानी की पेटी सहित अन्य सामान जब्त किया गया। अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध 15,500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पुनः अतिक्रमण की स्थिति में और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में कर अधीक्षक विजय शंकर, कर निरीक्षक धर्मदेव, 296 टीम एवं क्षेत्रीय पुलिस बल की उपस्थिति रही। जोन-7 में जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। मीना मार्केट यूनियन बैंक के आसपास नालियों, नालों और सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए गए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

❒ जनपद की पांचो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 504 प्रकरण प्राप्त हुए, 73 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। जनपद लखनऊ की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये । जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना शासन की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 30 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 12 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 30 में से 12 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 59 में से 04 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 80 में से 16 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 224 में से 33 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 111 में से 08 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किए गये। आज जनपद में पुलिस 64, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 01, राजस्व 241, विकास 37, शिक्षा 03, स्वास्थ्य 02, समाज कल्याण 14, नगर निगम 05 तथा अन्य 137 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतकर्ताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति ज्योति गौतम, उप जिलाधिकारी तहसील सदरमनोज सिंह, तहसीलदार सदर जेपी सिंह, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर भाकियू की महापंचायत आज

❒ शराब ठेका रात में 10 बजे बंद कर दिया जाता है, घटना 11 बजे की है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के पसीन ढकवा में शराब ठेके के विरोध भाकियू श्रमिक जन शक्ति का 13 वे दिन भी जारी है। संगठन की ओर से 22 फरवरी को महा पंचायत बुलाई गई तो दूसरी ओर शराब ठेके पर काम करने वाले आशीष जायसवाल की ओर से कहा गया कि इस मामले में किसी ने भी सच्चाई जानने की कोशिश नहीं की।

यही बात शराब ठेके के मालिक को कष्ट पहुंचा रही है। उनके अनुसार 2 फरवरी को चौरासी गांव के रहने वाले संतराम रावत की हत्या कर दी गई थी। घटना शराब ठेके से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित चौरासी गांव के मजरा मल्लाखेड़ा में घटित हुई थी जबकि शरब ठेका पसीन ढकवा गांव में स्थित है। आशीष जायसवाल के अनुसार शराब ठेका 10 बजे बंद हो जाता है। हत्या की घटना रात 11 बजे की है। इस घटना और ठेका बंद होने के समय अलग अलग है। दोनों का कोई तालमेल नहीं बनता है। उधर इसी मामले को लेकर धरनारत भाकियू श्रमिक जन शक्ति के जिला अध्यक्ष राम सेवक की ओर से देशी शराब और बियर के ठेके को हटाने की मांग की जा रही। भाकियू नेता का मानना है कि संतराम की हत्या का कारण शराब का ठेका ही है। भाकियू नेता की ओर से शराब ठेके 24 घंटे खुले रहने की बात कही गई। भाकियू जिला अध्यक्ष की ओर से कहा गया कि इस मामले में उप जिला अधिकारी मोहनलालगंज और एसीपी द्वारा राजस्व की हानि बताकर शराब ठेका खुलवा दिया गया।

## बिना किसी कारण कर दी पिटाई, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी

लखनऊ । गोसाईंगंज इलाके में कुछ दबंगो ने बिना किसी कारण जाड़क के किनारे अपने परिचितों से बात कर रहे पीड़ित के पिता की पिटाई कर दी। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई।पीड़ित आबिद अली ने बताया कि वह ग्राम खजुहा मजरा रसूलपुर टिकनियामऊ, कोतवाली गोसाईगंज का रहने वाला है। 20 फरवरी को दोपहर करीब 02 बजे मेरे पिता रहमत अली जो गुड्डू निवासी ग्राम खजुहा मजरा रसूलपुर टिकनियामऊ, कोतवाली गोसाईगंज से अपनी कुछ बात चीत कर रहे थे कि वहां पर रिजवान अली, सहनवा अली व सैफ अली निवासीगण ग्राम खजुहा मजरा रसूलपुर टिकनियामऊ, कोतवाली गोसाईगंज के द्वारा आकर बिना किसी कारण पिता को गन्दी गन्दी गालियां देकर लात घूसो व डण्डो से मारा पीटा जिससे पिता को सिर पर चोटे आई है एवं जान से मार देने की धमकी दी है।

# तहसील समाधान दिवस में भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के आरोपों की गूंज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में शनिवार को शिकायतों की भरमार रही। भारतीय किसान यूनियन के नेता अमरेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत मुसपिपरी में प्रधान व सचिव पर सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया।

उन्होंने शिकायत में बताया कि हैंडपंप, स्ट्रीट लाइट, होमपाइप, प्रशासनिक कार्य एवं सफाई जैसे मदों में लाखों रुपये का बंदरबांट किया गया है। आरोप है कि 25 मई 2024 को ल्लपेमेंटक्क के नाम पर 8,81,539 रुपये तथा 29 अप्रैल 2024 को ल्लसीएक्ससीक्क के नाम पर 8,81,539 रुपये का बड़ा भुगतान किया गया, जिसकी पारदर्शिता संदिग्ध है। भाकियू नेता ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इस पर तहसीलदार ने बीडीओ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं जमखनवां गांव निवासी विधवा महिला सुंदरा ने भी समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। महिला ने बताया कि उनके पति के नाम गाटा संख्या 1429 रकबा 1.0430 हे., 488 ख रकबा 0.5310 हे.व गाटा संख्या 1453 रकबा 0.3980 हे. का तालाब 31 अगस्त 2020 को 10 वर्ष के लिए मछली पालन हेतु पट्टे पर आवंटित हुआ था। पति की तीन वर्ष पूर्व मृत्यु के बाद भी वह वर्ष 2024 तक नियमानुसार लगान जमा करती रहीं।महिला का आरोप है कि ग्राम प्रधान ने तालाब से मछली पकड़ने की अनुमति देने के नाम पर 50 हजार रुपये ले लिए, लेकिन इसके बावजूद उन्हें मछली पकड़ने से रोका जा रहा है। साथ ही स्थानीय पुलिस से मिलीभगत कर फर्जी मुकदमे में फंसाने और जेल भेजने की धमकी दी जा रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने नायब तहसीलदार को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। समाधान दिवस में उठे इन मामलों ने ग्राम पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## व्यापार मडंल ने विभिन्न स्थानों पर लगवाये सीसीटीवी कैमरे

लखनऊ । कस्बे में व्यापार मंडल ने अलग-अलग स्थानों पर लगभग आधा दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाए। जिसका फीता काट कर शुभारंभ इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने किया।शुक्रवार को माल व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने व्यापारियों के सहयोग से माल कस्बे में तीन अलग -अलग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये। जिसमें यूको बैंक चौराहा, आर डी के पी इंटर कॉलेज गली, कस्बे में विद्धि मोड़ आदि स्थानों पर कुल आठ सीसीटीवी कैमरे लगाए गये। जिसका शुभारंभ इंस्पेक्टर नवाब अहमद,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामकुमार, ग्राम प्रधानआशुतोष चौरसिया, इस्माइल उर्फ चंदू व व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।कैमरे लगने से असामाजिक तत्वों से सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारियों एवं प्रशासन को सहयोग मिलेगा। इस मौके पर इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने कहा कि व्यापारियों ने मुख्य चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर पुलिस-प्रशासन का सहयोग किया है। मुख्य चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लग जाने से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगने में मदद मिलेगी।

# शादी से पहले थाने-चौकी के चक्कर पैतृक संपत्ति विवाद में फंसी खुशियां

❒ असनहा गांव का मामला, 25 फरवरी को है शादी, पुलिस पर गंभीरता न बरतने के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददात

बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र के असनहा गांव में पैतृक संपत्ति विवाद ने एक परिवार की खुशियों पर ग्रहण लगा दिया है। पवन कनौजिया की शादी 25 फरवरी को तय है, लेकिन वैवाहिक रस्मों की तैयारियों में जुटने के बजाय वह अपनी मां के साथ पुलिस के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

पवन का आरोप है कि बड़े भाइयों द्वारा संपत्ति के बंटवारे को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और शर्तें न मानने पर शादी रुकवाने की धमकी दी जा रही है। इस कारण परिवार में तनाव का माहौल बना हुआ है।पवन कनौजिया ने बताया कि उन्होंने पहले महोना चौकी प्रभारी से शिकायत की थी, लेकिन वहां उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें चौकी से खदेड़ दिया गया। इसके बाद उन्होंने मामले की तहरीर इटौंजा थाना में दी।पीड़िता मां रामादेवी का आरोप है कि पुलिस ने अब तक मामले को पारिवारिक विवाद बताते हुए गंभीरता नहीं दिखाई। वहीं, थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।शादी में अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन परिवार की खुशियों पर अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं। गांव में इस पूरे प्रकरण को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग आपसी समझौते से समाधान निकालने की सलाह दे रहे हैं।





## मामूली कहासुनी में ससुर ने बहू पर किया कुल्हाड़ी से हमला, सिर पर गंभीर चोट



**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिंगवा थाना क्षेत्र के परसऊ गांव में घरेलू विवाद के दौरान ससुर ने अपनी बहू पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया।हमले में 35 वर्षीय बीटाना गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार,शनिवार की शाम करीब पांच बजे परिवार के भीतर किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। इसी बीच विवाद बढ़ गया और गुस्से में आकर ससुर मधुदयाल ने बहू के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। अचानक हुए हमले से बीटाना लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई।घायल महिला के पति सागर ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें उपचार के लिए सौ सैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार महिला के सिर में चोट आई है, फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उपचार के बाद परिजन उन्हें घर ले गए।घटना के संबंध में महिंगवा थाने के प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता ने बताया कि अभी तक पुलिस को कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 60 वर्षीय कल्लू बाबा की हत्या का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**दुबग्गा लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । कोतवाली क्षेत्र में 60 वर्षीय कल्लू बाबा की हत्या के मामले का पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों अंकित तिवारी, राहुल रावत और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार आरोपियों ने कल्लू बाबा की चादर से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। वारदात को छिपाने के उद्देश्य से शव को एक गड्ढे में फेंक दिया गया था। मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।जांच में सामने आया कि 16 जनवरी 2026 को आरोपी अंकित तिवारी की स्कूटी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया था। अंकित को शक था कि कल्लू बाबा और उनके यहां बैठने वाले लोगों ने उसकी स्कूटी जलाई है। इसी रंजिश के चलते उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और घटना को अंजाम दिया।थाना दुबग्गा के प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का अनावरण किया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

**बंथरा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में शुक्रवार की रात करीब 8:00 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। घटना के अनुसार नरेरा गांव निवासी 32 वर्षीय संजय यादव अपनी बाइक से हरौनी स्थित डीआरडीओ रोड से कहीं जा रहे थे इसी दौरान पावर हाउस के पास उन्हें एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें इलाज के दौरान संजय की मौत हो गई। बताते हैं कि संजय राजमिस्त्री का कार्य करते हुए परिवार का भरण पोषण करते थे। मृतक संजय यादव के परिवार में उनकी पत्नी ममता यादव, 10 वर्षीय बेटा साजन और 7 वर्षीय बेटी सौम्या हैं। घटना के बाद कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया लेकिन पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद कार का पता लगा लिया है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## इंटरलॉकिंग पर भरा पानी लोगों का आना जाना दुश्वार



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड माल की बसंतपुर पंचायत में विकास की पोल खोलता इंटरलॉकिंग पर महीनों से भरा पानी। जिससे राहगीरों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जहां सरकार ग्रामीण विकास के नाम पानी की तरह धन खर्च कर स्वच्छता मिशनअभियान को आगे बढ़ाने को प्रोत्साहन दे रही है। वहीं ग्रामीण विकास के जिम्मेदार सरकार की मंशा को पलीता लगाने का काम करते देखे जा रहे हैं। सूबेकी राजधानी की माल विकास खंड की बसंतपुर ग्राम पंचायत के भेलमपुर मजरे में जुम्मा-जुम्मा दो माह पूर्व ही इंटरलॉकिंग लगी थी। जहां लगने के बाद से ही जल भराव की समस्या मुंह बाये खड़ी है, और रास्ता निकलने वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जबकि जिम्मेदार इंटरलॉकिंग लगाने के बाद अपनी पीठ थपथपाते नहीं थकते हैं। इस जलभराव की शिकायत ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से कई बार कर चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के माल ब्लाक में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईएएस रमेश चंद्र वर्मा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं खंड विकास अधिकारी ने किया । मुख्य अतिथि ने बच्चों के स्वास्थ्य ,पढ़ाई के अधिक अवसर एवं अच्छा पोषण देने की बात कही । बच्चों ने सरस्वती वंदना के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सुनीता, सुषमा , अर्चना, अनीता,मीरा त्रिवेदी व शिक्षा में नवाचार करने वाले तथा नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों पद्मा ज्ञान भारती, आशीष चंद्र, मीना वर्मा,अर्चना ,तारा देवी को ट्रॉफी एवं 55 निपुण बच्चों को शिक्षा- किट देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी वंशीधर श्रीवास्तव सीडीपीओ स्वप्निल कुमार, शिक्षक प्रमोद कुमार,जितेंद्र कुमार, आशीष चंद्रा, एआरपी अमित सौम्या, मोहम्मद रियाज सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे ।

# मानदेय बढ़ाने के लिए शिक्षा मित्रों ने व्यक्त किया मुख्यमंत्री का आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत करीब 25 सालों से प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्रों का मानदेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से 10000 से बढ़ाकर 18000 कर दिया गया है। यह निर्णय 20 फरवरी को लिया गया। शिक्षा मित्रो की ओर से मुख्यमंत्री के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया ।

मानदेय बढ़ने की खुशी में आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफ़ेयर एसोसिएशन लखनऊ के जिला अध्यक्ष रामसागर गौतम के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश महामंत्री उमेश कुमार पाण्डेय के आवास पर एकत्रित होकर शिक्षामित्रों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया साथ ही संगठन के महामंत्री को भी उनकी ओर से किए प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया गया। इसी मौके पर संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा उन्हें (महामंत्री को) माला पहनाकर मिठाई भी खिलाई गई ।इस अवसर पर ,प्रदेश मंत्री शिवराज गौतम , मांडलिक मंत्री राधेलाल गौतम ,ब्लॉक बीकेटी महामंत्री अमरनाथ वर्मा , बाबूलाल रावत , कुंज विशाल , सुशील गौतम ,ब्लॉक अध्यक्ष गोसाईगंज संजय शर्मा दीपक कश्यप,अनिल वर्मा, राजीव पाण्डेय सहित तमाम शिक्षामित्रों ने शिक्षामंत्री संदीप सिंह और मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## खेलने गए दो किशोर लापता

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में रह रहे दो किशोर खेलने के लिए निकले जो लापता हो गए। शाम तक घर वापस न आने पर पिता ने सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पहुंच कर बेटे व उसमें दोस्त के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई है।पुलिस के मुताबिक अरूण बंजारे निवासी ईमार गोमती ग्रीन मूल पता ग्रा0 व थाना नवागढ जि0 बेमेतरा छत्तीसगढ का हूँ । पीड़ित ने बताया कि मेरा पुत्र समर बंजारे (14 ) शुक्रवार की सुबह 11 बजे के आस पास अपने दोस्त निखिल यादव के (11) नि0 ग्रा0 सिल्दहा थाना पथरिया जि0 मुगेली छत्तीसगढ वर्तमान पता ईमार गोमती ग्रीन के साथ खेलने गए थे। दोनो ही घर से जाने के बाद अपने घर वापस नही लौटे। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के मुताबिक जब वह मजदूरी करने गया था तो बच्चे घर पर थे दोस्त के साथ खेलने की बात कहकर निकले थे तभी से वापस नही आये।

# बख्शी का तालाब, इटौंजा और सैरपुर में ठेकों पर खुलेआम शराबखोरी

❒ हाईवे किनारे अवैध 'कैंटीन' से बिगड़ रहा माहौल, पुलिस-आबकारी की भूमिका पर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । सीतापुर-लखनऊ हाईवे से सटे क्षेत्रों में संचालित सरकारी अंग्रेजी, देशी और कंपोजिट बियर की दुकानों पर नियमों की खुली अनदेखी का मामला सामने आया है। बख्शी का तालाब, इटौंजा तथा सैरपुर थाना क्षेत्रों में कई ठेकों के बाहर अवैध रूप से कैंटीन जैसी व्यवस्था बनाकर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इटौंजा फ्लाईओवर के पास, बीकेटी क्षेत्र के सरैया बेहड़ा चक्की,इंदौराबाग मोड़, अस्ती क्रॉसिंग और सैरपुर क्षेत्र के छठा मील स्थित अंग्रेजी शराब की दुकानों पर ठेकेदारों ने कुर्सी-मेज लगाकर ग्राहकों के बैठने की स्थायी व्यवस्था कर दी है। शाम ढलते ही हाईवे किनारे 'शराब पार्टी' का नजारा आम हो जाता है।

### आए दिन हो रहे विवाद, बढ़ रहा हादसों का खतरा

दुकानों के बाहर शराब पीने वालों के बीच कहासुनी, गाली-गलौज और मारपीट की घटनाएं आम हो चुकी हैं। राहगीरों, स्थानीय व्यापारियों और महिलाओं ने बताया कि शराबियों के जमावड़े से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन रहा है। हाईवे किनारे बैठकर शराब सेवन करने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।

### नियमों के विरुद्ध संचालित कैंटीन

आबकारी नियमों के तहत खुदरा शराब दुकानों पर शराब पिलाना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद खुलेआम 'ऑन द स्पॉट' सेवन कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब पुलिस और आबकारी विभाग की जानकारी में हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इन अवैध कैंटीनों पर रोक नहीं लगी तो कानून-व्यवस्था की स्थिति और बिगड़ सकती है। लोगों ने जिलाधिकारी व आबकारी विभाग से मांग की है कि संयुक्त टीम बनाकर औचक निरीक्षण किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं। हाईवे किनारे खुलेआम शराबखोरी पर लगाम लगाना अब प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग कब तक इस पर प्रभावी कार्रवाई करते है या किसी बड़ी घटना का इंतजार है।

हाईवे किनारे संचालित शराब दुकानों के बाहर अवैध रूप से कैंटीन बनाकर शराब पिलाने के आरोपों पर जब एसीपी बीकेटी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि किसी भी ठेके पर नियमों का उल्लंघन कर मौके पर शराब सेवन कराया जा रहा है तो यह गंभीर विषय है। संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित कर जांच कराई जाएगी और तथ्य सही पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। हाईवे पर कानून-व्यवस्था और यातायात सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

ज्ञानेंद्र सिंह एसीपी, बीकेटी

''खुदरा शराब दुकानों पर ऑन-द-स्पॉट शराब पिलाना नियम विरुद्ध है। यदि कहीं अवैध कैंटीन या बैठकर शराब सेवन की व्यवस्था पाई जाती है तो संबंधित लाइसेंसधारी के खिलाफ नोटिस जारी कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग समय-समय पर निरीक्षण करता है, फिर भी यदि कहीं चूक हुई है तो संयुक्त टीम बनाकर औचक छापेमारी कराई जाएगी''

राकेश कुमार सिंह, उप आबकारी आयुक्त लखनऊ

# नगर निगम सदन की बैठक में विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम सदन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के समग्र विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर माननीय पार्षदगण, नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की स्थापना पर विचार किया गया, जिससे शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने और ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाया जाएगा।ग्राम हरिहरपुर, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनीनगर स्थित गाटा संख्या 433ख (1.4710 हे0) भूमि को मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ के कार्यालय कॉम्प्लेक्स, आवास एवं गैरेज निर्माण हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पक्ष में पुनर्ग्रहण किए जाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ।ग्राम हरिहरपुर की तालाब खाते में दर्ज भूमि पर छठ पूजा स्थल (घाट) निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम हसनपुर खेवली की भूमि पर शादी घर (कल्याण मण्डप) निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम मस्तेमऊ, तहसील मोहनलालगंज की कुल 1.037 हे0 भूमि पर सीएसआर निधि के अंतर्गत निराश्रित बुजुर्गों हेतु वृद्धाश्रम (ओल्ड एज होम) एवं महिला हॉस्टल निर्माण का निर्णय लिया गया। ग्राम जेहटा एवं ग्राम नटकुर की भूमि पर डॉग शेल्टर होम निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। साथ ही ग्राम हरिहरपुर की गाटा संख्या 479/0.5970 हे0 भूमि पर उत्सव वाटिका/शादी घर (कल्याण मण्डप) बनाए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ।ग्राम अमौसी स्थित लगभग 41.60 एकड़ भूमि के हस्तांतरण तथा शूटिंग रेंज एवं टाउनशिप के नियोजित विकास संबंधी प्रस्ताव को भी सदन की मंजूरी मिली।

# राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत सीतापुर में चयनित किसानों को दिया तकनीकी प्रशिक्षण

❒ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न विकासखंडों में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (NMNF) के अंतर्गत जनपद सीतापुर में चयनित क्लस्टरों के किसानों को प्राकृतिक खेती की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने हेतु व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया, सीतापुर द्वारा आयोजित किए गए तथा कृषि विभाग, सीतापुर द्वारा प्रायोजित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल लागत कम करने , मृदा स्वास्थ्य सुधारने तथा कम लागत में टिकाऊ उत्पादन प्रणाली अपनाने व आत्मनिर्भर किसान बनने के लिए प्रेरित करना रहा। खैराबाद विकासखंड के पकरिया व सरैयासानी क्लस्टर में केन्द्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 दया शंकर श्रीवास्तव द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने खेत में उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग, भूमि के अंदर व भूमि के ऊपर प्राकृतिक विधियों द्वारा कीट एवं रोग नियंत्रण तथा संतुलित पोषण प्रबंधन की विधियों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि प्राकृतिक खेती केवल उत्पादन की पद्धति नहीं, बल्कि एक समग्र दृष्टिकोण है, जिससे मानव स्वास्थ्य, पशुधन संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन को भी लाभ होता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती से संबंधित व्यवहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए गए तथा उन्हें स्वयं जैविक इनपुट तैयार करने की विधियों का प्रदर्शन भी कराया गया। किसानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अनेक किसानों ने अपने खेतों में प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। बिसवां विकासखंड के हथियापुर बधैया व परसेहरा में कार्यक्रम प्रभारी एवं मृदा वैज्ञानिक श्री सचिन प्रताप तोमर द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में पोषक तत्व प्रबंधन, फसल अवशेष प्रबंधन तथा गो आधारित जैविक इनपुट के प्रयोग पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से किसानों को अवगत कराते हुए बताया कि इनके अत्यधिक उपयोग से मृदा की संरचना प्रभावित होती है तथा लागत बढ़ती है, जबकि प्राकृतिक खेती से लागत घटने के साथ उपज की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। लहरपुर विकासखंड के खानपुर मोहौदीनपुर व नब्बापुर क्लस्टर में डॉ. शिशिर कांत सिंह द्वारा किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर फसल चक्र, अंतरवर्तीय फसल प्रणाली, मल्चिंग तकनीक तथा मृदा में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ाने की विधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से मिट्टी की जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है, लाभकारी सूक्ष्मजीव सक्रिय होते हैं तथा फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में दीर्घकालीन सुधार होता है। मिश्रिख विकासखंड इमलिया व सरसई क्लस्टर में डॉ. शुभम सिंह राठौर द्वारा किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों के साथ-साथ खेत स्तर पर प्रयोग किए जाने वाले प्राकृतिक इनपुट, कीट-रोग प्रबंधन के प्राकृतिक उपाय तथा फसल उत्पादन बढ़ाने की वैज्ञानिक विधियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक खेती से दीर्घकाल में भूमि की उर्वरता बनी रहती है तथा कृषि उत्पादन प्रणाली अधिक टिकाऊ बनती है।

# डीएम ने की 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ डीएम ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये

सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को 50 लाख रूपये से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं लम्बित है उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। अनारंभ कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण कराये। लापरवाही करने वाली कार्यदायी संस्थाओं एवं ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक, वसूली एवं ब्लैकलिस्टेड किए जाने की कार्यवाही की जाये।?? जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूर्ण कराया जाये। इसके लिए नियमित रूप से पत्राचार भी किया जाये। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा किसी स्तर से अनावश्यक रूप से कोई भी पत्रावली लम्बित न रखी जाये। पर्यटन विभाग द्वारा नैमिषारण्य क्षेत्र में संचालित समस्त परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराते हुये हस्तानान्तरित कराया जाये। धीमी प्रगाति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगाति में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।?? जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराया जाय। इसके सम्बन्ध में मुख्य सचिव महोदय के शासनादेश में उल्लिखित प्रक्रिया का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। पूर्ण परियोजनाओं को हैंडेड ओवर कराए जाने में किसी भी प्रकार का विलम्ब न किया जाये।

जांच समितियों के स्तर पर लंबित प्रकरणों की जांच तत्काल पूर्ण करते हुए निष्कर्षात्मक जांच आख्या प्रस्तुत की जाय।? जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर फीडिंग का कार्य समय से पूर्ण कराया जाये।? बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डीएम–एसपी ने समाधान दिवस पर तहसील कलान में सुनीं समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। सम्पूर्ण समाधान पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने तहसील कलान के सभागार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना तथा उनका गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तहसील समाधान दिवस में अवैध कब्जा, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन आदि से संबंधित प्राप्त 65 शिकायतों में कुल 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। डीएम ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदन की शिकायत पर एसडीएम कलान को जांच करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का एक सप्ताह में प्राथमिकता पर निस्तारण करें। ताकि एक शिकायत के लिए शिकायतकर्ता को दोबारा संपूर्ण समाधान दिवस में ना आना पड़े। शिकायत निस्तारण में शिकायतकर्ता के साथ मौके पर जाकर समस्या का समाधान किया जाए। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि का फीडबैक जरूर लिया जाए। कहा कि भूमि संबंधित शिकायतों का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व की टीम मौके पर जाकर कराएं। शिकायतकर्ता को बार-बार एक ही शिकायत के लिए चक्कर न लगाना पड़े। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, उप जिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खाद्य विभाग टीम ने चलाया छापेमारी अभियान, दूध, बेसन के लिया नमूना, कचरी–पापड़ को कराया नष्ट

शाहजहांपुर। होली पर्व के दृष्टिगत डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के आदेश और चन्द्रशेखर मिश्रा, सहायक आयुक्त खाद्य।।/ अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागीश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को केरूगंज स्थित जैन मार्केट में छापेमारी की कार्रवाई करते हुए करीब चार कुन्तल खराब कचरी और पापड़ को नष्ट कराया गया। वहीं, आज शनिवार को टीम ने छापेमारी की कार्रवाई करते हुए तहसील पुवायां के तिकुनिया चैराहे पर स्थित गाजी डेरी से मिश्रित दूध का नमूना, अमित किराना स्टोर से बेसन का नमूना और शिवम किराना स्टोर से रंगीन कचरी का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा और करीब 02 कुन्तल रंगीन कचरी को सीज किया। छापेमारी अभियान में खाद्य विभाग की टीम के वरूण कुमार, सौरभ सोनी, मनोज कुमार, अजीत सिंह, मानवेन्द्र कुमार, विनय कुमार यादव आदि मौजूद रहे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा ने बताया कि खाद्य विभाग की कार्रवाई होली पर्व तक जारी रहेगी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में सदन की बैठक सम्पन्न

❒ अवैध प्लाटिंग व 300 वर्ग मीटर से अधिक के आवासीय भवन का नक्शा पास कराकर ही निर्माण कार्य कराएं: वित्त मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत की 12 जुलाई 2025 को कार्रवाई की पुष्टि करते हुए शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, नहर विभाग, कृषि विभाग, जल निगम, स्वास्थ विभाग, जिला पूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला पंचायतराज अधिकारी विभाग एवं लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वो जिला पंचायत सदस्यों के प्रस्ताव कार्य को प्राथमिकता के अनुसार पूर्ण कराएं।

अपर मुख्य अधिकारी ने जिला पंचायत के पुनरीक्षित वजट आय पक्ष 2025-26 अंकन 767181225/- एवं मूल वजट 2026-27 अनुमान 532269740/- एवं व्यय पक्ष हेतु पुनरीक्षित वजट 2025-26 अंकन 767181225/- एवं मूल अनुमान वर्ष 2026-27 हेतु अंकन 532269740/- का पास हुआ। इसी क्रम में ब्लाकों से प्राप्त कर सूचि एवं मनरेगा वजट जिसमें 5254546 मानव दिवस एवं धनराशि 22069.09/- लाख रुपये का पारित किया गया। अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि खनन परिवहन शुल्क के माडल शासन से प्राप्त माडल उपविधि सदन की स्वीकृति हेतु रखा गया। जिसमें खनन स्थल से 100 मीटर की दूरी तक जिला पंचायत खनन परिवहन शुल्क वसूल करेगी। बैठक में आईजीआरएस/याचिका समिति से प्राप्त प्रस्तावों को सदन के समक्ष प्रस्तत किया गया। सदन ने उक्त प्रस्तावों को अस्वीकृत कर दिया। कहा कि जिला पंचायत को संकुचित धनराशि ही प्राप्त होती है, जिससे जिला पंचायत सदस्यों के कार्य ही पूर्ण नहीं हो पाते हैं, तो अधिक धनराशि के कार्य कैसे कराएं जा सकते हैं। बैठक में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि अपने क्षेत्र में होने वाली अवैध प्लाटिंग एवं 300 वर्ग मीटर से अधिक के आवासीय भवन का नक्शा पास कराकर ही निर्माण कार्य कराएं। अपर मुख्य अधिकारी ने कहा कि अवैध प्लाटिंग व निर्माण कार्य पर अर्थदंड के साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में ददरौल विधायक अरविन्द सिंह, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, तिलहर विधायक सलोना कुशवाह, एमएलसी सुधीर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव सहित तमाम जिला पंचायत सदस्य और ब्लाक प्रमुख सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लखीमपुर खीरी में प्रशासनिक न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, परखी व्यवस्थाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए शनिवार को मा. प्रशासनिक न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद (लखनऊ बेंच) राजीव सिंह ने जिला जज शिव कुमार सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग संग जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान सीजेएम प्रमोद कुमार यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार कुशवाहा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार कुशवाहा मौजूद रहे।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने पुरुष और महिला बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

महिला बंदी ग्रह में निरुद्ध महिलाओं को साड़ी, उनके शिशुओ को गिफ्ट उपहार भेंट किए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने बंदियों से जाना कि वह किस मुकदमे में और कब से निरुद्ध है। उन्होंने बेल, पैरवी और हिस्ट्री टिकट की जानकारी ली। इस दौरान प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने जेल बैरक, अस्पताल आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों, महिला बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। चिकित्साधिकारी डॉ पंकज कुमार ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती मरीजो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर सहित कारागार प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने जेल में संचालित गौशाला देखी, डीएम की पहल की सराहना

प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने न्यायिक व प्रशासनिक अफसर के साथ जिला कारागार में संचालित गौशाला देखी। न्यायमूर्ति के पूछने पर कारागार अधीक्षक ने अवगत कराया कि यह डीएम की अभिनव पहल पर शुरू की गई है। न्यायमूर्ति ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। इस दौरान गोवंश को फल भी खिलाए।

# मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल कराने तथा मतदाता सूची को शुद्ध करने के उद्देश्य से 22 फरवरी को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अभियान में प्रत्येक मतदेय स्थल पर प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक बीएलओ उपस्थित रहेंगे। जिनके पास 06 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा पर्याप्त संख्या में सभी फार्म उपलब्ध रहेंगे। प्रत्येक मतदान केन्द्र में हेल्प डेस्क पर मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता की जाएगी। अभियान को सफल बनाने में सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने पर्यवेक्षण के लिए समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भ्रमणशील रहते हुए विशेष अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं और लोगों से अपील की है कि 22 फरवरी को अपने बूथ पर जाकर अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांच लें और अगर किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं है अथवा ऐसे सदस्य जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, उनका भी फार्म 06 घोषणा पत्र सहित भरवाकर अपने बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा दें। इसके अलावा मोबाइल एप्लीकेशन या पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आलेख्य मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए भी फॉर्म भरा जा सकता है।

## पहाड़ापुर में भक्ति और उल्लास का संगम, श्री खाटू श्याम मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा

**महमूदाबाद , सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद सीतापुर के थाना महमूदाबाद क्षेत्र के खालगांव के पहाड़ापुर गांव में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अत्यंत धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा और ऌश्याम बाबा की जयङ्क के जयकारों से गांव गुंजायमान हो उठा।मंदिर के सेवक मोहित यादव एवं हिमांशु यादव के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत विधि–विधान पूर्वक पूजन–अर्चन से हुई। इसके पश्चात भव्य नगर भ्रमण, पदयात्रा एवं निशान यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु हाथों में ध्वज व निशान लेकर भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ते रहे जगह–जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा की पावन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इसके उपरांत आयोजित श्याम संकीर्तन में भजन गायकों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देर रात तक चले संकीर्तन में भक्त झूमते नजर आए और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।महोत्सव के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों सहित दूर–दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सामाजिक समरसता और एकता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान चंद्र पाल यादव, अंकुश यादव, रामेंद्र यादव, वीर बहादुर, अनुज यादव, अनूप सूरज, शंकर बख्श सिंह, विश्वनाथ, सुरेश सिंह, सुनीता देवी, मो. अयूब, अरुण कुमार, जितेंद्र कुमार, रंजीत यादव, धर्मेंद्र कुमार, मनोज पासवान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र की आस्था और एकजुटता का प्रतीक बताया।भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था को नई ऊर्जा दी, बल्कि पूरे क्षेत्र में भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश भी प्रसारित किया।

## महोली विधायक, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में मा0 विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक–एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 83 शिकायतों में से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील बिसवां में प्राप्त 13 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील सिधौली में प्राप्त 94 प्रार्थना पत्रों में से 12, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 20 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील सदर में प्राप्त 30 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 31 प्रार्थना–पत्रों में से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक निलंबित, 02 अनुदेशकों को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर कंपोजिट विद्यालय सराय काइयां के इंचार्ज प्रधानाध्यापक शोभित श्रीवास्तव को निलंबित किया गया है। इसके अलावा भावलखेड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय ददिउरा में अनुदेशक रुचि सिंह और उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरसंडा की अनुदेशक सावित्री देवी को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने के क्रम में इंचार्ज प्रधानाध्यापक शोभित श्रीवास्तव को कार्यालय से तीन नोटिस जारी किए गए, लेकिन उन्होंने किसी भी नोटिस का जवाब संतोषजनक न दिया। जिस कारण विभागीय अधिकारियों के आदेश पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक शोभित श्रीवास्तव को निलंबित किया गया। वहीं, निर्वाचन कार्यों में सहयोग न करने एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों का अनुपालन न किए जाने पर अनुदेशक रुचि सिंह और सावित्री देवी की सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है।

# लखीमपुर खीरी के 1123 किसानों के खातों में फसल बीमा योजना की राशि



❒ मुख्यमंत्री ने जिले के आपदा मित्रों को प्रदान की बीमा पॉलिसी, किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शनिवार को राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान जनपद लखीमपुर खीरी के पीएम फसल बीमा योजना के 1123 लाभार्थियों के खातों में 26,06,225.05 रुपये ऑनलाइन हस्तांतरित किए गए। साथ ही जिले के 09 आपदा मित्रों को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से बीमा पॉलिसी प्रदान कर सम्मानित किया।युवा आपदा मित्रों का दल डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में सुबह ही बस के जरिए लखनऊ पहुंचा। इस दल में एसडीएम शुभेंदु शेखर के साथ युवा आपदा मित्र हाजरा फातिमा, विवेक पाल, शोभित कुमार चौहान, दीक्षा वर्मा, सुखमन कौर, नीरज कुमार, पलक मिश्रा, मीनू देवी और महक श्रीवास्तव शामिल रहे।लखीमपुर खीरी में एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल के माध्यम से लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कार्यक्रम में वर्चुअली हिस्सा लिया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में लाभार्थियों ने कार्यक्रम को लाइव देखा और मुख्यमंत्री के संदेश को सुना।कार्यक्रम में लाभार्थियों के खाते में राशि के ऑनलाइन हस्तांतरण और आपदा मित्रों के सम्मान ने जिले में खुशियों की लहर दौड़ा दी।

# डीएम की पहल : 1.136 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ घोसियाना मुक्तिधाम मार्ग, जनता को समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। अंतिम यात्रा-एक ऐसा क्षण, जहाँ हर कदम संवेदना से भरा होता है और हर रास्ता सम्मान की अपेक्षा करता है। लेकिन घोसियाना मुक्तिधाम तक जाने वाला जर्जर मार्ग वर्षों से इस अंतिम विदाई को भी कष्टदायक बना रहा था। टूटे-फूटे रास्ते और फिसलन ने शोक संतप्त परिजनों की पीड़ा को और बढ़ा दिया था। आमजन की इस व्यथा को गंभीरता से लेते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इसे केवल सड़क निर्माण का विषय नहीं, बल्कि मानवीय जरूरत मानकर समाधान का संकल्प लिया, जो अब धरातल पर साकार हो चुका है।

क्रिटिकल गैप, विकास शुल्क निधि और क्षेत्र पंचायत निधि की कन्वर्जेंस से कुल 1.136 करोड़ रुपये की लागत में तैयार इस मार्ग का लोकार्पण विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रमुख (क्षेत्र पंचायत) दिव्या सिंह के साथ किया। इस कार्य को कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग एवं क्षेत्र पंचायत लखीमपुर ने समय पर पूरा किया। डीएम ने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि जनहित और मानवीय संवेदना का विषय है। वर्षों से क्षतिग्रस्त इस मार्ग पर अब 660 मीटर लंबाई में सीसी सड़क, दोनों ओर पटरी इंटरलॉकिंग और नालियों का निर्माण कर, अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले शोक संतप्त परिजनों और आमजन के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित किया गया है। अब पलिया व निघासन की ओर से आने वाले वाहन सीधे मार्ग का उपयोग कर सकेंगे, जिससे महेवागंज, मेला मैदान और इमली चौराहा क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा और सड़क यात्रा अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगी। इस कार्य को देखकर स्थानीय लोग भावुक हुए और डीएम की सक्रियता की जमकर सराहना की। एक स्थानीय ने कहा कि अब अंतिम यात्रा के दर्द में कुछ सहजता और सम्मान जुड़ गया है।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि मुक्तिधाम मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को अब सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। उहोंने मंच से घोषणा की कि जल्द ही मुक्तिधाम से सड़क मार्ग के जरिए सेटघाट को जोड़ा जाएगा। इससे मुक्तिधाम से सेटघाट होते हुए सैधरी तक नया संपर्क मार्ग तैयार होगा, जो क्षेत्रवासियों के आवागमन को और अधिक सुगम बनाएगा। प्रमुख क्षेत्र पंचायत दिव्या सिंह ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी तरुणेन्द्र त्रिपाठी, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बताते चलें कि घोसियाना- मुक्तिधाम मार्ग के साथ ही डीएम की पहल पर गढ़ी मार्ग अब सैंधरी बाईपास से शहर को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग बन गया है।

# खेती में लाल सोना उगा रहे संभल के किसान, स्ट्रॉबेरी की मिठास बदलेगी तकदीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**परंपरागत फसलों से 10 गुना ज्यादा मुनाफा, जिले में 100 हेक्टेयर तक पहुंचा रकबा**

संभल । गेहूं और धान की लकीर के फकीर बने रहने के दिन अब लद गए हैं। संभल जिले के किसानों के भीतर अब कुछ 'खास' करने की अलख जागी है। मिट्टी से सोना उगाने वाले यहां के अन्नदाता अब स्ट्रॉबेरी की खेती के जरिए अपनी तकदीर बदल रहे हैं। स्ट्रॉबेरी विकास योजना के तहत इस साल जिले के 35 किसानों ने इस विदेशी फल की बागवानी का बीड़ा उठाया है। सरकार की ओर से मिले 25 हेक्टेयर के लक्ष्य और किसानों के निजी प्रयासों से जिले में लगभग 100 हेक्टेयर जमीन पर स्ट्रॉबेरी की लाली बिखर रही है।

लागत ज्यादा, पर मुनाफ़े की गारंटी

जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने बताया कि स्ट्रॉबेरी की खेती अन्य पारंपरिक फसलों के मुकाबले महंगी जरूर है, लेकिन इसका मुनाफा किसानों को मालामाल कर देने वाला है। एक हेक्टेयर में लगभग 12 से 13 लाख रुपये की लागत आती है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा लेबर कॉस्ट और पुणे व हिमाचल से आने वाले उच्च गुणवत्ता के पौधों का होता है। हालांकि, दिल्ली की आजादपुर मंडी पास होने के कारण किसानों को बाजार की चिंता नहीं रहती। बेहतर भाव मिलने पर किसान प्रति हेक्टेयर 7 से 8 लाख रुपये तक की शुद्ध आमदनी आसानी से कर लेते हैं।

सब्सिडी का गणितः किसानों को मिल रहा है सरकारी 'संबल'

उद्यान विभाग और सरकार की ओर से ड्रिप सिंचाई और मलचिंग एवं पौध आदि इनपुट के लिए सब्सिडी दी जा रही है, जो इस महंगी खेती को सुगम बनाती है। लघु एवं सीमांत किसान के लिए 90% तक व सामान्य श्रेणी (2 हेक्टेयर से अधिक) पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाती है।

किसान की जुबानीः 10 गुना अधिक कमाई

प्रगतिशील किसान कुलदीप ने बताया कि एक एकड़ में पहली बार फसल लगाने पर लागत 6.5 से 7 लाख रुपये आती है, जो दूसरे साल घटकर 6 लाख रह जाती है। कुलदीप के अनुसार, स्ट्रॉबेरी की पहली फसल बाजार में बहुत ऊंची कीमत पर बिकती है; 2 किलो की एक ट्रे 700 से 1200 रुपये तक मिल जाती है। जहां पारंपरिक खेती में अधिकतम आमदनी 70 हजार से 1 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर सिमट जाती है, वहीं स्ट्रॉबेरी से किसान 5 से 6 लाख रुपये की शुद्ध बचत कर रहे हैं। यह कमाई परंपरागत खेती से 10 गुना ज्यादा है।

महाबलेश्वर से आते हैं पौधे, इन शहरों में है भारी मांग

इस खेती के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पौधे महाबलेश्वर (पुणे) से मंगाए जाते हैं। संभल की स्ट्रॉबेरी की मांग केवल दिल्ली में ही नहीं, बल्कि कोलकाता, जयपुर, चंडीगढ़, मुरादाबाद, लखनऊ, देहरादून और मेरठ जैसे बड़े शहरों में भी है। फसल का चक्र 20 सितंबर से शुरू होकर मार्च तक चलता है, जिसकी तुड़ाई जनवरी से शुरू हो जाती है। इस बार जिले के 75 प्रतिशत नए किसान इस खेती से जुड़े हैं।

प्रशिक्षण से निखरेगी खेती

किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए सरकार एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। कृषि विज्ञान केंद्र और ग्राम चौपाल और किसान गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों विशेषज्ञों और अनुभवी वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मलचिंग तकनीक और ड्रिप सिंचाई के गुर सिखाए जा रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया वार्षिक निरीक्षण पटल सहायकों को अभिलेख दुरुस्त करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न पटल/अनुभागों का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय निकाय अनुभाग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन, आबकारी और वाद, परिवाद, भूमि व्यवस्था, राजस्व सहायक पटल, राजस्व अभिलेखागार, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय, भूलेख कार्यालय, नजारत, स्टांप और शस्त्र अनुभागों का गहन निरीक्षण किया और इन सभी अनुभागों में होने वाले प्रशासनिक कार्यों की प्रगति के बारे में संबंधित प्रभारी अधिकारी और पटल सहायकों से जानकारी ली तथा जरूरी निर्देश दिए।

स्थानीय निकाय अनुभाग में उन्होंने बजट की उपलब्धता और व्यय की स्थिति के बारे में जानकारी ली और कहा कि आगत और निर्गत रजिस्टर व्यवस्थित किया जाए साथ ही डाक रजिस्टर में भी सभी प्रविष्टियां स्पष्ट रूप से दर्ज होनी चाहिए।

ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण की स्थिति के बारे में अभिलेखीय परीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी ऑडिट आपत्तियां जो थोड़े प्रयास मात्र से ही निस्तारित हो सकती हैं उन्हें अनावश्यक लंबित रखने के बजाय यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए साथ ही महालेखाकार कार्यालय से प्राप्त ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण के प्रति विशेष गंभीरता बरती जाए। राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति संबंधी पंजिका के अवलोकन के दौरान कई वर्षों से लंबित वाद के संबंध में उन्होंने एडीएम प्रशासन से जानकारी ली और कहा कि तहसीलों से समन्वय करके निस्तारण में तेजी लाई जाए। परिवाद पटल के निरीक्षण के दौरान पटल पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों के रजिस्टर में व्यवस्थित रूप से दर्ज न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कहा कि मा. मुख्यमंत्री कार्यालय सहित शासन स्तर के विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री कार्यालय, मा. उप मुख्यमंत्री कार्यालय, मा. मंत्रीगण और मा. जनप्रतिनिधियों के स्तर से प्राप्त होने वाले पत्रों की गंभीरता के दृष्टिगत अभिलेखीय दुरुस्तीकरण के लिए अलग अलग रजिस्टर व्यवस्थित किए जाएं ताकि प्रत्येक प्रकरण का समय से निस्तारण और सूचनाओं का प्रेषण हो सके। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी ने एनएच सहित विभिन्न प्रयोजनों के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली जमीनों के सापेक्ष मुआवजा दिए जाने की स्थिति और मुआवजा देने के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया कि अभिलेखों के रखरखाव में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सूचनाओं के आदान प्रदान में समयबद्धता का गंभीरतापूर्वक पालन होना चाहिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती संगीता गौतम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय और अपर जिलाधिकारी नगर सुश्री ज्योति सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।

# 27 फरवरी को वृहद रोजगार मेला 50 से अधिक कंपनियां लेंगी भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बदायूँ एवं समन्वय कौशल विकास मिशन के सहयोग से 27 फरवरी 2026 को प्रातः 09:00 बजे से वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र की लगभग 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से विभिन्न पदों पर साक्षात्कार/चयन की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक एवं कौशल विकास डिप्लोमा निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 27 फरवरी 2026 को प्रातः 09:00 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बदायूँ में अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा (कम से कम 05 प्रतियां) एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करें।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने जनपद के अधिकाधिक बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की है कि वे इस रोजगार मेले में प्रतिभाग कर अवसर का लाभ उठाएं।

## शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक

बदायूँ। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने तहसील बिल्सी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 35 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 03 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया व शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, विद्युत, नगर पालिका परिषद, पुलिस व अन्य विभागों के कुल 35 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 03 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया व शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर एसएसपी, एसडीएम, तहसीलदार बिल्सी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मेगा ऋण वितरण कैम्प का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जनपद में युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीएम युवा योजना मेगा ऋण वितरण कैम्प का आयोजन हिन्दू डिग्री कॉलेज मुरादाबाद में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त आयुक्त उद्योग, योगेश कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त द्वारा लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त उद्योग, दीपेंद्र कुमार द्वारा कराया गया। कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत सिंह रावत तथा उनकी टीम द्वारा भी लाभार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत युवाओं को ऋण संबंधी जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। संयुक्त आयुक्त द्वारा अपने सम्बोधन में युवाओं को स्वरोजगार अपनाने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया, उन्होंने बताया कि आपको नौकरी लेने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनना है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अपने सम्बोधन में बताया कि पश्चिमी उ.प्र. में अवस्थापना तथा निवेश काफी मात्रा में किया जा रहा है जिसका लाभ यहां के युवा अपना उद्यम स्थापित कर अवसर का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में सीएम युवा ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं उपस्थित युवाओं को ऐप डाउनलोड भी कराया गया। उन्होंने बताया कि यह एक नया क्रांतिकारी कदम साबित होगा, जिसके माध्यम से सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में पंजीकरण से लेकर ऋण वितरण तक की पूरी प्रक्रिया की हैंड होल्डिंग ऐप के जरिए सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में योजना के लाभार्थी रंजीत सिंह तथा सचिन द्वारा अपने स्थापित उद्यम के विषय में सफलता की कहानी साझा की। कार्यक्रम में योजना के अंतर्गत 22 लाभार्थियों को चैक वितरण किये गये जिनमें प्रमुख रूप से प्रमोद सैनी - रू0 5.00 लाख, मनी गुप्ता- रू0 4.25 लाख, समक्ष धारीवाल रू0 4.74 लाख, मौ0 नूर मोहम्मद रू0 5.00 लाख, सचिन रू0 5.00 लाख, मौ0 नाजिम रू0 4.25 लाख आदि लाभार्थियों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से कुल 90 लाख रुपए के चैक वितरण किये गये। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिनमें एलडीएम पंकज शरण, भारतीय स्टेट बैंक से मनोज कुमार, चीफ मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक से प्रवीण शाक्य, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से अरूण कुमार, जिला समन्वयक, बैंक आफ इण्डिया से अभय रस्तौगी, यूको बैंक से सुनील कुमार शर्मा, इंडियन बैंक से सचिन कुमार, केनरा बैंक से महेश कुमार, सीनियर मैनेजर, मोहित कुमार सीनियर मैनेजर, सूरज कुमार, संतोष तिवारी एवं अमित कुमार शाखा प्रबन्ध भी मौजूद रहे और यूनियन बैंक आफ इण्डिया से यश चौधरी, बैंक आफ बड़ौदा से, प्रतीक कुमार सिंह, धीरेन्द्र कुमार सिंह, मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक से नितीश कुमार राय, शिवम शुक्ला मैनेजर भी उपस्थित रहे एवं जिला उद्योग केंद्र से योगेश कामेश्वर, सहायक आयुक्त उद्योग एवं नेहा, सहायक आयुक्त उद्योग एवं सीएम युवा फ़ेलो मधुर गुप्ता, हर्ष सैनी के साथ-साथ अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

सम्भल कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 21.2.2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई व गोविंद बल्लभ पंत प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र चंदौसी की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का सामना करने में सक्षम हों। प्रशिक्षक सुरेश कुमार, रितेश, संतराम व महिला खिलाड़ी पूर्वी राघव ने छात्राओं को टर्निंग किक, साइड फ़ेस किक, हुक पंच की ट्रेनिंग दी। सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं बड़ी ही लगन से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हैं तथा काफी संख्या में उपस्थित हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके ।

## 22 फरवरी को मेगा शिविर का शुभारंभ करेंगे न्यायमूर्ति नीरज तिवारी

**जिला जज ने मेगा शिविर की परखीं तैयारियां**

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता । पंचायत भवन, मुरादाबाद में 22 फरवरी को मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर के सफल आयोजन हेतु जनपद न्यायाधीश सै0 माऊज़ बिन आसिम के मार्गदर्शन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी के निर्देशन में आज दिनांक 20-02-2026 को तहसील कांठ, सदर, ठाकुरद्वारा एवं बिलारी में प्री-कैम्प आयोजित किये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 फरवरी का शुभारंभ प्रातः 10-30 बजे से बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित न्यायमूर्ति नीरज तिवारी करेंगे। इससे पूर्व न्यायमूर्ति नीरज तिवारी द्वारा दिनांक 21-02-2026 को जनपद न्यायालय मुरादाबाद परिसर से न्यायरथ को प्रचार हेतु रवाना करना प्रस्तावित है। शिविर का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया जाना है। मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाने लगा है। जिला जज सै0 माऊज़ बिन आसिम ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। जिला न्यायाधीश ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए कार्यक्रम को सफल और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साफ सफाई, स्टाल, मंच सज्जा, पानी, जलपान, लाभकारियों को मिलने वाले लाभ के लिए अपना संपूर्ण योगदान देने को प्रेरित किया।

## होलिका दहन से पहले ही खुराफाती ने होली में लगा दी आग, गांव में फैला आक्रोश

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । गांव डरेला में किसी खुराफाती ने होलिका में आग लगा दी। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आपको बता दें कि थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव में असामाजिक तत्व ने होली में समय से पूर्व ही आग लगा दी। इससे गांव में तनाव फैल गया। ग्रामीणों ने घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर खुराफातियों पर कार्रवाई की मांग की है। इधर, पुलिस ने दोबारा होली रखवाने की बात कही है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव डरेला में अन्य गांवों की भांति होली रखी गई है। लोग उत्साह के साथ प्रतिदिन होली पर लकड़ी व उपले आदि डालकर होली बढ़ाने में लगे हुए हैं। शुक्रवार की रात गांव डरेला में रखी होली को किसी खुराफाती ने आग लगा दी। होलिका दहन से पूर्व होली जली तो लोग इकट्ठे हो गए और विरोध जताने लगे। गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। गांव के कुछ संभ्रांत लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। वहीं थाना फैजगंज बेहटा के इंस्पेक्टर मनोज कुमार वर्मा ने इस घटनाक्रम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

## स्कूटी को साइड न देने पर युवक ने तीन लोगों को दौड़ाकर पीटा, आरोपी गिरफ्तार

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । कस्बा रुदायन में युवक ने तीन लोगों को सरेराह दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आपको बता दे कि इस्लामनगर थाना क्षेत्र के कस्बा रुदायन में मामूली विवाद में तीन लोगों की पिटाई का मामला सामने आया है। स्कूटी सवार एक युवक ने तीन व्यक्तियों को सरेराह दौड़ाकर पीट दिया। मामला 15 फरवरी अपराह्न करीब दो बजे का बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अब इसका वीडियो सामने आया है। हालांकि इस वीडियो के सत्यता की पुष्टि संवाद न्यूज एजेंसी नहीं करती है। सहसवान निवासी अब्दुल सलाम अपने दो साथियों के साथ रुदायन कस्बे से होकर गुजर जा रहे थे। इसी दौरान वार्ड नंबर आठ रुदायन निवासी अक्षय कुमार उर्फ छोटू स्कूटी पर पीछे से आया और हॉर्न बजाया। रास्ता न देने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोपी अक्षय कुमार ने गाली-गलौज करते हुए तीनों पीड़ितों को सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बीच सड़क पर हुए इस हंगामे से मौके पर अफरातफरी मच गई। तीनों पीड़ितों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें आरोपी युवक को मारपीट करते और पीड़ितों को भागते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने मामले में चोट पहुंचाने और मारपीट करने से संबंधित धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## 26 फरवरी को प्रतिनिहित विधायन समिति की प्रथम उप समिति का जनपद में होगा निरीक्षण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2025-2026) की प्रथम उप समिति द्वारा बरेली मण्डल एवं मुरादाबाद मण्डल के अंतर्गत जनपदों का जांच/निरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 फरवरी 2026 (गुरुवार) को उप समिति जनपद बदायूँ का भ्रमण करेगी। कार्यक्रमानुसार 26 फरवरी को एक बजे बदायूँ में आगमन होगा, दोपहर 02:00 बजे उप समिति द्वारा जनपद बदायूँ में राज्यकर विभाग, पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग के जनपदीय अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श/स्थलीय निरीक्षण कर सांय 04:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी तथा रात्रि 22:00 बजे लखनऊ आगमन प्रस्तावित है।

# मुख्यमंत्री ने बदायूँ के किसानों को योजनाओं से किया लाभांवित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश ने कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी कृषकों/परिवारों को क्षतिपूर्ति सहायता राशि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एनआईसी में आयोजित किया गया। लाभान्वित होने वाले किसानों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बदायूँ के 05 लाभार्थियों को 01 लाख 78 हजार 295 रुपए से तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में 06 लाभार्थियों को 30 लाख रुपए की धनराशि लाभांवित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत प्रतिपूर्ति के रूप में मा0 मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से मूलचन्द ग्राम-भरतपुर, विकासखण्ड आसफपुर को रू0 36323, मितान सिंह ग्राम-भरतपुर, विकास खण्ड आसफपुर को रू0 37061, मुनेन्द्र पाल ग्राम-नगरिया अभय विकास खण्ड म्याऊँ रू0 को 36117, शिवराज सिंह ग्राम भरतपुर, विकास खण्ड आसफपुर रू0 37555, राकेश कुमार ग्प्रम बनकोटा, विकास खण्ड वजीरगंज रू0 31239 को क्षतिपूर्ति की धनराशि खातों में प्रेषित की गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में 06 लाभार्थियों में प्रत्येक को 05-05 लाख रुपए कुल 30 लाख रुपए की धनराशि लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कल्पना जायसवाल, परियोजना निदेशक (डी0आर0डी0ए0) अखिलेश कुमार चौबे, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत उपस्थित रहे।

# बदायूं से होकर गुजरेगी मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम विशेष गाड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। होली के मद्देनजर रेलवे ने बदायूं और बरेली होते हुए लंबी दूरी की आठ और ट्रेनों की घोषणा की है। अब तक बरेली होते हुए 36 विशेष ट्रेनों की समय सारिणी जारी कर उनमें बुकिंग शुरू कर दी गई है। इससे होली पर यात्रियों को सहूलियत मिलने की उम्मीद है। 09075 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम विशेष गाड़ी 26 फरवरी से 26 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से सुबह 10:55 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 9:46 बजे बदायूं पहुंचेगी। यहां से 10:45 बजे बरेली जंक्शन आएगी और दोपहर 2:30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी। 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल विशेष गाड़ी प्रत्येक बृहस्पतिवार को शाम 7:30 बजे काठगोदाम से चलने के बाद रात 8:42 बजे बरेली जंक्शन, 9:26 बजे बदायूं आएगी और अगले दिन रात 8:55 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। 04530 सरहिंद-मधुबनी विशेष गाड़ी 25 फरवरी, दो और छह मार्च को सरहिंद से दोपहर एक बजे चलने के बाद रात 9:15 बजे बरेली आएगी और अगले दिन शाम सात बजे मधुबनी पहुंचेगी। 04529 मधुबनी-सरहिंद विशेष गाड़ी 26 फरवरी, तीन और सात मार्च को मधुबनी से रात 11 बजे चलने के बाद अगले दिन रात नौ बजे बरेली आएगी और तीसरे दिन तड़के 5:15 बजे सरहिंद पहुंचेगी। 04610 अमृतसर-मानसी जंक्शन विशेष गाड़ी 24, 28 फरवरी और तीन मार्च को अमृतसर से रात 8:10 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 7:30 बजे बरेली आएगी और रात 2:30 बजे मानसी जंक्शन पहुंचेगी। 04609 मानसी जंक्शन-अमृतसर विशेष गाड़ी 26 फरवरी, दो और छह मार्च को मानसी जंक्शन से सुबह चार बजे चलने के बाद रात 12:23 बजे बरेली आएगी और अगले दिन दोपहर 1:15 बजे अमृतसर पहुंचेगी।

# आज एसआईआर अन्तर्गत होगा विशेष अभियान दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के निर्देशानुसार मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 06-03-2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जानी है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा 22 फरवरी 2026 (रविवार) को समस्त पदाभिहीत स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसमें समस्त पदाभिहीत अधिकारी अपने-अपने बूथ पर पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे तक उपस्थित रहकर दावे/आपत्तियां प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे तथा पदाभिहीत स्थलों पर ही बूथ लेवल अधिकारी पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे तक उपस्थित रहकर दावे/आपत्तियां प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। इस विशेष अभियान दिवस में पदाभिहीत स्थल/मतदान केन्द्र पर पदाभिहीत अधिकारी उपस्थित रहकर 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली के साथ साथ दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित सभी प्रकार के फार्मों यथा फार्म-6 (घोषणा पत्र सहित), फार्म-7 एवं फार्म-8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेगें। विशेष अभियान दिवस में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी बूथ लेवल अधिकारियों, सुपरवाइजरों तथा पदाभिहीत अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगें। इस विशेष अभियान दिवस का सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्शों पर लाउडस्पीकर लगवाकर अथवा डुगडुगी बजवाकर भी किया जायेगा।

साथ ही साथ सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेन्टों को भी उक्त तिथियों के बारे में अवगत कराते हुए उनका सहयोग प्राप्त किया जाये एवं सभासद, ग्राम प्रधान, वॉलेन्टियर को उक्त विशेष अभियान के संबंध में अवगत कराते हुए यथासंभव नियमानुकूल सहयोग प्रदान किया जाये।

# जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**तहसील सम्भल के सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

संभल (बहजोई) । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में तहसील सम्भल के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील सम्भल में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता विद्युत संभल, जीएमडीआईसी,अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना निरीक्षक को स्पष्टीकरण जारी करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार प्रजापति की शिकायत कि कानूनगो द्वारा आराजी की निशान देही नहीं की जा रही है पर जिलाधिकारी द्वारा लापरवाही बरतने पर संबंधित कानूनगो संभल नगर क्षेत्र पंकज गुप्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह,सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज बिश्नोई सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 21 करोड़ क़े बैंक घोटाले में मोबाइल बंद कर फरार 15 आरोपी, पुलिस की तलाश तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । कोऑपरेटिव बैंक में इक्कीस करोड़ रुप ये के घोटाले के मामले में पंद्रह आरोपी 39 दि न बाद मोबाइल बंद करके फरार है।पुलिस मो बाइल बंद होने के कारण उनकी लोकेशन नहीं निकाल पा रही है। मामले में 16 आरोपी बनाए गए थे। एक मुख्य आरोपी को पुलिस अब तक गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है,हालांकि पुलिस टीमें अन्य जिलों में आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रहीं हैं।पुलिस का दावा है कि ज ल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।कोऑपरेटिव बैंक की स्टेशन रोड़ महा रानीगंज शाखा में इक्कीस करोड़ सैतालीस ला ख 78 हजार रुपये के बड़े घोटाले का राजफा श हुआ था।इसके बाद महाप्रबंधक की तहरीर पर सोलह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।इस मामले में तीन तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन पाल,अजय कुमार और सुशील कुमार,कैशियर पवन कुमार के अलावा की खा ताधारक में से गोंडा जिले क़े एक बीजेपी विधा यक क़े करीबी का नाम जद किए गए थे। इस मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए प्रबंधक पवन पाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।वि वेचक सभाजीत सिंह मामले से संबंधित आव श्यक दस्तावेजों समेत अन्य पहलुओं की बारी की से जांच कर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि मामले में अन्य पंद्रह फरार आरोपियों ने पु लिस से बचने के लिए मोबाइल बंद कर रखा है जिससे उनकी लोकेशन का सटीक पता नहीं च ल रहा है।मोबाइल नंबर बंद होने के कारण आ रोपियों की लोकेशन नहीं मिल पा रही है। नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिर फ्तार कर जेल भेजा जाएगा।पुलिस इन आरो पियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी का र्रवाई कर सकती है।

# ब्लॉक वजीरगंज में मनरेगा योजना में की जा रही सरकारी धन की बंदरबांट

**मस्टर रोल में खेल कर अतिमहत्वाकांक्षी योजना को लगाया जा रहा पलीता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । योगी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जहां एक तरफ जीरो टॉलरेंस का दावा करती है, वहीं जिले में तैनात अधिकारी सरकार की इस नीति को ठेंगा दिखाते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में जुटे हुए हैं। इस लूट में सरकारी मशीनरी के अलावा कहीं न कहीं चुने हुए जनप्रतिनिधि भी बराबर के हिस्सेदार माने जाते हैं।जिले के वजीरगंज ब्लॉक के ढोढियापारा,रसूलपुर गांव में इन दिनों मनरेगा योजना में डबल रोल का खेल कर धांधली की बात सामने आ रही है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कादीपुर, अंचलपुर हजरतपुर,व बिरहमतपुर में फर्जी फोटो लेकर कई मस्टर रोल अपलोड की जा रही है।ढोढियां पारा गांव में एक कार्य के लिए 70 मजदूर,जब कि सेहारियां में दो कार्य के लिए 89 रसूलपुर में 40,कादीपुर 78,श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।यहां जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यों का आंकलन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। कार्यस्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है, उसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक श्रमिक दिनभर में कितना काम कर रहा है।बताते हैं कि यह पूरा खेल सिर्फ मानव दि वस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है,औस त बनाने के चक्कर में फर्जी मस्टर रोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।वहीं रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा पोर्टल पर श्रमिकों की फर्जी फोटो को बार-बार अप लोड कर हाजिरी लगाई जा रही है।ग्रामीणों क़े द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि क्या कार्यों का सत्यापन करने वाले जिम्मेदार अधिकारी डीसी मनरेगा,एपीओ और तकनीकी सहायक आंखें बंद करके सत्यापन कर दे रहे हैं ।

**मनरेगा में अनियमितता बर्दाश्त नहीं: सीडीओ**

इस संबंध में जिले की तेज तर्रार मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन काफी सख्त हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि मनरेगा जैसी जनकल्याण कारी योजना में वित्तीय अनियमितता व लापर वाही किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जा एगा। जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) रिसिया व बिछिया में प्रवेश हेतु 15 मार्च 2026 को सम्पन्न होने वाली प्रवेश परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

प्रवेश परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डायट प्राचार्य द्वारा प्रश्न पत्र तैयार किया जायेगा तथा परीक्षा फल भी घोषित किया जायेगा। परीक्षा के दौरान प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु डीएम ने नायब तहसीलदार व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाये जाने का निर्देश दिया। जबकि कक्ष निरीक्षक नामित करने का दायित्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त करने की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक को सौपी गई है। परीक्षा के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना रिसिया व सुजौली द्वारा आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जायेंगे। डीएम ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराएं।

बैठक का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा, एटीएस रिसिया के प्रधानाचार्य अंगद कुमार, वरिष्ठ सहायक विनोद यादव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बिसुही पुल निर्माण के लिए भीख मांगकर किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने बिसुही पुल निर्माण को लेकर पंद्रहवे दिन प्रद र्शन जारी रखा,पंद्रहवे दिन राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से कार्यकर्ता ओं ने प्रदर्शन किया।कार्यकर्ताओं ने इटियाथो क बाजार में दुकान-दुकान पर जाकर लोगों से भीख मांगी।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शि वम पांडेय ने बताया कि लगातार कई दिनों से हम लोग कार्यक्रम कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।हम लोगो ने इ टियाथोक बाजार में दुकान-दुकान पर जाकर भीख मांगे हैं और लोगों ने भीख दिया है। जो पैसे मिले हैं,उसे हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मो दी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड करी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ को भेज रहे हैं और उनसे निवेदन कर रहे हैं कि इस पैसे को लेकर आप पुल का निर्मा ण कर दीजिए। पारसराय निवासी बृजेश पांडेय ने बताया कि प्रतिदिन मैं इसी रास्ते से आता-जाता हूँ और जाम में फंसा रहता हूँ मैंने भीख में पांच रुपये दिए हैं और हम छात्र पंचायत के साथ हैं।इस पत्र को हम लोग माननीय मुख्य मंत्री तक भेजेंगे और हमारी मांग है कि पुल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए, नहीं तो बड़ा हादसा हो जाएगा,जिसकी जिम्मेदारी सूबे क़े मुख्यमंत्री योगी जी की होगी। इस अवसर पर सूरज शुक्ला,संदीप मिश्रा,जीशान,सोनू शुक्ला, अवधेश मिश्रा,सोनू मिश्रा,अमन सिंह, आलोक कुमार, आदिलोक, हर्षित शुक्ला उपस्थित रहे।

## होली को लेकर खाद्य सुरक्षा टीम ने खोया मंडी में मारा छापा, 45 किलो मिलावटी खोया किया गया नष्ट

फर्रुखाबाद। होली पर्व के मद्देनजर जनपद में शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 45 किलोग्राम खराब और संदिग्ध खोया नष्ट कराया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 11 हजार 700 रुपये है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने चौक स्थित प्रसिद्ध खोया मंडी में अचानक छापा मारा। टीम ने वहां खोया आढ़त करने वाले विनोद कुमार गुप्ता और खोया विक्रेता प्रमोद कुमार से खोया के नमूने एकत्र किए, जो आगे जांच के लिए लैब में भेजे। छापेमारी के दौरान कुछ अन्य खाद्य कारोबारियों ने विभाग की कार्रवाई की भनक लगते ही लगभग 45 किलोग्राम खोया जमीन पर फेंककर मौके से फरार होने की कोशिश की।

# कैसरगंज में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके श्रीवास्तव व तहसीलदार मीना गौर सहित अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 35 प्रार्थना-पत्रों में से 03 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 25 में 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 18 में 01, पयागपुर में 33 में 04, महसी में 21 में 01 तथा तहसील सदर में प्राप्त 07 प्रार्थना-पत्रों में से 01 का निस्तारण मौके पर किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील दिवस सहित अन्य स्तरों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाय। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है इसलिए सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करें। इस अवसर पर अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## पुलिस ने भागवत कथा में लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को पकड़ा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज पुलिस ने श्रीमद भागवत कथा में हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक बारह बोर एसबीबीएल लाइसेंसी बंदूक, दो जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल हर्ष फायरिंग करने वाले शिव बहादुर यादव पुत्र स्व. भगौती प्रसाद यादव निवासी पूरे दल सिंह मजरे चिलूली थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब पचपन वर्ष को एक बारह बोर एसबीबीएल लाइसेंसी बंदूक,दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि बीती चौदह फरवरी को उसके नये घर पर भागवत कथा का आयोजन था जिसमें उसने उसके पास से बरामद उसी बंदूक से हर्ष फायरिंग की गई थी। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त युवक द्वारा लाइसेंस की शर्तों का का उल्लंघन करते हुये हर्ष फायरिंग की गई थी जिसके सम्बंध में थाना मोहनगंज पर आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## 22 फरवरी को मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा शिविर

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने एवं नोटिस चरण में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 22 फरवरी 2026 (रविवार) को समस्त पदाभिहित स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है। विशेष अभियान दिवस को सभी पदाभिहित स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी (बूथ लेवल अधिकारी) पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक उपस्थिति रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने इत्यादि की कार्यवाही करेंगे। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि विशेष अभियान तिथि को अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के ऐसे पात्र व्यक्ति जिनका नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त डुप्लीकेट, शिफ्टेड तथा मृतक मतदाताओं के नामों को कटवाने के लिए प्रारूप-7 तथा नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने तथा एक ही विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित कराने के लिए फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं। विशेष अभियान दिवस में ऐसे मतदाता जिन्हें नोटिस जारी हुई है वह भी मतदेय स्थलों पर जाकर अपनी सुनवाई बीएलओ के द्वारा करा सकते हैं। डीएम श्री त्रिपाठी ने समस्त नागरिकों का आहवान किया है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

## चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में 23 फरवरी से आयोजित होगी ग्राम चौपाल

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि प्रदेश के चकबन्दी आयुक्त एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के आदेश पर चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में ग्राम वासियों की चकबन्दी सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु माह फरवरी 2026 में निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। ग्राम चौपाल आयोजन हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम लख्खारामपुर में 23 फरवरी तथा मंझारातौकली में 27 फरवरी को चकबन्दी अधिकारी सदर तृतीय के नेतृत्व में ग्राम चौपाल आयोजित होगी। इसी प्रकार ग्राम मैकूपुरवा में 24 फरवरी व मीरपुरकोनिया में 26 फरवरी को चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम/द्वितीय के नेतृत्व में ग्राम चौपाल आयोजित होगी। जबकि ग्राम बल्दूपुरवा में 25 व इमिलियागंज में 28 फरवरी 2026 को बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी बहराइच के नेतृत्व में ग्राम चौपाल आयोजित होगी।

# गौरीगंज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये।आज तहसील गौरीगंज में कुल इक्कीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में सत्रह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में तेईस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में बत्तीस शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें दो का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी,तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आडिटोरियम में आयोजित होगा वृहद सहायता एवं सेवा शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लाभार्थियों को मिलेगी विभिन्न योजनाओं की सौगात**

**विभिन्न विभागों के सजेंगे स्टाल**

बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि मा. कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 22 फरवरी 2026 को कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम बहराइच में जनपद स्तरीय मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के सफल आयोजन हेतु जिला विकास अधिकारी राज कुमार तथा उपायुक्त स्वतः रोज़गार धन्नजय सिंह को सह नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर के दौरान आयुष्मान व आभा, दिव्यांग पेंशन योजना, शहरी आवास योजना व स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, श्रम, व्यक्तिगत शौचालय, पारिवारिक लाभ योजना, निषादराज बोट योजना व मापेड विद आईस बाक्स योजना, कृषक दुर्घटा बीमा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अन्त्योदय राशन कार्ड, फार्मा कशीनरी एवं कृषि यन्त्र योजना, निराश्रित महिला अनुदान तथा कौशल विकास योजना से सम्बन्धित लाभार्थियों एवं हिताधिकारियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र, टूल किट, डैमो चेक एवं गोल्डेन कार्ड, कृषि यंत्र इत्यादि का वितरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्प्रासन, महिला स्वयं सहायता समूहों को आर.एफ. व सी.आई.एफ. के वितरण के साथ-साथ अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया जायेगा। सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर के दौरान ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आवास, नरेगा, स्वास्थ्य, लघु उद्योग, पशुपालन, कृषि, एक जनपद एक उत्पाद, डूडा, सोशल सेक्टर, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, कौशल विकास, सेवा योजना, श्रम, अतिरिक्त ऊर्जा, खादी ग्रामोद्योग, उद्यान विभाग के साथ-साथ बैंकर्स द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लाभार्थियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर बीआरसी में की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लाक कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन बीआरसी पर किया गया हैं।जिसमें उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के आहवन पर प्रस्तावित कार्यक्रम दिनांक 22 फरवरी को ट्विटर अभियान 23 फरवरी से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करना तथा 26 फरवरी को दोपहर 1:00 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पीलीभीत में धरना प्रदर्शन हेतु समस्त शिक्षकों से आहवान किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्य प्रकाश गंगवार अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पूरनपुर कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार पासवान तहसील अध्यक्ष संघर्ष समिति पूरनपुर द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विमल कुमार मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में ऋषि सक्सेना जिला संगठन मंत्री, हुकुम सिंह,देवेश कुमार, अर्जुन गंगवार, पूरनलाल, लोकेंद्र कुमार, मुकेश बाबू, दीपक भारती, विजय कुमार, मयंक जायसवाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे हैं।

# खबर अड्डा के जिला कार्यालय का शुभारंभ

## सीएमओ डॉ. भरत भूषण व एएसपी अखण्ड प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन, पत्रकारिता को मिलेगी नई गति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। हिंदी दैनिक समाचार पत्र (खबर अड्डा) के जिला कार्यालय का शुभारंभ राजकीय मेडिकल कॉलेज के निकट स्थित धर्मपाल कॉम्प्लेक्स में मंगलवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भरत भूषण एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मेंवीप्रबंध संपादक डॉ राजेंद्र कुमार गौतम, वरिष्ठ पत्रकार जीपी त्रिपाठी और वरिष्ठ पत्रकार जेपी शुक्ला,रमेश मिश्रा (सदस्य पीसीसी),विकास शुक्ल प्रबंधक हर्ष महिला महाविद्यालय,अजय चतुर्वेदी नंदन सदस्य जिला पंचायत,विजय सिंह रघुवंशी,राजेश तिवारी पूर्व मीडिया क्वार्डिनेटर की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन अवसर पर पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय एनबीटी डिजिटल, सुलतानपुर गौरव, अमेठी की शान, नयी रीति, भव्य खबर एवं के0 न्यूज़ जैसे विभिन्न समाचार पत्रों व चैनलों का भी कार्यस्थल रहेगा। इससे जिले में मीडिया समन्वय और समाचार संकलन को सुदृढ़ आधार मिलने की उम्मीद जताई गई है। उद्घाटन समारोह में वक्ताओं ने कहा कि जिला कार्यालय की स्थापना से समाचार संकलन की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और प्रभावी होगी। आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने तथा पीड़ितों को अपनी बात रखने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराने में यह कार्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यह केंद्र जनहितकारी और निष्पक्ष पत्रकारिता के सिद्धांतों पर कार्य करेगा। शोषितों, पीड़ितों, हकवंचितों और जरूरतमंदों की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। समाज में व्याप्त अन्याय, भ्रष्टाचार और जनहित से जुड़े मुद्दों को बेबाकी और निष्पक्षता से उजागर किया जाएगा। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि नए कार्यालय के शुभारंभ से जिले में पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों को बल मिलेगा। उपस्थित लोगों ने इसे जिले की पत्रकारिता के लिए सकारात्मक और महत्वपूर्ण पहल बताते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में , असगर नकी, अजहर अब्बास, अफ्तार अहमद, मो0 निसार, अजीत गिरी, मो0 रजा, अरबाब अहमद, राजेश तिवारी, संपादक सुनील राठौर, अनिल निषाद, नीतीश उपाध्याय, नीतीश तिवारी, विकास शुक्ल (प्रबंधक, हर्ष महिला महाविद्यालय), अजय चतुर्वेदी 'नंदन' (सदस्य जिला पंचायत), विजय सिंह रघुवंशी, प्रभाकर शुक्ला (प्रमुख प्रतिनिधि जयसिंहपुर), विजय विद्रोही, प्रीति मिश्रा, राकेश कुमार शर्मा, राजीव तिवारी, डॉ. आदित्य द्विवेदी, वीके राय, कृष्णकुमार मिश्रा, अमित यादव, अनुपम पाण्डेय, आफताब अहमद, मुश्ताक अहमद, वाजिद अहमद, जितेंद्र कुमार, पूर्व प्रधान संजय, कुलदीप मोहन उपाध्याय, अनुराग पाण्डेय, धर्मेंद्र मिश्रा, शरद श्रीवास्तव, राजेश सिंह राहिलपारा, सुभाष पाठक, सूर्यप्रकाश तिवारी, श्रवण शर्मा, लाल बाबा उपाध्याय, प्रमोद पाण्डेय, जटाशंकर पाण्डेय, विजयधर पाठक, सुरेश मौर्या सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारी नेता ने केंद्रीय मंत्री से दिल्ली में की मुलाकात दुरई एक्सप्रेस के मझोला स्टेशन पर ठहराव की करी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। युवा व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री और पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से उनके दिल्ली आवास पर भेंट करके जनपद की कई समस्याओं पर चर्चा की और कुछ अति आवश्यक विकास कार्यों हेतु उनको सुझाव दिये। केंद्रीय मंत्री से हुई विस्तृत चर्चा में कपिल अग्रवाल ने उनको टनकपुर से चलने वाली दुरई एक्सप्रेस के मझोला स्टेशन पर ठहराव को लेकर सुझाव दिया और उनको अवगत कराया कि इस ट्रेन के मझोला से शाम जाने और दिल्ली जल्द सुबह पहुंचने की टाइमिंग व्यापारियों समेत हर वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत सुविधाजनक है और यात्रा का समय भी सिर्फ 6 घंटे करीब है जिससे यह ट्रेन अत्यंत उपयोगी है जो कि खाटू श्याम तक जाती और इस क्षेत्र में खाटू श्याम जी के भक्त रहते हैं। वहीं भरा पचपेड़ा औद्योगिक आस्थान भी अब शुरू होने को है जिसके हजारों कर्मचारियों हेतु देश भर में आने जाने के लिए मझोला रेलवे स्टेशन का प्रयोग उनके द्वारा किया जाएगा इस औद्योगिक आस्थान के निकट के दो प्रमुख नगरों में से एक सितारगंज में रेल लाइन ही नहीं है। जबकि मझोला में यह बड़ी रेल लाइन के साथ उपलब्ध है जिस कारण इस स्टेशन का विस्तारीकरण निकट की आवश्यकताओं को दृष्टिगत करते हुए अति आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया गया कि मझोला और तहसील मुख्यालय अमरिया को जोड़ने वाले दियुनिडाम पुल की आयु 100 से भी ऊपर हो चुकी है।जिसका फिर से निर्माण करके चौड़ीकरण और फिर इस मार्ग का चौड़ीकरण अति आवश्यक है। इस मार्ग से सैकड़ों ग्रामों के हजारों लोगों का नियमित आवागमन होता है। इसके अतिरिक्त मझोला और अमरिया के मध्य कोई भी सार्वजनिक यातायात का संसाधन ना होने से तहसील के कार्यों से वहां जाने के इस क्षेत्र की जनता को होने वाली गंभीर असुविधा को देखते हुए मझोला में सप्ताह में एक दिन उपजिलाधिकारी द्वारा जनता दरबार कार्यक्रम शुरू करवाने हेतु भी चर्चा हुई।

# नगर पंचायत में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जिलाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार नगर पंचायत जहानाबाद में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक ने समिति के सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं बताया गया कि समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से अवगत कराना एवं लाभ प्राप्त करना है। इसी क्रम में विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,उ0प्र0 कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित सदस्यों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए एवं उपस्थित सभासदों को हेल्पलाइन नम्बरों इत्यादि की जानकारी दी गई।ततपश्चात बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ ली गई।बैठक में सभी सभासद एवं महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, रमनदीप कौर एवं परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह उपस्थित रहे है।

## प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर में हुआ टीकाकरण



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खसरा और रुबेला टीकाकरण का आयोजन किया। एएनएम हेमलता ने बच्चों को वैक्सीन लगाई और खाने की दवा भी दी। प्रधानाध्यापिका प्रिया गुप्ता और ग्राम प्रधान ने स्वास्थ्य टीम का सहयोग किया।एएनएम हेमलता ने बच्चों को बताया कि यह टीका लगवाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे खसरा, काली खांसी जैसी गम्भीर बीमारियों से बचाव होगा और वे स्वस्थ रहेंगे। टीकाकरण के बाद होने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में भी जानकारी दी गई।

## गांधी सभागार मे विकास कार्यों की धीमी गति देख भड़के गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कलेक्ट्रेट में विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर एक लंबी समीक्षा बैठक की इस दौरान उन्होंने विकास की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की बैठक में नगर पालिका प्रशासन के भीतर चल रही गुटबाजी और पार्षदों की उपेक्षा का मुद्दा भी खुलकर सामने आया सभासद पुष्पा ने अपनी ही पार्टी की नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया सभासद पुष्पा ने गंभीर आरोप लगाये समाजवादी पार्टी पर हमलावर होते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार रहते समय वन जिला वन माफिया देने का काम किया, पीलीभीत में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष द्वारा राज्य मंत्री को लेकर समय-समय पर किए जा रहे फ़ेसबुक पोस्ट को लेकर भी उन्होंने पलटवार किया उन्होंने कहा कि पीलीभीत में सपा का जिला अध्यक्ष फ़ेसबुकिया है, उनका रिकॉर्ड है कि उनके कार्यकाल में सपा कोई चुनाव ही नहीं जीती जबकि हमारे जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हर चुनाव बीजेपी जीती है जल निगम के अधूरे पड़े कार्यों और सड़कों की खराब हालत पर भी उन्होंने गहरी नाराजगी जताई मंत्री ने उन गांवों के नाम भी गिनाए जहां जल जीवन मिशन के तहत काम अधूरा छोड़ दिया गया है उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी।बैठक में आगामी गर्मी को देखते हुए विद्युत कटौती से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई और फाल्ट को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए गए मंत्री ने व्यापारी प्रतिनिधियों की समस्याओं को भी सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया नगर पालिका और जल निगम के कामकाज में कितना सुधार आता है राज्य मंत्री बोले अखिलेश बाबू पर विकास का विजन ही नहीं है।

## डायल 112 पुलिस पर मारपीट का आरोप एसपी से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सेहरामऊ नजीरगंज दुर्जनपुर कलां के रहने वाले रजनीश पुत्र पातीराम ने तहसील समाधान दिवस मे पहुंचकर एसपी को दिये शिकायती पत्र मे बताया कि उसकी पत्नी शिल्पी के बीच आपस में कहासुनी हो गयी थी।वह अपनी नानी मैकिना के साथ पत्नी शिल्पी को लेने उसके मायके गया तभी चौकी सुल्तानपुर के दो पुलिस वाले जिनमें एक का नाम संतोष है उसने पकड़कर बेंत व लात घूसों से मारते पीटते हुए बाल पकड़कर खींचते हुए जाति सूचक शब्द कहकर गालियां देते हुए 112 नम्बर गाड़ी पर बिठाकर अपने साथ ले गये उसकी नानी काफी खुशामद करती रही लेकिन नहीं माने दोनों पुलिस बालें शराब पिये हुए थे।उन्होंने गांव के बाहर बांसी के पास ले जाकर जमीन पर पटक कर बेंत व लात घूसों से बेरहमी से मारा पीटा तथा मार मार कर अधमरा कर दिया जिससे शरीर में गम्भीर चोटें आयीं है। अधमरा हो जाने पर उक्त दोनों सिपाही दरवाजे पर फेंक कर चले गये और कहा अगर किसी से शिकायत की तो जेल में सड़वा देगें दोनो सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर करवाही करने की गुहार लगाई हैं।

## नाबालिग किशोरी आरोपी संग बरामद

कुड़वार/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घर से निकली किशोरी के वापस न लौटने पर परिजनो द्वारा डायल 112 पर सूचना देने के पश्चात हरकत में आई स्थानीय पुलिस ने किशोरी को गांव के ही एक किशोर के साथ बरामद कर लिया।मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी के बाबा ने शुक्रवार देर शाम डायल 112 पर सूचना दी कि उनकी नातिन का अपहरण हो गया।अपहरण की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने पुलिस टीम के साथ सी सी टी वी फुटेज व सर्विलांश टीम की मदद ली।सूचना के ढाई घंटे बाद ही पुलिस ने आरोपी किशोर सहित किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया।सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि किशोरी को परिजनो को सौप दिया गया।आरोपी किशोर के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## हमलावर वनरोज का वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

कुड़वार सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीते पखवारे भर से ग्रामीणों पर हमलावर हुए वनरोज को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू अभियान के तहत पकड़कर जंगल में छोड़वा दिया। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटिया गांव से जुड़ा है।06 माह पूर्व घायल अवस्था में वनरोज गांव में पहुंचा था।जिसे गांव निवासी ओझाउल कमर ने इलाज करा दिया जिसके बाद वनरोज उनके परिवार के साथ घुल मिल गया और गांव में ही रहने लगा था।बीते 15 दिनों से वनरोज हमलावर हो गया।वनरोज के हमले से कांति देवी, एहसान, जाहिद आदि घायल हो गए।वनरोज के हमलावर होने की सूचना ग्रामीणों ने वनविभाग को दी।सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू करके पकड़ लिया।और दूर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया।वन विभाग की टीम में बीट इंचार्ज सौरभ यादव,माली संतराज,चौकीदार विश्राम, मेराज अहमद, इलियास, मोईद, जाहिद, गुफरान आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने बांटे स्वीकृति प्रमाण पत्र चोकलेट पाकर खिले बच्चों के चेहरे मुख्यमंत्री योजनाओं के लाभार्थियों को वितरण किए प्रमाण पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील समाधान दिवस पहुँचे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र ने मुख्यमंत्री की विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाना और पात्र व्यक्तियों को प्रक्रिया संबंधी सहूलियत प्रदान करना था कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को आवास निर्माण से संबंधित प्रमाण पत्र दिए गए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन प्रमाण पत्रों से लाभार्थियों को आगे की औपचारिकताओं में सुविधा होगी और आवास निर्माण का कार्य समय पर पूरा किया जा सकेगा लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल पर संतोष व्यक्त किया इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत या घायल हुए किसानों के परिजनों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए अधिकारियों ने बताया कि यह योजना किसानों और उनके परिवारों को संकट के समय आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत भी पात्र लाभार्थियों को लाभ से जुड़े स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपे गए, जिससे उनकी शिक्षा,भरण-पोषण और भविष्य की जरूरतों में मदद मिल सके जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने लाभार्थियों से योजनाओं का सही और पारदर्शी तरीके से उपयोग करने का आग्रह किया उन्होंने जोर दिया।

# शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। तहसील लम्भुआ में आयोजित 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' में जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान जमीनी विवाद से जुड़े मामलों पर विशेष जोर दिया गया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी प्रकरणों का निस्तारण पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर करें, ताकि शिकायतकर्ताओं को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें त्वरित व न्यायपूर्ण समाधान मिल सके।

शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में 21 फरवरी 2026 को लम्भुआ तहसील में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों में समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसपी चारू निगम ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना पूरनपुर का किया आकस्मिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नवागत पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र ने थाना पूरनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया थाने मे घुसते ही एसपी ने सबसे पहले मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान थाने के विभिन्न अभिलेखों जैसे जनसुनवाई रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, मेस, महिला साइबर हेल्प डेस्क आदि का गहनता से अवलोकन किया लंबित माल-मुकदमों एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण हेतु विशेष अभियान संचालित करने के लिए कहा गया साथ ही आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए साथ ही मालखाने में सुरक्षित रखे गए सामानों के उचित रख-रखाव तथा थाना परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने के भी निर्देश दिए उन्होंने महिलाओं से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण, काउंसलिंग प्रक्रिया और रजिस्टरों की जांच की इसके बाद उन्होंने हवालात का निरीक्षण कर साफ-सफाई, भोजन-पानी और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली जीडी कार्यालय पहुंचकर जनशिकायतों की प्रविष्टि, समयबद्ध निस्तारण और अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा की उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी निरीक्षण के दौरान कोतवाली परिसर में मौजूद गांव ढका जमीमा निवासी नाजरीन पुलिस अधीक्षक को देखकर फूट-फूटकर रो पड़ीं महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग करने तथा लगातार प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया पीड़िता की बात गंभीरता से सुनने के बाद पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और महिला को निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

# एकमुश्त कर व्यवस्था से वाहन स्वामियों को बड़ी राहत : एआरटीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी महेंद्र बाबू गुप्ता ने बताया कि परिवहन कार्यालय अमेठी में शनिवार को ट्रक प्रवर्तन के पदाधिकारियों एवं वाहन स्वामियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य उत्तर प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा परिवहन संबंधी व्यवस्थाओं को सरल, पारदर्शी एवं सुगम बनाना था। एआरटीओ ने अवगत कराया कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए तकनीकी सुधार किये जा रहे हैं। वाहन पोर्टल को सुदृढ़ किया गया है, जिससे वाहन स्वामियों को बार बार कार्यालय आने की आवश्यकता कम होगी और कर भुगतान की प्रक्रिया सरल बनेगी। उन्होंने कहा कि कर भुगतान की जटिलताओं को समाप्त कर अधिकाधिक वाहन स्वामियों को परिवहन सेवाओं का लाभ दिलाना विभाग की प्राथमिकता है। एआरटीओ ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना के अनुसार परिवहन यानों पर एक बार देय कर की दरें पुनर्निर्धारित की गई हैं। इसके तहत भाड़े पर परमिट से संचालित दोपहिया मोटर साइकिल वाहन के मूल्य का साढ़े बारह प्रतिशत, तिपहिया मोटर कैब वाहन के मूल्य का सात प्रतिशत, दस लाख रुपये तक के मोटर कैब (तिपहिया को छोड़कर) एवं मैक्सी कैब वाहन के मूल्य का 10.05 प्रतिशत, दस लाख रुपये से अधिक के मोटर कैब (तिपहिया को छोड़कर) एवं मैक्सी कैब वाहन के मूल्य का 12.05 प्रतिशत, सामान्य उपयोग/विशेष प्रयोजन वाहन (जैसे जीप, बुलडोजर आदि) वाहन के मूल्य का छह प्रतिशत, माल वाहन (3000 किलोग्राम तक) वाहन के मूल्य का तीन प्रतिशत, तीन हजार किलोग्राम से अधिक एवं सात हजार पांच सौ किलोग्राम तक के माल वाहन (मिनी ट्रक आदि) वाहन के मूल्य का छह प्रतिशत एकमुश्त कर देय होगा। एआरटीओ ने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे निर्धारित दरों के अनुसार समय से कर जमा कर शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहयोग करें।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी के कारोबारी समेत छह लोग गिरफ्तार

## पुलिस ने घटना में प्रयुक्त उपकरण के साथ ही बाइक किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर मजरे करनगांव में गौकशी के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ में एक कारोबारी के साथ कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से दो चापड़,एक लकड़ी का ठीहा, तराजू व बांट, एक तमंचा,दो जिन्दा कारतूस व दो खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर मजरे करनगांव के जंगल में शुक्रवार को दिनदहाड़े प्रतिबंधित पशुओं का वध किया जा रहा था पुलिस ने पहले तो मामले को डकारने की योजना बनाई लेकिन सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस की दाल नही गल सकी। पुलिस की मानें तो मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया कि चार पुरुष व एक महिला गोकशी की घटना कारित कर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया तो सभी जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके से पुलिस टीम द्वारा गोवंश के अवशेष, गोकशी करने के उपकरण व अपाचे मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 यू 3089 को बरामद कर अभियोग दर्ज किया गया। थाना इन्हौना पुलिस को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि गोकशी की घटना में संलिप्त जुनैद पुत्र जान मोहम्मद जो कि गंदा नाला से सेमरौता रोड की ओर स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल से जा रहा है।उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करने पर बाइक सवार व्यक्ति अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया और पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा।पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग करने पर कारोबारी जुनैद पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम पहाड़पुर मजरे करनगांव थाना इन्हौना घायल हो गया जिसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में कारोबारी ने बताया कि शुक्रवार को पहाड़पुर जंगल में उसने अपने भाई उमेर, उसकी पत्नी सना परवीन, महमूद पुत्र अंसार, शहवान राजा पुत्र मोहम्मद शब्बीर, महमूद की मां हदीसुलनिशा व अलीम पुत्र इनायतउल्ला के साथ मिलकर गोकशी की घटना किये थे।घटना में सम्मिलित अन्य लोग गंदा नाला के पास बायें तरफ मुर्दाघर में बने खण्डहर में एक कमरे में हैं जोकि चारपहिया वाहन का इंतजार कर रहे हैं। घायल को उपचार हेतु पुलिस बल के साथ अस्पताल भेजा गया।

## सम्पादकीय

# असम में विपक्षी दलों को तोड़ने की कोशिश

अप्रैल-मई में होने वाले राज्यों के चुनाव में से असम अकेला ऐसा राज्य है, जहां भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए सत्ता में है, जबकि बाकी चार-पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी- में उसे अपनी मौजूदगी बढ़ाने की उम्मीद है। सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही अत्यधिक उपलब्धि हासिल करने की उम्मीद रखती है और वह खुले तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टीएमसी को सत्ता से बाहर करने का दावा कर रही है। जाहिर है, भाजपा का सबसे बड़ा दांव असम में है, जिसकी वजह से पार्टी को राज्य में बेलगाम अनैतिकता की राजनीति का सहारा लेना पड़ रहा है। भाजपा ने चुनाव से ठीक पहले राज्य के राजनीतिक माहौल को हिंदू-मुस्लिम के आधार पर बहुत ज्यादा सांप्रदायिक बना दिया है, एसआईआर को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के जरिए खुलेआम रोक दिया है, जबकि यह सभी चुनाव वाले राज्यों,और केन्द्र शासित प्रदेश में किया जा रहा है जहां चुनाव होने हैं, और विपक्षी पार्टियों, खासकर कांग्रेस को तोड़ने की कोशिश कर रही है। दशकों से, बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों का मुद्दा राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचाता रहा है। भाजपा हर चुनाव में देश के सभी राज्यों में बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों का मुद्दा उठाती रही है, और कहती रही है कि मतदाता सूचियों में गैर-कानूनी घुसपैठियों के नाम नहीं होने चाहिए। इसी तर्क पर वे असम को छोड़कर हर राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) का समर्थन कर रही है। क्यों? इसका जवाब किसी को हैरान नहीं करना चाहिए, जो इस बात में है कि असम में दस लाख से ज्यादा हिंदू हैं जो यह प्रमाण नहीं दे पा रहे हैं कि वे भारत के नागरिक हैं। इन हिंदुओं में से ज्यादातर भाजपा के मतदाता आधार हैं, और इसलिए वह असम में एसआईआर का सामना करने की हालत में नहीं है। असम में 2019 के नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) का आंकड़ा खुद ही सब कुछ बता देता है। इसने अंतिम सूची से 19 लाख से ज्यादा लोगों को बाहर कर दिया था, उनमें से सिर्फ लगभग 7 लाख मुस्लिम थे। बाहर किए गए लोगों में लगभग 60,000असमी हिंदू भी थे। आंकड़े में वे लोग थे जिन्हें 1971 की कट-ऑफ तारीख तक अपनी नागरिकता साबित करने में मुश्किल हुई। अगर असम में एसआईआर किया गया होता, तो भाजपा हार जाती, और उसके हिंदू समर्थन आधार सहित सभी गैर-नागरिक बाहर हो जाते। इसे आंकड़े में ही साफ देखा जा सकता है, जो शायद एक कारण हो सकता है, जिसके लिए केंद्र में भाजपा नेतृत्व ने ईसीआई पर असम में एसआईआर न करने के लिए दबाव डाला। आरोप है कि ईसीआई स्वायत्त रूप से नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुलाम की तरह काम किया। आरोप यह भी है कि भाजपा एसआईआर से सिर्फ उन लोगों को हटाना चाहती थी जिन्हें वे अपना नहीं बल्कि विपक्ष का मतदाता आधार मानती थी। ईसीआई ने भाजपा की इच्छा को आदेश मानकर काम किया, और असम को छोड़कर सभी राज्यों में एसआईआर किया। फिर भी, ईसीआई ने घोषणा की कि असम में एसआईआर के लिए एक अलग आदेश जारी किया जायेगा, जिसमें भारतीय नागरिकता अधिनियम के तहत राज्य के खास नागरिकता प्रावधान और नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) के लिए सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में चल रहे नागरिकता पुष्टिकरण प्रक्रिया का हवाला दिया गया। दूसरे राज्यों के लिए ईसीआई का कहना है कि उसके पास गैर-नागरिकों से मुक्त मतदाता सूची तैयार करने का अधिकार है। यह ईसीआई का दोहरा रवैया दिखाता है, जो भाजपा की इच्छा पूरी करने का एक आसान तरीका है। यह मुद्दा तब से भारत के सर्वोच्च न्यायालय में उठाया गया है, लेकिन अभी तक कुछ परिणाम नहीं निकला है। असम के लिए कोई एसआईआर नहीं करवाया जा रहा है, जिससे साफ तौर पर भाजपा को फायदा होगा, जबकि दूसरे राज्यों में एसआईआर करवाया जा रहा है जिससे भी साफ तौर पर भाजपा को फायदा होगा। असम में भाजपा की बिना किसी रोक-टोक वाली बेलगाम अनैतिकता की राजनीति वाली रणनीति यहीं खत्म नहीं होती।

# डिजिटल युग में मातृभाषाओं को बचाना बड़ी चुनौती

**यूनेस्को का मानना है कि स्थायी समाज के लिए सांस्कृतिक और भाषाई विविधता बहुत जरूरी है। शांति के लिए अपने जनादेश के तहत यह संस्कृतियों और भाषाओं में अंतर को बनाए रखने के लिए काम करता है जो दूसरों के लिए सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देते हैं। बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज अपनी भाषाओं के माध्यम से अस्तित्व में रहते हैं जो पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को स्थायी तरीके से प्रसारित और संरक्षित करते हैं। भाषाई विविधता लगातार खतरे में पड़ती जा रही है क्योंकि अधिकाधिक भाषाएं लुप्त होती जा रही हैं। मातृभाषा जीवन का आधार है, यह एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। भारत जैसे बहुभाषी देश में यह चुनौती और अवसर दोनों है। पीपुल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार पिछले कुछ दशकों में सैकड़ों भाषाएँ लुप्त हो चुकी हैं। यह केवल शब्दों का खो जाना नहीं, बल्कि परंपराओं, लोककथाओं, लोकगीतों और जीवनदृष्टि का विलुप्त होना है। यदि नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा से विमुख हो जाएगी तो सांस्कृतिक जड़ों से उसका संबंध कमजोर हो जाएगा। इसलिए आवश्यक है कि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहन मिले, स्थानीय साहित्य और लोकसंस्कृति को पाठ्यक्रम में स्थान दिया जाए, और युवाओं को अपनी भाषा में अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान किए जाएँ।**

21 फरवरी को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस केवल मातृभाषा संस्कृति को बचाने का अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि मानवता की सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव है। वर्ष 2026 में इसकी मुख्य थीम 'बहुभाषी शिक्षा पर युवाओं की आवाज़' है, जो यह संकेत देती है कि भविष्य की भाषाई दिशा युवा पीढ़ी तय करेगी। यह वर्ष विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस दिवस की 25वीं वर्षगांठ-रजत जयंती का प्रतीक है। वर्ष 1999 में यूनेस्को द्वारा इसकी घोषणा की गई और 2000 से इसे वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। इस वर्ष का फोकस 13 से 18 वर्ष के युवाओं को भाषाई विविधता के संरक्षण, मातृभाषा में शिक्षा के विस्तार और डिजिटल युग में भाषाओं की भूमिका पर सक्रिय संवाद के लिए प्रेरित करना है। मातृभाषा केवल शब्दों का संग्रह नहीं होती, वह मनुष्य के मन, मस्तिष्क और संवेदनाओं की प्रथम अभिव्यक्ति है। बच्चा जब जन्म लेता है तो वह किसी औपचारिक शिक्षा से पहले अपनी माँ की ध्वनियों, लोरियों और संवादों के माध्यम से भाषा का संस्कार ग्रहण करता है। यही भाषा उसकी सोच, उसकी रचनात्मकता और उसकी पहचान का आधार बनती है। शोधों से यह सिद्ध हो चुका है कि प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में होने पर बच्चों की समझ, विश्लेषण क्षमता और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। फिर भी वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत बच्चों को उस भाषा में शिक्षा नहीं मिलती जिसे वे बोलते या समझते हैं। इस दिवस का ऐतिहासिक संदर्भ हमें 21 फरवरी 1952 की उस त्रासदी की याद दिलाता है जब पूर्वी पाकिस्तान में अपनी मातृभाषा बांग्ला के सम्मान के लिए छात्रों ने आंदोलन किया और गोलीबारी में अनेक युवा शहीद हो गए। बाद में यही पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र होकर बांग्लादेश बना। उन शहीदों की स्मृति में यह दिवस भाषाई अधिकारों और अस्मिता का प्रतीक बन गया। यह हमें सिखाता है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि स्वाभिमान और स्वतंत्रता का आधार है। वर्ष 2026 की थीम युवाओं की भागीदारी को केंद्र में रखती है। आज का युवा डिजिटल संसार में जी रहा है। सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑनलाइन शिक्षा उसके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मातृभाषाओं के लिए पर्याप्त स्थान है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ओर तो विलुप्तप्राय भाषाओं के शब्दकोश, ध्वनि-संग्रह और अनुवाद प्रणाली विकसित कर उन्हें पुनर्जीवित कर सकता है, वहीं दूसरी ओर यदि तकनीक कुछ सीमित भाषाओं तक सिमट जाए तो भाषाई असमानता और गहरी हो सकती है। इसलिए युवाओं को तकनीक का उपयोग मातृभाषा सशक्तिकरण के लिए करना होगा-ऐप, ब्लॉग, पॉडकास्ट, यूट्यूब चैनल और डिजिटल पुस्तकालयों के माध्यम से अपनी भाषाओं को वैश्विक मंच देना होगा। यूनेस्को का मानना है कि स्थायी समाज के लिए सांस्कृतिक और भाषाई विविधता बहुत जरूरी है। शांति के लिए अपने जनादेश के तहत यह संस्कृतियों और भाषाओं में अंतर को बनाए रखने के लिए काम करता है जो दूसरों के लिए सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देते हैं। बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज अपनी भाषाओं के माध्यम से अस्तित्व में रहते हैं जो पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को स्थायी तरीके से प्रसारित और संरक्षित करते हैं। भाषाई विविधता लगातार खतरे में पड़ती जा रही है क्योंकि अधिकाधिक भाषाएं लुप्त होती जा रही हैं। मातृभाषा जीवन का आधार है, यह एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। भारत जैसे बहुभाषी देश में यह चुनौती और अवसर दोनों है। पीपुल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार पिछले कुछ दशकों में सैकड़ों भाषाएँ लुप्त हो चुकी हैं। यह केवल शब्दों का खो जाना नहीं, बल्कि परंपराओं, लोककथाओं, लोकगीतों और जीवनदृष्टि का विलुप्त होना है। यदि नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा से विमुख हो जाएगी तो सांस्कृतिक जड़ों से उसका संबंध कमजोर हो जाएगा। इसलिए आवश्यक है कि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहन मिले, स्थानीय साहित्य और लोकसंस्कृति को पाठ्यक्रम में स्थान दिया जाए, और युवाओं को अपनी भाषा में अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान किए जाएँ। आज एक बड़ा भ्रम यह है कि केवल विदेशी भाषा ही विकास का मार्ग है। निस्संदेह वैश्विक संपर्क के लिए अन्य भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि हम अपनी मातृभाषा की उपेक्षा करें। मातृभाषा में शिक्षा से ही मौलिक चिंतन और नवाचार संभव है। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 ने भी प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में देने पर बल दिया है। यह निर्णय वैज्ञानिक दृष्टि से भी उचित है, क्योंकि जब विद्यार्थी अपनी सहज भाषा में सीखता है तो वह केवल जानकारी ग्रहण नहीं करता, बल्कि उसे आत्मसात करता है। हमारे देश में मातृभाषाओं के प्रति अनेक प्रकार के भ्रम फैले हैं, जिनमें एक भ्रम है कि अंग्रेजी विकास और ज्ञान की भाषा है। जबकि इस बात से यूनेस्को सहित अनेक संस्थानों के अनुसंधान यह सिद्ध कर चुके हैं कि अपनी भाषा में शिक्षा से ही बच्चे का सही एवं सर्वांगीण मायने में विकास हो पाता है। इस दृष्टि से मातृभाषा में शिक्षा पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है। युवाओं में मातृभाषा के प्रति आकर्षण कैसे बढ़ाया जाए? पहला उपाय है-भाषा को बोझ नहीं, गौरव के रूप में प्रस्तुत करना। जब हम अपने साहित्यकारों, वैज्ञानिकों और महापुरुषों की उपलब्धियों को मातृभाषा से जोड़कर बताते हैं, तो युवाओं में स्वाभिमान जागृत होता है। दूसरा उपाय है-रचनात्मक मंच उपलब्ध कराना। कविता-पाठ, नाटक, वाद-विवाद, ब्लॉग लेखन और डिजिटल कंटेंट निर्माण के माध्यम से युवा अपनी भाषा में सृजन करें। तीसरा उपाय है-परिवार की भूमिका। घर में यदि संवाद मातृभाषा में होगा तो बच्चे में स्वाभाविक अनुराग उत्पन्न होगा। भाषाई विविधता के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। भारत में सैकड़ों भाषाएँ और बोलियाँ हैं; प्रत्येक भाषा अपने साथ एक विशिष्ट जीवनदर्शन लेकर आती है। हमें यह समझाना होगा कि किसी भी भाषा को छोटा या बड़ा कहना अनुचित है। सभी भाषाएँ समान रूप से सम्माननीय हैं। हिन्दी राजभाषा है, परंतु अन्य भारतीय भाषाएँ भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। संस्कृत हमारी प्राचीन ज्ञान-परंपरा की धरोहर है, तो तमिल, बांग्ला, मराठी, गुजराती, उड़िया, असमिया, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, कश्मीरी और अन्य भाषाएँ अपनी-अपनी सांस्कृतिक संपदा से राष्ट्र को समृद्ध करती हैं। डिजिटल युग में युवाओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे अपनी मातृभाषा में कम से कम एक रचनात्मक कार्य अवश्य करेंगे-चाहे वह एक ब्लॉग हो, एक कहानी, एक गीत या एक शैक्षिक वीडियो। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अनुवाद उपकरणों और भाषा मॉडल्स का उपयोग करके वे अपनी भाषा की सामग्री को वैश्विक पाठकों तक पहुँचा सकते हैं। इससे न केवल भाषा का संरक्षण होगा, बल्कि आर्थिक अवसर भी बढ़ेंगे। स्थानीय भाषाओं में स्टार्टअप, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल प्रकाशन नए रोजगार के द्वार खोल सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2026 हमें यह संदेश देता है कि भाषाई विविधता ही मानवता की वास्तविक समृद्धि है। यदि हम सतत विकास का लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं तो समावेशी शिक्षा आवश्यक है, और समावेशी शिक्षा का आधार मातृभाषा है। युवाओं की आवाज़ जब बहुभाषी शिक्षा के समर्थन में उठेगी, तभी समाज में व्यापक परिवर्तन संभव होगा। आज आवश्यकता है एक सामूहिक संकल्प की-हम अपनी मातृभाषा का सम्मान करेंगे, उसे डिजिटल मंचों पर प्रतिष्ठित करेंगे और आने वाली पीढ़ियों तक उसकी विरासत पहुँचाएँगे। भाषा हमारी आत्मा है; उसे जीवित रखना हमारा दायित्व है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर यही संदेश गूंजना चाहिए कि युवा ही भाषाई भविष्य के प्रहरी हैं। जब युवा अपनी जड़ों से जुड़ेंगे, तभी विश्व अधिक समावेशी, सहिष्णु और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनेगा। **-ललित गर्ग**

# भारत के लिए बड़ा सबक है गलगोटिया यूनिवर्सिटी विवाद

**संतोष कुमार पाठक**

20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 के लगभग वैश्विक एआई अग्रणी भारत की राजधानी दिल्ली में अपनी तरह के पहले वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अपनी नई भूमिका की तलाश कर रहा भारत, दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इवेंट 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की मेजबानी कर रहा है। यह पहली बार है जब एआई पर इस स्तर का वैश्विक सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित किया जा रहा है। सरकार ने इसे लेकर दावा भी किया है कि इस शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख, मंत्रीगण, वैश्विक प्रौद्योगिकी अग्रणी, प्रख्यात शोधकर्ता, बहुपक्षीय संस्थान और उद्योग जगत के हितधारक एक साथ आएंगे और समावेशी विकास को बढ़ावा देने, सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास को सक्षम बनाने में एआई की भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे। राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी के साथ चल रहा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अपने आप में यह बताता नजर आ रहा है कि भारत आज की तारीख में वैश्विक एआई संवाद का नेतृत्व कर रहा है और आने वाले दिनों में कोई भी देश भारत की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकता। क्योंकि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 वैश्विक एआई एजेंडा को आकार देने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करता है। दुनियाभर के दिग्गजों के साथ-साथ इस समिट में भारत के भी कई विश्विद्यालय, कॉलेज और स्टार्टअप्स शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तो एआई को 5वीं औद्योगिक क्रांति की संज्ञा देते हुए यहां तक दावा किया कि, 3 लाख से ज़्यादा छात्रों और रिसर्चर्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। देशभर के कई विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्टार्टअप ने समिट में एआई मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जाहिर सी बात है कि इस समिट के जरिए जहां चर्चा भारत के युवाओं की बौद्धिक क्षमता और टैलेंट की होनी चाहिए थी, वहीं गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मसार कर दिया है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन में बने रोबोट को अपना इनोवेशन बताकर दिल्ली एआई समिट में पेश कर दिया। मीडिया से बात करते हुए एक प्रोफ़ेसर ने बड़े ही गर्व के साथ चार पैरों वाले इस रोबोडॉग की खासियत भी कैमरे पर बताई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की इस प्रतिनिधि के हाव-भाव देखने लायक है।इसका नाम 'ओरियन' बताते हुए उन्होंने दावा किया कि इसे यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। सरकारी चैनल सहित देश के कई मीडिया संस्थानों ने इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर जोर-शोर से चलाया और छापा भी। लेकिन चीन की तरफ से बयान आते ही पूरा मामला पलट गया। इसके बाद यह पता लगा कि वास्तव में यह गलगोटिया यूनिवर्सिटी द्वारा नहीं बल्कि चीन की एक कंपनी द्वारा बनाया गया एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग है, जो अपनी फुर्ती और एडवांस सेंसर्स के लिए दुनियाभर में मशहूर है। विवाद बढ़ने और सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोल होने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने भी अपने झूठ को स्वीकार कर लिया। यूनिवर्सिटी ने एक लंबा चौड़ा बयान जारी कर यह स्वीकार किया कि यह रोबोडॉग उन्होंने नहीं बनाया है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर से झूठ का सहारा लेते हुए यह भी कह दिया कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने इसे बनाने का दावा नहीं किया। जबकि उनके प्रोफ़ेसर का वायरल वीडियो ही उनके झूठ का पर्दाफाश कर रहा है। ऐसे में एक बार फिर से सरकार के विजन, नीति और फंड की व्यवस्था पर गहरे सवाल खड़े हो गए हैं। सरकार प्राइवेट विश्विद्यालय और कॉलेजों के सहारे देश में नई, बड़ी और स्पेशल रिसर्च नहीं करवा सकती क्योंकि इनकी भूमिका और इनके कामकाज का पूरा ढांचा ही संदिग्ध है। एडमिशन से लेकर क्लास और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी कई बार गहरे सवाल खड़े हो चुके हैं। भारत सरकार रिसर्च, इनोवेशन और पेटेंट फाइल करने के नाम पर निजी विभविद्यालयों को जो मोटा फंड देती है, उसकी न्यायिक जांच करवाने का भी समय आ गया है। दरअसल, यह बिल्कुल सही समय आ गया है कि सरकार पहले की तरह सरकारी स्कूल, कॉलेज और विश्विद्यालयों में शिक्षा हासिल कर रही प्रतिभाओं को हर तरह से उभारने में मदद करें।

## सेहत मंत्र

# दिल को रखना है पूरी तरह स्वस्थ तो पिएं अनार का जूस

इस बात से तो हम सभी वाकिफ है कि फलों का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। लेकिन अक्सर देखने में आता है कि लोग हमेशा फलों के रस की बजाय उन्हें यूं ही खाने की सलाह देते हैं क्योंकि इससे उनके स्वास्थ्य लाभ काफी कम हो जाते हैं। दरअसल, अधिकतर फलों के छिलकों में एंटी-ऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं और जब उनका रस निकाला जाता है तो वह एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी निकल जाते हैं। लेकिन अनार के रस के साथ ऐसा नहीं होता। अनार का रस भी सेहत के लिए उतना ही लाभकारी है, जितना इसके दानों का सेवन करना। अनार का रस दिल की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। यह धमनियों में रूकावट के जोखिम को कम करता है। जिससे हृदय या मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह बेहतर तरीके से होता है। इसके अतिरिक्त यह खराब कोलेस्टॉल की मात्रा को भी कम करता है तथा अच्छे कोलेस्टॉल की मात्रा को बढ़ाता है। अनार के रस के सेवन का एक लाभ यह भी है कि यह रक्त में शर्करा के स्तर को नहीं बढ़ाता, जबकि अन्य फलों के रस का सेवन करने से ऐसा होता है। इसलिए मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति भी इसका सेवन बेफिक्र होकर कर सकते हैं। जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रहती है, उन्हें अनार के रस का सेवन करना चाहिए। दरअसल, यह एक प्राकृतिक एस्पिरिन है, जो रक्त के जमाव और रक्त के थक्का बनने से रोकता है। साथ ही यह रक्त को पतला करके उसके प्रवाह को बेहतर बनाता है, जिससे व्यक्ति को ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं होती। अनार के रस का इस्तेमाल दस्त के उपचार के रूप में भी किया जा सकता है। दरअसल, यह एंजाइम्स के स्राव में अहम भूमिका निभाता है और पाचन प्रक्रिया को सही करता है। अगर किसी व्यक्ति को अपच की शिकायत हो तो उसे एक टीस्पून शहद का सेवन एक गिलास अनार के रस में मिलाकर करना चाहिए। अनार के रस में एंटी-बैक्टीरिल और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो वायरस व बैक्टीरिया से लड़ने में मददगार होते हैं।

## धर्म मंत्र

# संसार में आने का उद्देश्य

कबीरदास जी के एक सुप्रसिद्ध भजन की पंक्तियाँ मुझे याद आ रही हैं- आया था किस काम को, तू सोया चादर तान के। सूरत सम्हाल ऐ गाफल, अपना आप पहचान रे।। अर्थात मनुष्य इस दुनिया में किस उद्देश्य से आया है, यह उसे भूलना नहीं चाहिए। अपनी वास्तविक पहचान को जानना चाहिए। अब होश में आ जाओ और अपने आप को पहचानो। इस विषय पर विचार करना आवश्यक है कि मनुष्य इस दुनिया में किस काम को करने के लिए आया था? ऐसा क्या हुआ कि वह यहाँ आने के अपने उद्देश्य को भूल गया है? उसे ऐसा क्या करना चाहिए कि जिससे वह जागकर स्वयं को पहचान सके? कबीरदास जी का यह निम्न दोहा हमें समझा रहा है- आया था किस काम को, बैठा है किस काम। तज कर मोह माया को, कर ले हरि का नाम।। अर्थात यह दोहा जीवन के उद्देश्य और नश्वरता पर आधारित हैं। यह हमें याद दिलाता है कि हम इस दुनिया में क्यों आए हैं? हमारा असली काम क्या है? यह सांसारिक मोहमाया अस्थायी है। इस सांसारिक मोह और माया का त्याग कर देना चाहिए और भगवान के नाम का जाप करना चाहिए। यह दोहा हमें जीवन के वास्तविक अर्थ और उद्देश्य को समझने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें बताता है कि हमें क्षणभंगुर सांसारिक कामों में नहीं उलझना चाहिए बल्कि ईश्वर की भक्ति पर ध्यान देना चाहिए। चौरासी लाख योनियों में अपने पूर्वजन्म कृत कर्मों को भोगकर जीव मनुष्य का चोला धारण करता है। यह जन्म उसे ईश्वर को प्राप्त करने के लिए मिला है। वह तब तक बारबार जन्म लेता रहता है जब तक वह अपने परम लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त नहीं कर लेता।

## पर्यटन



# रफ्तार भरी जिंदगी में सुकून से दो पल बिताने के लिए बेहतरीन जगह है तीर्थन वैली

दुनिया में आपने कई लखपति या करोड़पति लोगों के बारे में सुना तो जरुर होगा लेकिन क्या आपने कभी ऐसी जगह की कल्पना की है जहां का हर व्यक्ति करोड़पति हो। जी हां, आज हम आपको ऐसे ही गांव के बारे में बताएंगे जहां का हर व्यक्ति करोड़ों में खेलते है। हम बात कर रहे है चीन के जियांगसू प्रांत में स्थित वाक्शी गांव की। यह गांव दुनिया के बाकी गांवों से बहुत ही अलग है। इस गांव को देखने के लिए दुनिया भर से लोग आते है ताकि वह समझ सकें कि यहां के लोग इतने अमीर कैसे है। ज्यादातर लोगों के मन में गांव के बारे में सोच कर यहीं ख्याल आता है कि गांव की सड़के कच्ची, बिजली-पानी की पूरी सुविधा नहीं होगी लेकिन इस गांव में उपलब्ध सुविधाएं इसे बाकी शहरों से भी अलग बनाती है। इन्हीं सुविधाओं के कारण यह गांव दुनियाभर में सुपर विलेज के नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, इस गांव में रहने पर अथॉरिटी की ओर कार और विला दिया जाता है, लेकिन गांव छोड़ने पर उसे न केवल यह चीजें बल्कि अपनी सारी संपत्ति छोड़नी पड़ती है। यहां के हर नागरिक के पास एक आलीशान घर और चमचमाती गाड़ी है। इस गांव में तकरीबन 2 हजार के लोग रहते है। इस गांव के हर व्यक्ति के खाते में तकरीबन 1.50 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जमा है। गांव के बीचों-बीच एक 72 मंजिला इमारत है जो की आकर्षण का केंद्र है। यहां के अधिकतर घर बाहर से देखने में एक जैसे ही है। यहां पर टेक्सी और थीम पार्क भी उपलब्ध है। यह गांव करोड़ों डॉलर की कंपनियों का गढ़ माना जाता है जिसमें स्टील और शिपिंग जैसी मुख्य कंपनियां शामिल है। यह दुनिया का पहला ऐसा गांव है जो पूरी तरह से मॉडल और सोशलिस्ट है। गांव की स्थापना 1960 में वू रेनबाओ नाम के नेता ने की थी। इस समय यह गांव कितना भी अमीर क्यों न हो शुरुआत में यह गांव बहुत गरीब था। गांव को इस तक पहुंचाने के पीछे कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय सचिव वू रेनाबो का हाथ है। रेनाबो ने कंपनी का गठन करके सामूहिक खेती को बढ़ावा दिया और फर्टिलाइडर स्प्रे कैन की फैक्ट्री लगा कर लोगों को रोजगार दिया।

# ब्लॉक भवन : सब कुछ वही, सब कुछ लागे नया-नया, ब्लॉक भवन सज धज कर तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता





निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा मुख्य भवन रंग रोगन पश्चात देखते ही बन रहा। दूसरे शब्दों में कहे तो ब्लॉक भवन सज धजकर जनता जनार्दन के इस्तकबाल को तैयार है। बदली तस्वीर, बदला एहसास- परिसर में प्रवेश करते ही नए रंग रोगन से चमकती दीवारें, दुरुस्त खिड़कियां और सलीके से सजे कार्यालय कक्ष एक सकारात्मक वातावरण का आभास करा रहे हैं। कार्यालय कक्षों की मरम्मत के साथ साथ अंदरूनी सज्जा को भी व्यवस्थित किया गया है, जिससे कर्मचारियों और आगंतुकों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके।

**मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित नव भवन –**

ब्लॉक परिसर में सीसी सड़क,खड़ंजा निर्माण कराया गया है, जिससे आवागमन पहले से अधिक सुगम हो गया है। नालियों का निर्माण और उन पर पत्थर स्लैब लगाए जाने से जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त हुई है। इससे बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

**स्वच्छ जल , व्यवस्थित आधुनिक शौचालय**

परिसर में स्थित शौचालयों का नवीनीकरण कर उन्हें स्वच्छ और उपयोगी बनाया गया है। साथ ही, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है। नए जल पाइप और नलों की व्यवस्था से आमजन को राहत मिलेगी।

**विद्युत व्यवस्थापन सुधार–**

पुरानी और जर्जर विद्युत वायरिंग को बदलकर नई वायरिंग की गई है। इससे न केवल सुरक्षा बढ़ी है बल्कि कार्यालयों में रोशनी और पंखों की व्यवस्था भी बेहतर हुई है।

**कुशल नेतृत्व गुणवत्ता कार्य गुणगान**

इन सभी कार्यों को खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया गया। उनके निर्देशन में ब्लॉक परिसर का कायाकल्प संभव हो सका।

**जनता और कर्मचारियों में उत्साह–**

कहते हैं कि किसी भी कार्यस्थल के वातावरण का कामकाज पर पूरा असर पड़ता है। अब जब चहुं ओर लकदक और कमरों का वातावरण आकर्षक है, तो कार्मिकों की कार्य कुशलता भी बेसर नहीं रहेगी।

ब्लाक परिसर के इस नव रूप से अकेले कर्मचारी ही नहीं प्रसन्नचित बल्कि क्षेत्रवासी भी मंत्र मुक्त है।

# शादी में शहनाई कम, शराब और डीजे का शोर ज्यादा

## जयमाल के मंच पर दूल्हे ने खोया आपा, चले लात–घूंसे

## पुलिस तक पहुंचा मामला , हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी : रामनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर कस्बे में बीते शुक्रवार को पथरकट्टा समुदाय में आयोजित एक विवाह समारोह उस समय विवाद और हंगामे में तब्दील हो गया, जब बारात में शामिल शराबियों की टोली ने पूरी शादी की खुशियों पर पानी फ़ेर दिया। बहराइच जिले के मुराइनपुरवा से आई बारात काफी विलंब के बाद रात करीब 12 बजे जनवासे पर पहुंची। आरोप है कि बारात पहुंचते ही शराब के नशे में धुत बारातियों ने हंगामा शुरू कर दिया। देर रात दो बजे के बाद भी तेज आवाज में डीजे बजता रहा, जिससे आसपास के लोग नींद से जाग गए और बारातियों को कोसने लगे। शोर कम कराने की कोशिशें नाकाम रहीं और माहौल लगातार बिगड़ता चला गया। द्वार पूजा के बाद जयमाल की रस्म शुरू हुई तो मंच पर जरूरत से ज्यादा भीड़ जमा हो गई। लोग सेल्फी लेने के लिए मंच पर चढ़ गए। इसी दौरान किसी बात को लेकर दूल्हा आपा खो बैठा और सबके सामने दुल्हन को लात मार दी। आरोप है कि उसने अपने ससुर सत्रोहन के साथ भी मारपीट की। लड़की पक्ष का कहना है कि दूल्हा स्वयं भी शराब के नशे में था। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर गाली-गलौज और मारपीट शुरू हो गई। कुर्सियां टूट गईं और कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और चोटिल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। बाद में आपसी बातचीत के बाद नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद शादी की शेष रस्में किसी तरह पूरी कराई गईं। वहीं घटना से नाराज ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खुले में और देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाने पर सख्त रोक लगाई जाए, ताकि शादी-विवाह जैसे आयोजनों में कानून-व्यवस्था और सामाजिक मर्यादा बनी रह सके।

# आलू व्यापारियों के साथ जिला उद्यानधिकारी ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिला उद्यानधिकारी प्रज्ञा उपाध्याय बाराबंकी के द्वारा विकास भवन के सभागार में आलू भंडारण शुल्क को लेकर स्टोर मालिक व किसान संगठनों के बीच बैठक आयोजित हुई जिसमें किसान संगठनों के द्वारा ?240 रुपया प्रति कुंतल से ऊपर आलू भंडारण शुल्क नहीं बढाऐ जाने का निर्णय लिया गया है जल्द अगली बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगी भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट के जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने साफ शब्दों में कहा है कि 240 रुपया प्रति कुंतल के ऊपर किराया बढ़ाएं जाना उचित नहीं है अबकी बार किसानों का आलू ?400 रुपए कुंतल तक बिका है और खाद के दाम आसमान छू रहे हैं इस बार किसानों की लागत निकालना भी मुश्किल हुआ है ऐसे में किराया बढ़ाया जाना किसानों के ऊपर एक बोझ बढ़ जाएगा किसान कर्ज में डूब जाएगा और बताया कि ना तो डीजल के दाम बड़े हैं ना गैस के दाम बड़े हैं फिर स्टोर मालिक किराया बढ़ाने के लिए क्यों परेशान है ?240 कुंतल इस समय है तब जाकर 255 रुपए तक किसानों को भंडारण शुल्क देना पड़ता है जबकि किसान को 48 से 49 किलो के दाम मिलते हैं और भाड़ा 54 किलो का लगाया जाता है अगर किराया बढ़ाया गया तो जनपद बाराबंकी से लेकर लखनऊ तक आंदोलन किया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से स्टोर संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जिला उद्यान अधिकारी प्रज्ञा उपाध्याय जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी जिला अध्यक्ष केके गुड्डू यादव प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव लाल जी यादव हौसला प्रसाद वर्मा विपिन कुमार वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ।

## कार की टक्कर से मासूम की दर्दनाक मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। मां के साथ होली के कपड़े लेने बाजार गया मासूम सड़क हादसे में मारा गया। बताते हैं कि ग्राम नूरगंज हमीदनगर निवासी दिव्यांशु छः वर्ष पुत्र वीरपाल यादव अपनी मां के साथ गांव से दो किलोमीटर दूर महमूदाबाद स्थित बाजार कपड़े खरीदने गया था। सड़क पार करते समर दरियाबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी।घटनास्थल पर ही उसकी मौत हुई। पुलिस ने 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

कोतवाली प्रभारी अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल से कार चालक को हिरासत में ले लिया है। दुर्घटनाग्रस्त चार पहिया वाहन को भी कब्जे में ले लिया गया है।

## हादसे में अज्ञात युवक क मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर बुढ़वल चौराहे के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे में अज्ञात युवक की मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक लखनऊ की ओर जा रही यात्री बस से अचानक नीचे गिर गया और पिछले पहियों के नीचे आने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।हादसे के बाद बस चालक वाहन सहित फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है और उसकी पहचान अभी नहीं हो सकी है।

## रक्तदान कर सात अभिभावक बनें महादानी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के तत्वाधान में मासिक रक्तदान के 73 वें शिविर में कुल सात लोगों ने रक्तदान किया। और मानवता की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया।इसमें बालाजी का बचपन स्कूल के कक्षा पांचवी की छात्रा आन्या गुप्ता व कक्षा एलकेजी का छात्र अनघ गुप्ता के अभिभावक जयकुमार गुप्ता, कक्षा दो के छात्र अधिराज नितिन श्रीवास्तव के अभिभावक नितिन श्रीवास्तव, कक्षा एलकेजी का छात्र वैदिक जायसवाल के अभिभावक श्री सुंदरम जायसवाल, कक्षा नर्सरी का छात्र दर्श जायसवाल के अभिभावक मनीष जायसवाल, बालाजी किड्स स्कूल के कक्षा प्लेग्रुप के छात्र देवांश निगम के अभिभावक रजत निगम, समाजसेवी बी.के जतिन, दिनेश कुमार, रक्तदान कर महादानी बने। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक अंकुर माथुर जी ने बताया कि संस्था हर माह की 21 तारीख को रक्तदान शिविर का आयोजन करती है।और उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है और इससे कई जिंदगी को बचाया जा सकता है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि रक्तदान में भाग लेकर इस मुहिम में हमारे सहयोगी बने। साथ ही उन्होंने रक्त कोष प्रभारी डॉक्टर बीपी सिंह, डॉक्टर गौरव सिंह एवं जिला परामर्श अधिकारी पंकज कुमार वर्मा, श्री विवेकानंद त्रिपाठी, दीपक वर्मा समेत स्टाफ को धन्यवाद किया। इस मौके पर संस्था के सदस्य मोहम्मद सलीम, अद्भुत सिंह, रंजीत ठाकुर, आशीष चौरसिया, पियूष मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन से टकराया बाइक सवार मृत्यु

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हुई।मृतक की पहचान संदीप उर्फ मोनू (34 वर्ष) के रूप में हुई है,जो ग्राम अदापुर का निवासी था। वह अपनी मामा की लड़की की शादी में शामिल होने क्षेत्र के गांव हूंसेपुर आया था और शनिवार की सुबह बाइक से घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ।पुलिस ने संदीप का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने हेतु अभियान तेजकर दिया

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आसन्न त्योहारों के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने हेतु अभियान तेजकर दिया है।

शनिवार को खाद्य निरीक्षक डॉ.अंकिता यादव ने नगर क्षेत्र की खोयामंडी का औचक निरीक्षण कर खोया, पनीर और अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की गहन जांच की। दुकानों से खोया के नमूने लेकर विधिवत सीलकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा।उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि वे केवल मानकों के अनुरूप ही खाद्य सामग्री बेचें, अन्यथा नियम उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगीयदि जांच रिपोर्ट में नमूने फ़ेल पाए जाते हैं, तो संबंधित कारोबारियों के खिलाफ खाद्यसुरक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## लिफ्ट में फंसा हाथ, किशोर जख्मी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को एक कोल्ड स्टोर की लिफ्ट में फंस कर किशोर गंभीर रूप से घायल हुआ।कानपुर निवासी अक्षय अपने पिता जयप्रकाश वर्मा के साथ चौधरी कोल्ड स्टोर गया था, जहां यह घटना हुई। अक्षय के पिता जय प्रकाश वर्मा चौधरी कोल्ड स्टोर में कार्यरत हैं।बताया गयाकि लिफ्ट के संचालन के दौरान अक्षय का हाथ अचानक उसमें फंस गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।घटना बाद कोल्ड स्टोर में अफरा–तफरी मच गई। कोल्ड स्टोर कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल अक्षय को प्राथमिक सहायता दी। उसे तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया,जहां चिकित्सक डॉ. देशराज ने उसका उपचार शुरू किया।अक्षय के हाथ में गंभीर चोट आई है और उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## समाजसेवी अभिषेक का नागरिक सम्मान

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले अभिषेक सिंह को प्रशासन द्वारा सम्मानित किया।यह सम्मान उन्हें एक गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए उनकी तत्परता और संवेदनशीलता हेतु दिया गया। घटना बीते 9 फरवरी की है। टडवा गांव निवासी 32 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र राम सागर बाइक से बेलहरा जा रहे थे।जगतापुर मोड़ के पास पीछे से आ रही एक रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थीकि संतोष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस मौके से निकल गई। घटनास्थल पर अफरा–तफरी मच गई और लोग मदद के लिए इधर–उधर देखने लगे। इसी दौरान वहां मौजूद अभिषेक सिंह ने बिना समय गंवाए घायल की मदद का बीड़ा उठाया। उन्होंने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन सहायता पहुंचने में देरी होती देख उन्होंने स्वयं पहल करते हुए घायल को अपने निजी साधन से सीएचसी पहुंचाया। मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किय संतोष की दशागंभीर देखते हुए उन्हें जिलास्पताल पहुंचाया।समय पर मिली मदद से संतोष की जान बच सकी। इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने अभिषेक सिंह को सोल डायरी और पेन भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे नागरिक समाज की असली पूंजी होते हैं, जो संकट की घड़ी में आगे आकर दूसरों की मदद करते हैं। एसडीएम ने अभिषेकसिंह के हौसले की प्रशंसा करते हुए युवाओं से उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम दौरान मौजूद लोगों ने भी अभिषेक सिंह के कार्य को सराहा और इसे मानवता की सच्ची मिसाल बताया।

## फरियादियों से रूबरू हुई गुंजिता

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुईं।कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत तहसीलदार विपुल सिंह व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।प्राप्त शिकायतों में से मौके पर ही 5 मामलों का निस्तारण किया गया।शेष 51 शिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## गुटखा पान मसाला की कालाबाजारी जोरों पर

सुल्तानपुर। जनपद में इन दिनों गुटखा पान मसाला मूल्य से अधिक दामों पर बड़े व्यवसाई बेच रहे हैं। जिससे छोटे दुकानदारों को अधिक मूल्य पर ग्राहकों को सिग्नेचर, राज श्री, कमला पसंद गुटखा मसाला बेचा जा रहा है। नाम न छापने की शर्त पर फुटकर व्यवसायियों ने बताया कि एक पैकेट एक माह पहले कमला पसंद (39 पाउच) 165 रुपए में मिलता था जो अब 250 रुपए में, राज श्री एक पैकेट एक माह पहले (30 पाउच) 125 रुपए में मिलता था जो अब 185 रुपए में, सिग्नेचर गुटखा एक पैकेट एक माह पहले (54 पाउच) 220 रुपए में मिलता था जो अब 320 रुपए में बेचा जा रहा है। बताया जा रहा है कि जनपद के होलसेलर बड़े व्यवसाइ मनमांने तरीके से इन गुटखों के रेट में बढ़ोतरी की है जिससे गुटखा खाने वाले की जेब ढीली हो रही है। जनपद में हो रही इस तरह की कालाबाजारी की जानकारी प्रशासन को या तो नहीं है या फिर इस काला बाजारी की मौन स्वीकृति दी गई है।

# मनोयोग से निरंकार ने सुनी जन शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।तहसील सभागार में आयोजित अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र 12 शिकायतें प्रस्तुत हुई।जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। हर शिकायत का समाधान मौके पर जाकर किया जाना चाहिए, ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो और उसे बार-बार शिकायत न करनी पड़े।तहसील दिवस में तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार, विद्युत उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्य, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, डॉ. देव प्रताप सिंह वर्मा, वन रेंजर अल्पना पांडे, डिप्टी वन एंजेल मनोज कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा सहित कई तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कृषक दुर्घटना, एडीएम ने सौंपा सहायता पत्र अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत दो पीड़ित परिवारों को सहायता स्वीकृति पत्र सौंपे।योजना के अंतर्गत, बाराबंकी के ग्राम गहरेला, परगना दरियाबाद, तहसील सिरौली गौसपुर निवासी रामसजीवन उर्फ ब्रम्हानन्द की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी पत्नी पूनम देवी को 5 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। ग्राम रायपुर मजरेपुर, परगना दरियाबाद, तहसील सिरौली गौसपुर निवासी विनोद कुमार की भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी पुष्पा देवी यादव को भी 5 लाख की सहायता स्वीकृत है।इस अवसर पर तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे और अन्नू सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पत्रकारिता की चुनौतियों पर जेसीआई की वर्चुअल बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर । जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.)की एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक पत्रकारिता के दौरान आने वाली दिक्कतों और वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा हेतु आयोजित की गई। बैठक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें देशभर से लगभग पचास पदाधिकारियों ने सहभागिता कर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पूर्व न्यायाधीश विकास कुमार जी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकार निर्भीक होकर कार्य नहीं कर पा रहा है, जो एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत है। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्रता सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने कहा कि एक ओर सरकार सभी व्यवस्थाओं को डिजिटल करने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर प्रेस के साथ अपेक्षित व्यवहार नहीं किया जा रहा है और प्रिंट मीडिया को समुचित मान्यता नहीं मिल पा रही है। उन्होंने प्रेस की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठनात्मक एकजुटता पर जोर दिया।

बिहार प्रदेश अध्यक्ष अकबर इमाम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पत्रकारिता का स्वरूप विकृत होता जा रहा है। कम योग्य व्यक्तियों के प्रवेश से पत्रकारिता की साख प्रभावित हो रही है। ऐसे में समय-समय पर प्रशिक्षण एवं पत्रकारिता की बारीकियों से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि पत्रकारों का मान-सम्मान बना रहे। उत्तर प्रदेश से बी त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश में संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है और पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। वहीं प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी हो गया नागेंद्र पाण्डेय ने कहा कि स्थानीय पत्रकार कठिन परिस्थितियों में समाचार संकलन करते हैं, इसलिए उन्हें उचित पहचान और सम्मान मिलना चाहिए। सभा का समापन करते हुए डॉ0 आर0 सी0 श्रीवास्तव ने कहा कि हर समस्या का समाधान यही है कि हमें अपने संगठन जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया को हर स्तर पर मजबूत बनाना है जो जहां है अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करें क्योंकि यही एक मात्र इसी संस्था है जो पत्रकारिता के लिए सदैव संघर्ष रहती है। बैठक के अंत में अन्य पदाधिकारियों ने भी पत्रकारों की सुरक्षा, प्रशिक्षण और अधिकारों की रक्षा को लेकर अपने विचार रखे तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# सड़क सुरक्षा प्रति लोगों को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। यातायात के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा पयागीपुर में सड़क सुरक्षा प्रति लोगों को किया जागरूक आने जाने वाले हेलमेट लगाए राहगीरों को दिया गुलाब का फूल। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि हेलमेट पहनना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे जरूरी साधन है। उन्होंने जोर दिया कि थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए हर हाल में यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। चालान की डर से नहीं बल्कि अपने जीवन सुरक्षा की दृष्टिगत हेलमेट पहने । इस मौके पर टी आई नरेंद्र बहादुर सिंह ने संस्था के अभियान कि सराहना करते हुए कहा कि परिवार की भलाई और खुद की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट सुरक्षा कवच है, वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। कटका क्लब के आईटी सेल प्रभारी बृजेन्द्र मिश्र ने बताया कि कटका क्लब यातायात नियमों को लेकर निरंतर लोगों को सजग करने का काम करती है। हमारा उद्देश्य है कि हमारे जनपद में और प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके इसके लिए हम लोग कुछ ना कुछ समाज को जागरूक निरंतर करते रहते हैं।

# सुपर आठः दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिलक और सूर्यकुमार को संभालना होगा मोर्चा

एजेंसी



अहमदाबाद। ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतकर खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत करने वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बड़े शॉट खेलने के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करने की बदली हुई रणनीति की परीक्षा होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और एडन मार्क्रम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है। दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी। भारतीय टीम को ग्रुप चरण में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उसकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (दो अर्धशतक और 202 का स्ट्राइक रेट) को छोड़कर शीर्ष चार में शामिल अन्य तीन बल्लेबाजों ने अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हो चुके हैं और उन्हें टूर्नामेंट में अपने पहले रन का इंतजार है। सूर्यकुमार और तिलक ने हालांकि सूत्रधार की भूमिका निभाई है लेकिन इन दोनों ने ऐसी पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है जहां गेंद रुककर आ रही हो। भारत रन बनाने के लिए हार्दिक पंड्या (स्ट्राइक रेट 155) और शिवम दुबे (स्ट्राइक रेट 178) पर भी काफी हद तक निर्भर रहा है। टीम को इन दोनों ऑलराउंडर से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अभिषेक के लगातार दो बार ऑफ स्पिनरों के हाथों आउट हुए हैं और इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्क्रम पावरप्ले में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं या नहीं। भारतीय टीम के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन पहले चरण में तिलक की लचर बल्लेबाजी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 24 गेंदों में 25 रन, नामीबिया के खिलाफ 21 गेंदों में 25 रन और नीदरलैंड के खिलाफ 27 गेंदों में 31 रन बनाए। इस तरह से वह अभी तक अधिकतर मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 120 से थोड़ा ऊपर है जो उनके करियर के स्ट्राइक रेट 141 से काफी कम है। सूर्यकुमार ने अमेरिका के खिलाफ 49 गेंद पर नाबाद 84 रन की मैच विजेता पारी खेलने के बाद कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। वह पाकिस्तान या नीदरलैंड के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी में बहुत अधिक सहज नहीं दिखाई दिए।

## हमने अपने ग्रुप की कुछ टीमों को कम करके आंकाः ब्रूक

पाल्लेकल (श्रीलंका)। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने शनिवार को स्वीकार किया कि उन्होंने अपने ग्रुप की कुछ टीमों को कम करके आंका और कहा कि उनकी टीम अब टी20 विश्व कप के सुपर आठ में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## श्रीलंका के खिलाफ पिछली श्रृंखला के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा इंग्लैंड

एजेंसी



पाल्लेकल (श्रीलंका)। अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट से पहले श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया था और वह सुपर आठ के मैच में अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड का टी20 विश्व कप में प्रदर्शन अभी तक प्रभावशाली नहीं रहा है। उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी। सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई। दोनों टीमों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जिसमें श्रीलंका घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ इंग्लैंड उस स्थान पर अपनी लय वापस हासिल करने की कोशिश करेगा जहां उसने कुछ दिन पहले अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड ने लीग चरण के अपने सभी मैच भारत में खेले हैं और श्रीलंका लौटकर खुश होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। वह इस टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं और अब तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। कुसल मेंडिस भी अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने चार मैचों में तीन अर्धशतक लगाए हैं। इंग्लैंड के गेंदबाज श्रीलंका के जिन प्रमुख बल्लेबाजों को निशाना बनाना चाहेंगे, उनमें वह भी शामिल होंगे। जहां तक इंग्लैंड की बात है तो उसके बल्लेबाज अभी तक रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उसकी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जैकब बेथेल ने किया है जिन्होंने अभी तक 143 रन बनाए हैं।

## संन्यास लेने के नौ साल बाद पेशेवर मुक्केबाजी में वापसी करेंगे अजेय फ्लॉयड मेवेदर



एजेंसी

लॉस एंजिल्स। दिग्गज मुक्केबाज फ्लॉयड मेवेदर ने कहा है कि वह नौ साल के अपने संन्यास को समाप्त करके इस साल गर्मियों में प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में वापसी करेंगे। मंगलवार को 49 वर्ष के होने वाले मेवेदर ने 2017 के बाद से कोई पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला नहीं लड़ा है। तब उन्होंने कॉनर मैकग्रेगर को हराया था। इस मुकाबले के बाद मेवेदर (50-0, 27 नॉकआउट) ने अपने करियर में तीसरी बार संन्यास की घोषणा की थी। पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मेवेदर का रिंग में कोई सानी नहीं है। उन्होंने अब तक हर पेशेवर मुकाबला जीता है। संन्यास लेने के बाद भी वह प्रदर्शनी मुकाबलों में हिस्सा लेते रहे हैं। मेवेदर ने पहले ही इस साल 59 वर्षीय माइक टायसन के खिलाफ एक प्रदर्शनी मुकाबले की घोषणा कर दी थी। इसके लिए हालांकि अभी तक स्थान या टेलीविजन पार्टनर की पुष्टि नहीं की गई है।

## ट्रंप शुल्क के रूप में वसूले गए 133 अरब डॉलर के रिफंड को लेकर अस्पष्टता कायम

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए व्यापक शुल्कों को उच्चतम न्यायालय की तरफ से अवैध करार दिए जाने के बाद इन सीमा शुल्कों के रूप में संग्रहीत 133 अरब डॉलर की राशि को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं हो पाई है। कंपनियां इस शुल्क राशि का रिफंड पाने के लिए कतार में लग गई हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इसकी राह जटिल और लंबी हो सकती है। व्यापार कानून विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी आयातक सीमा शुल्क के रूप में चुकाई गई राशि को आखिरकार वापस पा सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें लंबी कानूनी प्रक्रिया के दौर से गुजरना पड़ सकता है। विंसन एंड एल्किन्स लॉ फर्म में साझेदार और व्यापार वकील जॉयस अडेतुतू ने कहा, 'कुछ समय के लिए यह एक ऊबड़-खाबड़ रास्ते से भरा सफर होने वाला है। क्लार्क हिल फर्म के अधिवक्ताओं का कहना है कि अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी और सीमा सुरक्षा एजेंसी, न्यूयॉर्क के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेष न्यायालय और अन्य निचली अदालतों की प्रक्रिया के कारण रिफंड मिलने में समय लग सकता है। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने शुक्रवार को 6-3 के बहुमत से दिए गए फैसले में कहा कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून (आईईईपीए, 1977) के जरिए दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं।

# केंद्र ने व्यापार सूचकांक के आधार वर्ष को वित्त वर्ष 2022-23 में अपडेट किया

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने भारत के व्यापार सूचकांकों के आधार वर्ष में बदलाव कर इसे वित्त वर्ष 2012-13 से बदल कर वित्त वर्ष 2022-23 कर दिया है। यह कदम देश की बदलती व्यापार संरचना और वैश्विक रुझानों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय ने भारत के व्यापार सूचकांकों के आधार वर्ष में बदलाव की घोषणा कर इसे 2012-13 से बदल कर 2022-23 कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था में आए ढांचागत बदलावों, व्यापार के बदलते तौर-तरीकों और मौजूदा आर्थिक संकेतकों के साथ बेहतर तालमेल बिठाने के लिए यह कदम उठाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इस बदलाव से व्यापारिक आंकड़ों की प्रासंगिकता और विश्वसनीयता बढ़ेगी, जो नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं के लिए अब अधिक उपयोगी साबित होंगी। ये सूचकांक मंत्रालय के अधीन आने वाले वाणिज्यिक खुफिया एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई-एंड-एस) द्वारा तैयार एवं प्रकाशित किए जाते हैं। ये सूचकांक देश के बाहरी व्यापार क्षेत्र में कीमतों के उतार-चढ़ाव को समझने, राष्ट्रीय खातों के संकलन और व्यापार की शर्तों के आकलन के लिए महत्वपूर्ण संकेतक माने जाते हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार सूचकांकों का संकलन और प्रकाशन करने वाले डीजीसीआई-एंड-एस ने कहा कि व्यापार सूचकांकों का आधार वर्ष में यह संशोधन अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलावों, वस्तुओं की बदलती संरचना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में परिवर्तनों के अनुरूप आंकड़ों को समायोजित करता है। अद्यतन श्रृंखला में 2022-23 को नया आधार वर्ष माना गया है, जो (2022-23 = 100)। ये कदम व्यापार के बदलते तौर-तरीकों और मौजूदा आर्थिक संकेतकों के साथ और बेहतर तालमेल बिठाने के लिए उठाया गया है।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04530/04529 सरहिंद – मधुबनी – सरहिंद आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04530 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04529 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:00 | सरहिंद | 05:15 | -- |
| 01:45 | 01:55 | लखनऊ जं. | 17:00 | 17:10 |
| 19:00 | -- | मधुबनी | -- | 23:00 |

चलने के दिन: 04530 सरहिंद से दिनांक 25.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 को और 04529 मधुबनी से दिनांक 26.02.2026, 03.03.2026 एवं 07.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: राजपुरा, अम्बाला कैंट, बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम, मनकापुर जं., बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाज़ीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर, समस्तीपुर, दरभंगा जं. एवं सकरी जं. स्टेशन।

**04610/04609 अमृतसर जं. – मानसी जं. – अमृतसर जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04610 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04609 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:10 | अमृतसर जं. | 13:15 | -- |
| 02:30 | -- | मानसी जं. | -- | 04:00 |

चलने के दिन: 04610 अमृतसर जं. से दिनांक 24.02.2026, 28.02.2026 एवं 04.03.2026 को और 04609 मानसी जं. से दिनांक 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंढारी कलाँ, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. स्टेशन।

**04302/04301 हरिद्वार – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – हरिद्वार आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04302 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04301 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:45 | हरिद्वार | 15:30 | -- |
| 12:30 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 14:45 |

चलने के दिन: 04302 हरिद्वार से दिनांक 25.02.2026, 28.02.2026 एवं 03.03.2026 को और 04301 मुज़फ़्फ़रपुर जं. से दिनांक 26.02.2026, 01.03.2026 एवं 04.03.2026 को।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: लक्सर जं., नजीबाबाद जं., धामपुर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी एवं चकिया स्टेशन।

**04014/04013 आनंद विहार (ट) – लौकहा बाजार – आनंद विहार (ट) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04014 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04013 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:40 | आनंद विहार (ट) | 03:40 | -- |
| 20:15 | -- | लौकहा बाजार | -- | 21:30 |

चलने के दिन: 04014 आनंद विहार (ट) से दिनांक 22.02.2026 से 06.03.2026 और 04013 लौकहा बाजार से दिनांक 23.02.2026 से 07.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनियां, सीतामढ़ी, शिशो, सकरी जं. एवं झंझारपुर स्टेशन।

**04209/04210 वाराणसी – दिल्ली जं. – वाराणसी आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04210 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:30 | वाराणसी | 09:40 | -- |
| 13:30 | -- | दिल्ली जं. | -- | 19:25 |

चलने के दिन: 04209 वाराणसी से दिनांक 22.02.2026 से 06.03.2026 और 04210 दिल्ली जं. से दिनांक 23.02.2026 से 07.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ जं., मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

**04066/04065 आनंद विहार (ट) – खोरधा रोड जं. – आनंद विहार (ट) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 11 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:30 | आनंद विहार (ट) | 08:15 | -- |
| 12:30 | -- | खोरधा रोड जं. | -- | 15:30 |

चलने के दिन: 04066 आनंद विहार (ट) से दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 और 04065 खोरधा रोड जं. से दिनांक 28.02.2026 से 05.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाज़ियाबाद, गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, चन्द्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जं. बराभूम, चाण्डिल जं., टाटानगर जं., घाटशिला, हिजली, बालासोर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड़, कटक एवं भुवनेश्वर स्टेशन।

**04052/04051 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04052 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04051 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | -- |
| 23:40 | -- | हावड़ा जं. | -- | 01:40 |

चलने के दिन: 04052 नई दिल्ली से दिनांक 25.02.2026 से 03.03.2026 और 04051 हावड़ा जं. से दिनांक 27.02.2026 से 05.03.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव: गाज़ियाबाद, अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।

**04002/04001 नई दिल्ली – दादर – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04002 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04001 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:40 | नई दिल्ली | 21:05 | -- |
| 22:40 | -- | दादर | -- | 00:05 |

चलने के दिन: 04002 नई दिल्ली से दिनांक 25.02.2026 एवं 04.03.2026 को और 04001 दादर से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव: कोसी कलां, मथुरा, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

**04616/04615 फिरोज़पुर कैंट जं. – दानापुर – फिरोज़पुर कैंट जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04616 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04615 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12:00 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 23:55 | -- |
| 17:30 | -- | दानापुर | -- | 21:10 |

चलने के दिन: 04616 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 को और 04615 दानापुर से दिनांक 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 07.03.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मोगा, लुधियाना, अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा स्टेशन।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश – कोलकाता – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04312 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04311 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 22:25 | -- |
| 08:00 | -- | कोलकाता | -- | 13:55 |

चलने के दिन: 04312 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 26.02.2026 एवं 02.03.2026 को और 04311 कोलकाता से दिनांक 28.02.2026 एवं 04.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल जं. एवं नैहाटी जं. स्टेशन।

**04614/04613 अमृतसर – कटिहार – अमृतसर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04614 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04613 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:15 | अमृतसर | 14:40 | -- |
| 01:00 | -- | कटिहार जं. | -- | 04:00 |

चलने के दिन: 04614 अमृतसर से दिनांक 25.02.2026, 01.03.2026 एवं 05.03.2026 को और 04613 कटिहार जं. से दिनांक 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 07.03.2026 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., ढंढारी कलाँ, अम्बाला कैंट, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान, छपरा, सोनपुर, हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बछवारा जं., बरौनी जं., खगड़िया जं., मानसी जं. एवं नवगछिया स्टेशन।

**04412/04411 तिलक ब्रिज – मुरादाबाद जं. – तिलक ब्रिज अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04412 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04411 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 10:00 | तिलक ब्रिज | 16:50 | -- |
| 13:00 | -- | मुरादाबाद जं. | -- | 13:30 |

चलने के दिन: 04412 तिलक ब्रिज और 04411 मुरादाबाद जं. से दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 तक।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: आनंद विहार हॉल्ट, साहिबाबाद, गाज़ियाबाद जं., पिलखुआ, हापुड़ जं., गढ़मुक्तेश्वर, गज़रौला जं. एवं अमरोहा स्टेशन।

**08629/08630 राँची – गोरखपुर जं. – राँची होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08629 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08630 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | राँची | 20:45 | -- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी जं. | 08:10 | 08:20 |
| 21:30 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 00:50 |

चलने के दिन: 08629 राँची से दिनांक 02.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को और 08630 गोरखपुर जं. से दिनांक 04.03.2026 से 01.04.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, कोडरमा, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ओन सोन, सासाराम, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., औंड़िहार जं., मऊ जं., सलेमपुर जं., भटनी जं. एवं देवरिया सदर स्टेशन।

**01431/01432 पुणे – गाजीपुर सिटी – पुणे (सप्ताह में दो दिन) स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01431 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01432 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:40 | पुणे | 16:20 | -- |
| 15:30 | 15:40 | वाराणसी जं. | 08:20 | 08:30 |
| 19:05 | -- | गाजीपुर सिटी | -- | 04:20 |

चलने के दिन: 01431 पुणे से दिनांक 24.02.2026, 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 06.03.2026 (प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार) को और 01432 गाजीपुर सिटी से दिनांक 26.02.2026, 01.03.2026, 05.03.2026 एवं 08.03.2026 (प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार) को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खण्डवा, ईटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।

**01491/01492 पुणे – हज़रत निज़ामुद्दीन – पुणे (साप्ताहिक) स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01491 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 17:30 | पुणे | 23:55 | -- |
| 20:00 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 21:25 |

चलने के दिन: 01491 पुणे से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (प्रत्येक शुक्रवार) और 01492 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 28.02.2026 एवं 07.03.2026 (प्रत्येक शनिवार) को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: लोणावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा जं., गोधरा जं., रतलाम जं., शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी जं., भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.–गोरखपुर–छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 31 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01079 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01080 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 00:40 | -- |
| 04:10 | 04:15 | लखनऊ जं. | 19:50 | 19:55 |
| 10:00 | -- | गोरखपुर | -- | 14:30 |

चलने के दिन: 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 08.03.2026 को और 01080 गोरखपुर से दिनांक 23.02.2026 से 10.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर, ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खण्डवा जं., ईटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**01415/01416 पुणे – गोरखपुर – पुणे स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 31 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01415 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01416 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:50 | पुणे | 03:15 | -- |
| 10:00 | 10:05 | लखनऊ जं. | 22:30 | 22:35 |
| 16:00 | -- | गोरखपुर | -- | 17:30 |

चलने के दिन: 01415 पुणे से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 और 01416 गोरखपुर से दिनांक 22.02.2026 से 09.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खण्डवा, ईटारसी जं., भोपाल जं., बीना, विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**06569/06570 यशवंतपुर जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन – यशवंतपुर जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06569 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06570 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:40 | यशवंतपुर जं. | 21:40 | -- |
| 14:45 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 07:00 |

चलने के दिन: 06569 यशवंतपुर से दिनांक 25.02.2026 और 06570 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 01.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: येलहंका जं., धर्मावरम जं., अनंतपुर, डोन जं. कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काज़ीपेट जं. बल्हारशाह, नागपुर जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ग्वालियर जं., आगरा कैंट जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**05219/05220 मुज़फ़्फ़रपुर जं. – आनंद विहार (ट) – मुज़फ़्फ़रपुर जं. स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05219 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:30 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 09:45 | -- |
| 10:00 | -- | आनंद विहार (ट) | -- | 12:00 |

चलने के दिन: 05219 मुज़फ़्फ़रपुर जं. से दिनांक 06.03.2026 और 05220 आनंद विहार (ट) से दिनांक 07.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. ईकोनॉमी।
ठहराव: हाजीपुर जं., सोनपुर जं., पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**05559/05560 रक्सौल जं. – उधना जं. – रक्सौल जं. स्पेशल मेल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05559 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05560 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:30 | रक्सौल जं. | 00:15 | -- |
| 14:50 | 15:00 | लखनऊ जं. | 14:20 | 14:30 |
| 13:05 | -- | उधना जं. | -- | 15:35 |

चलने के दिन: 05559 रक्सौल जं. से दिनांक 28.02.2026 और 05560 उधना जं. से दिनांक 01.03.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सिकटा,नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ललितपुर, बीना जं., संत हिरदाराम नगर, सीहोर, उज्जैन जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं. एवं भरुच जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# असम में पहली बार सीआरपीएफ की स्थापना दिवस परेड, पूर्वोत्तर के लिए गौरव का क्षण : अमित शाह

एजेंसी

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि असम में पहली बार आयोजित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वें स्थापना दिवस की परेड पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के 86 वर्ष के इतिहास में पहली बार यह परेड पूर्वोत्तर में आयोजित की गई है।

सरुसोजाई स्थित अर्जुन भोगेश्वर बरुवा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने बताया कि वर्ष 2019 में केंद्र सरकार ने निर्णय लिया था कि सीआरपीएफ का स्थापना दिवस समारोह देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष यह आयोजन असम में हो रहा है।

उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों के योगदान और बलिदान को याद करते हुए कहा कि अब तक 2,270 जवान देश की सेवा में शहीद हुए हैं। इनमें लगभग 700 पूर्वोत्तर क्षेत्र में, 540 जम्मू-कश्मीर में और 79 असम में शहीद हुए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, झारखंड और पूर्वोत्तर जैसे क्षेत्र कभी गंभीर रूप से प्रभावित माने जाते थे, लेकिन सुरक्षा बलों के सतत प्रयासों से वहां की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गृह मंत्री ने बताया कि दो बटालियन से शुरू हुआ सीआरपीएफ आज 243 बटालियनों और 3.89 लाख से अधिक कर्मियों की शक्ति वाला बल बन चुका है। उन्होंने कहा कि उग्रवाद और वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सीआरपीएफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इससे पहले 20 फरवरी को गृह मंत्री ने कछार




जिले के काटीगड़ा स्थित नतुनपुर में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 'वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 17 राज्यों के 334 ब्लॉकों और लगभग 1,954 गांवों का विकास किया जाएगा, जिनमें असम के 140 गांव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि असम में अवैध भूमि अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में राज्य सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। सिलचर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में असम में प्रतिदिन औसतन 14 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया है तथा कई महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण भी पूरा हुआ है। उल्लेखनीय है कि, गृह मंत्री दो दिवसीय दौरे पर असम में हैं, जहां वे विभिन्न आधिकारिक कार्यक्रमों और जनसभाओं में भाग ले रहे हैं।

# सरकार–उद्योग–समाज के समन्वय से ही होगा रूपांतरण: उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि देश के समग्र रूपांतरण के लिए सरकार, उद्योग और समाज के बीच सशक्त समन्वय अनिवार्य है तथा यही विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का आधार बनेगा।

उपराष्ट्रपति शनिवार को यहां भारत मंडपम में एक मीडिया ग्रुप के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा के इस परिवर्तनकारी दौर में ऐसा सहयोग और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने पिछले एक दशक में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत विश्व की दसवीं अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तीसरे स्थान की ओर अग्रसर है। संरचनात्मक सुधारों, समावेशी विकास, डिजिटल संपर्क, वित्तीय समावेशन और आधारभूत ढांचे के विस्तार से 25 करोड़ से अधिक नागरिक अत्यधिक गरीबी से



बाहर आए हैं और देशभर में नई आकांक्षाएं जगी हैं।

उन्होंने कहा कि विकास के अगले चरण में सरकार, उद्योग और नागरिक समाज के बीच गहन साझेदारी की आवश्यकता है। उनके अनुसार कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) अब परिधि का विषय नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्रगति का केंद्रीय स्तंभ बन चुका है, जहां उद्यम और संवेदना का संगम होता है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत अ 2047' के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विकास व्यापक, समावेशी और टिकाऊ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएसआर के माध्यम से सार्वजनिक शिक्षा को सुदृढ़ किया जा सकता है, दूरदराज क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जा सकता है, उद्योग-संरेखित कौशल विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है, महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को समर्थन दिया जा सकता है तथा नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु अनुकूल पहल के जरिए हरित परिवर्तन को गति दी जा सकती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सीएसआर केवल कानून के अनुपालन का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नीतिगत सुधारों जैसे 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस', डिजिटल शासन और जीएसटी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन कदमों से व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास मजबूत हुआ है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल नीतियां किसी राष्ट्र का कायाकल्प नहीं कर सकतीं, बल्कि वास्तविक परिवर्तन तब होता है जब सरकार, उद्योग और समाज एक दिशा में आगे बढ़ें।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ट्रंप ने लागू किये 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय द्वारा उनके व्यापक टैरिफ कार्यक्रम के बड़े हिस्से को खारिज किए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए एक नया आदेश जारी किया है, जिसके तहत दुनिया भर से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही ''समायोजन प्रक्रिया शुरू हो गयी है।


अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने श्री ट्रंप के पहले के व्यापक टैरिफ कार्यक्रम को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) राष्ट्रपति को ऐसे व्यापक आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं देता और यह अधिकार कांग्रेस के पास है। नये टैरिफ व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा 122 के तहत लगाये गये हैं और ये ''लगभग तुरंत'' प्रभावी होंगे। ये अधिकतम 150 दिनों तक लागू रहेंगे। यह कदम श्री ट्रंप के संरक्षणवादी व्यापार एजेंडे का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भुगतान संतुलन घाटे और कथित अनुचित व्यापार प्रथाओं से निपटना है। श्री ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को ''बेहद निराशाजनक'' करार देते हुए कहा कि उनके पहले के टैरिफ के खिलाफ मतदान करने वाले न्यायाधीशों को ''शर्म आनी चाहिए।'' छह-तीन के बहुमत वाले इस फैसले से आईईईपीए के तहत पहले लगाये गये अरबों डॉलर के टैरिफ अमान्य हो गये हैं, जिससे सरकार को 130 अरब से 175 अरब डॉलर तक की राशि वापस करनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि धारा 122 के तहत 10 प्रतिशत शुल्क ''समायोजन प्रक्रिया की शुरुआत'' है और अदालत द्वारा रद्द किये गये टैरिफ के स्थान पर ''वैकल्पिक उपायों'' का इस्तेमाल किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सुरक्षा हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी: सीडीएस चौहान

एजेंसी

श्रीनगर गढ़वाल। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान शनिवार को उत्तराखंड के श्रीनगर गढ़वाल पहुंचे। उन्होंने यहां हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया और राष्ट्रीय सुरक्षा व समसामयिक विषयों पर छात्र-छात्राओं से संवाद किया।

अपने संबोधन में जनरल चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सेना का दायित्व नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है, जिसकी शुरुआत विद्यालयों और विश्वविद्यालयों से होनी चाहिए। उन्होंने भारत की सामरिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय सुरक्षा का केंद्रीय तत्व बताया। उन्होंने बदलते युद्ध स्वरूप, तकनीक-प्रधान संघर्ष, सीमाई चुनौतियों और



परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी देशों के संदर्भ में उन्होंने सुदृढ़ सरकार, मजबूत सेना और रणनीतिक तैयारी की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सीडीएस चौहान से राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य करियर से जुड़े प्रश्न भी पूछे, जिनके उन्होंने उत्तर दिए। उन्होंने महिला भर्ती संबंधी प्रश्न पर कहा कि भारतीय सेना में महिलाओं को समान अवसर और जिम्मेदारियां दी जा रही हैं और चयन का आधार केवल योग्यता और प्रतिबद्धता है। इस दौरान जनरल चौहान ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को 227 महत्वपूर्ण पुस्तकें भी भेंट कीं। साथ ही प्रो. एम.पी.एस. बिष्ट द्वारा संपादित पुस्तक 'रणभूमि दर्शन' का विमोचन भी किया। पुस्तक में सीमांत गांवों के भ्रमण और सैन्य छावनी लैंसडाउन से जुड़े संस्मरणों का संकलन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि उत्तराखंड की वीरभूमि जनरल चौहान के आगमन से गौरवान्वित है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने सेना के साथ अग्निवीर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एमओयू किए हैं और ''विकसित भारत 2047'' के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पुस्तकालय को भेंट की गई पुस्तकों के लिए आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में देवप्रयाग के विधायक विनोद कंडारी, सैन्य अधिकारी, शिक्षक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस का प्रदर्शन राष्ट्र के खिलाफ अपराध: भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भारत मंडपम में एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को राष्ट्र के खिलाफ अपराध बताया है। भाजपा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते करते कांग्रेस अब राष्ट्र विरोधी हो गयी है।

संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा, ''कांग्रेस द्वारा किया गया यह विरोध निंदनीय है। यह सिर्फ एक गलती नहीं बल्कि राष्ट्र के खिलाफ अपराध है। माफी मांगने की जगह कुछ कांग्रेस नेता इसको जायज ठहरा रहे थे और कह रहे थे कि ये युवाओं का आक्रोश है। दुनिया के सामने वो भारत को बदनाम करने के लिए इसे युवाओं का आक्रोश कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस भाजपा की आलोचना कर रही हैं तो कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जब दुनिया भारत की प्रगति की सराहना कर रही है तो इसे स्वीकार करना चाहिए है। यहां तक कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी कहा कि एक दशक पहले डिजिटल लेनदेन बहुत कम थे और आज तो गली-मोहल्ले के विक्रेता भी यूपीआई का उपयोग कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि फिर भी राहुल गांधी भारत की इस सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं और देश का अपमान करना जारी रखे हुए हैं। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के कई नेताओं को उन्होंने राहुल गांधी को समझाने की कोशिश करने के कहा लेकिन राहुल न जाने कब समझदारी से पेश आएंगे? युवा कांग्रेस के इस प्रदर्शन से भाजपा ही नहीं देश के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हें समझना चाहिए कि एआई शिखर सम्मेलन भाजपा का कार्यक्रम नहीं बल्कि देश के लिए गौरव की बात है।

# आपदा प्रबंधन नीति की मजबूती के लिए त्रिपक्षीय समझौता

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में आपदा प्रबंधन नीति को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन और जोखिम न्यूनीकरण (डीएमआरआर) में अकादमिक कार्यक्रम शुरु कर, क्षमता निर्माण, नीति अनुसंधान और संचार को बढ़ावा देने के ख्याल से एक महत्वपूर्ण सहयोगात्मक ढांचा स्थापित करने के लिए आपसी सहमति के एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), वैज्ञानिक और नवोन्मेषी अनुसंधान अकादमी (एसीएसआईआर) और सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर) के बीच शनिवार को इस आशय के त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गये। आधिकारिक सूचना के अनुसार इस समझौते का मकसद शैक्षणिक पहलों, अनुसंधान और सशक्त जन सहभागिता के जरिए आपदा प्रतिरोधी निर्माण के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति को एकीकृत करना है। इससे एनडीएमए के सहयोग से सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर में एसीएसआईआईआर के तहत आपदा प्रबंधन में पीएचडी कार्यक्रम शुरु कर डीएमआरआर में विज्ञान संचार और क्षमता निर्माण पहलों सहित संयुक्त अनुसंधान और नीति का अध्ययन करना है। समझौता एनडीएमए के सदस्य डॉ. दिनेश कुमार असवाल, एसीएसआईआर के निदेशक प्रो.फ़ेसर मनोज कुमार धर तथा डीएमआरआर के डॉ. गीता वानी के मौजूदगी में हुआ। आपदा प्रबंधन की मजबूती के इस त्रिपक्षीय समझौते में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के अधीन आपदा प्रबंधन नीतियों से संबंधित सर्वोच्च निकाय एनडीएमए इसमें रणनीतिक दिशा-निर्देश और विशेषज्ञता प्रदान करेगा जबकि विश्वविद्यालयी शोध की प्रबीणता वाला एसीएसआईआर, अकादमिक कार्यक्रमों और अनुसंधान पहलों का नेतृत्व करेगा। समझौते के तहत सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर अकादमिक कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा।

## जयशंकर ने की राष्ट्रपति दा सिल्वा से मुलाकात, 'रणनीतिक साझेदारी में उनके मार्गदर्शन' की सराहना की

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मुलाकात की और भारत–ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन की सराहना की। श्री जयशंकर ने मुलाकात के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत की राजकीय यात्रा पर आये ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके गर्मजोशी भरे विचारों और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बैठक से द्विपक्षीय संबंधों को नयी गति मिलेगी। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपने अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आये हैं। इसमें 11 कैबिनेट मंत्री, 300 से अधिक कारोबारी और विभिन्न कंपनियों के 50 मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हैं, जो व्यापार वाताओं में भाग लेंगे। श्री दा सिल्वा की यह यात्रा जुलाई 2025 में श्री मोदी की ब्राजील की यात्रा के बाद हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ब्राजील यात्रा थी। इस प्रतिनिधिमंडल से द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को नयी दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत–ब्राजील संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ेगा।

# चुनाव आयोग बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले केंद्रीय बलों की तैनाती शुरू करेगा

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही चुनाव आयोग राज्य में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती शुरू कर देगी।

गृह मंत्रालय से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह तैनाती दो चरणों में होगी। शुरुआत में राज्य में कुल 480 कंपनियां तैनात की जायेंगी। पहले चरण में एक मार्च तक 240 कंपनियों को तैनात किया जायेगा। इनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 110 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 55 कंपनियां, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 27 कंपनियां, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 27 कंपनियां और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की 21 कंपनियां शामिल हैं। दूसरे चरण में 10 मार्च तक अतिरिक्त 240 कंपनियों को तैनात किया जायेगा। इस जत्थे में सीआरपीएफ की 120 कंपनियां, बीएसएफ की 65, आईटीबीपी की 20, एसएसबी की 19 और अन्य केंद्रीय बलों की 16 कंपनियां शामिल होंगी। गृह मंत्रालय ने औपचारिक रूप से राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को तैनाती योजना की जानकारी दे दी है और राज्य प्रशासन को चुनाव से पहले आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। संयोगवश केंद्रीय बल की तैनाती शुरू होने से एक दिन पहले पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) का 28 फरवरी को प्रकाशन किया जायेगा।

वर्ष 2021 के आठ फ़ेज में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बल की करीब 1,100 कंपनियां तैनात की गयी थीं। चुनाव आयोग ने पहले ही राज्य प्रशासन से संवेदनशील और असुरक्षित मतदान केंद्रों की पहचान करने के लिए कहा है। इससे पहले राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया था कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के चरणों की संख्या मुख्य रूप से केंद्रीय बलों की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। सीईओ कार्यालय ने एक ही चरण में चुनाव कराने को प्राथमिकता दी है और इस संबंध में केंद्र को एक प्रस्ताव भेजा है।

# पेज एक का शेष

## अन्नदाता किसानों ...

पहुंच जाएगा पैसा उन्होंने कहा कि फसल को सूखे-अतिवृष्टि के कारण नुकसान हुआ है। जब हम फसल का बीमा कराते हैं, तो जरूरत पर रिटर्न भी मिलता है। आपदा के कारण नुकसान हुआ तो भरपाई होती है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में पहले केवल किसान कवर होता था, उसके परिवार के सदस्य, बटाईदार, सह किसान कवर नहीं होते थे। हमारी सरकार में 1000 करोड़ से अधिक की धनराशि के जरिए किसान या उसके परिवार के सदस्यों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान कर रही है। किसी मनुष्य की कमी की भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन सरकार संबल देने के लिए खड़ी हो सकती है। आपदा प्रभावित 3500 पीड़ित किसानों, सह किसानों, पारिवारिक सदस्यों, बटाईदारों आदि को लाभ दिया गया है। इससे पहले 16 जून 2025 को 11,690 किसानों व आश्रितों को 561.86 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि कल तक यह पैसा सभी किसानों या आश्रित परिवारों के खाते में पहुंच जाए। आपदा मित्रों को पांच लाख का बीमा कवर सीएम योगी ने कहा कि आपदा प्रबंधन में फर्स्ट रिस्पॉन्डर आपदा मित्र हो सकता है। 25 जिलों में 29,772 युवा स्वयंसेवकों (एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, भारत स्काउट एंड गाइड) को प्रशिक्षित कर आपदा मित्र बनाया जा रहा है। इन्हें इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट, आपदा मित्र ट्रेनिंग, मॉड्यूल आईडी, आईडी कार्ड व प्रमाण पत्र दिए गए हैं। प्रदेश सरकार ने 10 फरवरी को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के साथ एमओयू किया है, जिसमें आपदा मित्र को तीन वर्ष के लिए पांच लाख का बीमा कवर प्रदान किया गया है। प्रदेश में अभी तक 2959 युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षित किए जा चुके हैं, शेष का प्रशिक्षण भी आगे बढ़ाया जाएगा। आपदा के 24 घंटे में खाते में पैसा उन्होंने कहा कि पहले आपदा आने पर वर्षों तक पीड़ितों को कोई पूछता तक नहीं था। 2015-16 में एक बार किसी किसान के खाते में दो रुपये, किसी के चार रुपये आए थे। हमारा प्रयास है कि बाढ़, आकाशीय बिजली, आगजनी जैसी आपदा आते ही 24 घंटे के भीतर पीड़ित के खाते में पैसा पहुंच जाए। 2025-26 में राज्य आपदा मोचक निधि में 876 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें से फसल क्षति से प्रभावित 5, 14,322 किसानों को 260 करोड़ रुपये का कृषि निवेश अनुदान, जनहानि के 5398 पीड़ितों को 216 करोड़, मकान क्षति के 27448 प्रभावितों को 24 करोड़ रुपये सरकार वितरित कर चुकी है। लखनऊ समेत पांच जिलों में डॉप्लर वेदर राडार की स्थापना सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर राडार की स्थापना होने जा रही है। इससे मौसम का पूर्वानुमान लगाने के साथ ही यह भी बता सकेंगे कि कहां पर आकाशीय बिजली गिरने का खतरा है। प्रदेश में 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और ब्लॉक स्तर पर 2000 ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित करने की कार्रवाई लगभग पूर्ण हो चुकी है।

## अविमुक्तेश्वरानंद...

न्यायालय ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और मामले की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय के आदेश के बाद अब झूंसी थाने में मामला दर्ज किया जाएगा। धारा 173 (4) के तहत शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने एफआईआर दर्ज करने और मामले की जांच करने की मांग को लेकर कोर्ट में वाद दायर किया था। जिस पर अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है।शाकुंभरी पीठाधीश्वर और श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण ट्रस्ट के आशुतोष ब्रह्मचारी ने अदालत के आदेश पर संतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि न्याय के मंदिर से न्याय मिला है। न्यायाधीश ने बच्चों के साथ हुए लैंगिक अपराध के मामले में झूंसी थाने में एफआईआर करते हुए जांच करने का आदेश दिया है। कहा कि सनातन के नाम पर बच्चों का शोषण करने वालों को सजा मिलेगी। कहा कि वह प्रयागराज से विद्या मठ वाराणसी के लिए पैदल यात्रा निकालेंगे।

## होमगार्ड भर्ती में ...

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा स्नातक-परास्नातक विद्यार्थियों के लिए दो वर्षीय आपदा प्रबंधन इंटर्नशिप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत हरदोई के गोकर्ण को 2.11 लाख रुपये, हमीरपुर से मोहन लाल को 1.72 लाख, एटा की विनीता देवी को 1.17 लाख, जालौन के शिवम राजावत को 1.03 लाख तथा कन्नौज की सुशीला सिंह को 88 हजार की क्षतिपूर्ति का चेक प्रदान किया। कृषि यंत्रीकरण के तहत एग्रीग्रेटर में रायबरेली के कुलदीप मौर्य को 32 लाख, सीएचसी (कस्टम हायरिंग सेंटर) में लखनऊ के दीपचंद्र को 22.33 लाख, लखनऊ के मटरू प्रसाद को चार लाख, एफएमबी (फॉर्म मशीनरी बैंक) के लिए रायबरेली के कृपाशंकर शुक्ल तथा सीतापुर के अखिलेश तिवारी को 8-8 लाख रुपये का अनुदान दिया। मुख्यमंत्री ने रायबरेली की प्रीति, सीतापुर की रागिनी वर्मा, उन्नाव की शगुना, लखनऊ की इंदरानी व ऊषा को 5-5 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति का चेक दिया। सीएम ने मंच पर युवा आपदा मित्र कौशलेंद्र कुमार सिंह (लखनऊ), महक श्रीवास्तव (लखीमपुर खीरी), हज्र फातिमा (लखीमपुर खीरी), सुखमन कौर (लखीमपुर खीरी) व शोभित कुमार चौहान (लखीमपुर खीरी) को 5-5 लाख की जीवन बीमा पॉलिसी प्रदान की।

## दिल्ली में लश्कर...

हैं। उस समय लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोटकों से भरी एक कार में हुए ब्लास्ट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी थी और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। जांच में सामने आया था कि उस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट आधारित विस्फोटकों का प्रयोग किया गया था। अधिकारियों ने बाद में उस वाहन के चालक की पहचान उमर मोहम्मद उर्फ 'उमर उन नबी' के रूप में की थी। नबी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा एक डॉक्टर था। जांच एजेंसियां इस पहलू पर भी गौर कर रही हैं कि क्या लश्कर-ए-तैयबा का यह संभावित कदम इस महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद की एक मस्जिद पर किए गए आतंकी हमले को दोहराने की मंशा से प्रेरित है। ज्ञात हो कि गत छह फरवरी को इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित इमाम बारगाह क़सर-ए-खदीजतुल कुबरा मस्जिद में हुए आत्मघाती विस्फोट में 32 लोग मारे गए थे और 160 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली थी।

भारत के विदेश मंत्रालय ने उस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा था, ''इस्लामाबाद की मस्जिद में हुआ बम धमाका निंदनीय है और भारत इसमें हुई जनहानि पर संवेदना व्यक्त करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान अपने सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुँचाने वाली आंतरिक समस्याओं के समाधान के बजाय अपनी घरेलू बुराइयों के लिए दूसरों पर दोष मढ़कर स्वयं को भ्रम में रख रहा है। भारत ऐसे सभी आरोपों को खारिज करता है, जो पूरी तरह निराधार और अर्थहीन हैं।''

## भारत में अब...

भले ही देरी से शुरू किया है लेकिन आज हम बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 20वीं सदी में जिस देश के पास तेल था वहां पर समृद्ध और सामर्थ्य था। 21वीं सदी में यही सामर्थ्य छोटी सी चीप के पास है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान हमने देखा है कि छोटी सी चीप की सप्लाई चेन कितनी कमजोर रही। उस दौरान चीप की सप्लाई रूकने से दुनिया में फैक्ट्रियां रुक गईं। भारत ने उस संकट से भी सीखा और उसे अवसर में बदलने का प्रयास शुरू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने तय किया है कि भारत को चिप मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि जब भारत की चीप मेक इन इंडिया होगी तो हमें आधुनिक साज्जो-सामान की मैन्युफैक्चरिंग के लिए दूसरों की तरफ नहीं देखना पड़ेगा। जब हमारे पास अपनी चीप होगी तो हर सेक्टर में भारत की गति बिना रूके जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर और बैटरी निर्माण के लिए बड़े कदम उठा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहुआयामी विजन के चलते उत्तर प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के समय में गोलियां चलती थी, अपहरण होते थे, अराजक व्यवस्था का आलम था, इतना डर था कि लोग सूर्यास्त होने के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। आज जेवर का यह क्षेत्र न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि भारत का जेवर बनकर उभर रहा है। योगी ने कहा कि आज यहां प्रदेश का प्रथम सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित होने से इस क्षेत्र की नई पहचान होगी। सभी के सकारात्मक प्रयास की वजह से यह क्षेत्र न सिर्फ मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग बल्कि इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के बड़े मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में अपने आप को स्थापित कर रहा है। योगी ने कहा कि उप्र देश के अग्रणी राज्य के रूप में आगे बढ़ रहा है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईजीआईएमएस में बन रहे 1200 बिस्तरों वाले नए अस्पताल भवन का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अधिकारियों को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), शेखपुरा, पटना में 1200 शैय्या के नये अस्पताल भवन सह आवसीय भवन के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने आज आईजीआईएमएस), शेखपुरा, पटना में 1200 शैय्या के नये अस्पताल भवन सह आवसीय भवन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री कुमार को बताया कि इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द पूर्ण हो जायेगा। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इस निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से मरीजों को इलाज में और सहूलियत होगी। साथ ही बिहार की स्वास्थ्य सेवायें बेहतर और उन्नत होंगी। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि 24 नवंबर 2005 को राज्य में जब से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनी तब से समाज के सभी वर्ग के लोगों के उत्थान एवं हर क्षेत्र के विकास के लिये काम किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किये गये हैं। उन्होंने बताया कि पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज के लिए प्रतिमाह मात्र 39 मरीज ही आते थे यानी प्रतिदिन एक या दो मरीज आते थे। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मुफ्त दवा और इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महीने औसतन 11 हजार 600 मरीज आते हैं। बिहार में पहले मात्र 06 मेडिकल कॉलेज थे जिनकी संख्या अब 12 हो गयी है। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को 5400 बेड तथा अन्य पांच पुराने मेडिकल कॉलेज को 2500 बेड का किया जा रहा है। साथ ही आईजीआईएमएसको 3000 बेड का बनाया जा रहा है। श्री कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था काफी सुदृढ़ हुयी है जिससे बिहार के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, डॉ.चन्द्रशेखर सिंह, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव हिमांशु शर्मा, बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित कुमार पाण्डेय, आईजीआईएमएस के निदेशक प्रो. (डॉ.) बिन्दे कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम नीतीश ने डीबीटी के माध्यम से बाढ़ प्रभावित किसानों के खातों में 113 करोड रुपये हस्तांतरित किए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत, वर्ष 2025 में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़ एवं मोन्था तूफान के कारण हुई फसल क्षति के लिए 02 लाख से अधिक प्रभावित किसानों को 100 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का डीबीटी के माध्यम से रिमोट दबाकर अंतरण किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान इस राशि का उपयोग आगामी फसलों के लिए कर सकेंगे। कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत सभी बाढ़ प्रभावित किसानों को अनुदान राशि दी जा रही है। राज्य सरकार सभी बाढ़ पीड़ित किसानों को सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। हमलोग किसानों की तरक्की के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हमारा मानना है कि राज्य के खजाने पर बाढ़ पीड़ितों का पहला अधिकार है। वर्ष 2025 में भारी वर्षा से उत्पन्न बाढ़ एवं मोथा तूफान से राज्य के 13 जिलों यथा बेगुसराय, भोजपुर, दरभंगा, गयाजी, कैमूर, किशनगंज, मधेपुरा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी एवं सुपौल में काफी फसल क्षति हुयी थी। इन जिलों के 53 प्रखंड और 493 पंचायत के किसान प्रभावित हुये थे। जिसके लिए कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत प्रभावित किसानों को फसल क्षतिपूर्ति अनुदान दिया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा सभी प्रभावित जिलों के किसानों से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया गया तथा जिलों द्वारा इसका सत्यापन किया गया। आज 2 लाख 2 हजार किसानों को 113 करोड़ 16 लाख रूपये सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में तीन जगह आग, मदनपुर खादर में सिलेंडर ब्लास्ट से एक परिवार के 3 लोग झुलसे

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के आग की तीन अलग-अलग घटनाओं से हड़कंप मच गया। पहली घटना दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके की है, जहां शनिवार सुबह करीब 4:46 बजे एक मकान के ग्राउंड फ्लोर पर सिलेंडर ब्लास्ट के बाद भीषण आग लग गई। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों की पहचान जगदीश (60), उनकी पत्नी लक्ष्मी (52) और बेटे जतिन (22) के रूप में हुई है। तीनों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार सभी की हालत गंभीर बनी हुई है। दमकल विभाग के मुताबिक सुबह 4:46 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही तीन दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज धमाके की आवाज के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में गैस सिलेंडर फटने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। दूसरी घटना मध्य दिल्ली के दयाबस्ती इलाके के पास शुक्रवार रात करीब 11 बजे सामने आई। यहां एक फैक्टरी में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने एक-एक कर 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा। जांच में पता चला कि फैक्टरी में कुर्सियां बनाने का काम होता था। आग तेजी से फैल गई, जिससे आसपास के इलाकों में धुआं भर गया। दमकल अधिकारियों के अनुसार काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। खबर लिखे जाने तक कूलिंग का काम जारी था और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### महाराजगंज में मैट्रिक परीक्षा के दौरान पांच छात्राएं बेहोश प्राथमिक उपचार के बाद लौटाया गया केंद्र

**सीवान।** जिले के महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय में मैट्रिक परीक्षा के पांचवें दिन विज्ञान विषय की प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान दो अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर पांच छात्राएं अचानक बेहोश हो गईं। घटना के बाद परीक्षा केंद्रों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार, सेंट जोसेफ स्कूल तथा उमाशंकर प्रसाद उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा चल रही थी, तभी कुल पांच छात्राएं अचानक बेहोश हो गईं। उमाशंकर प्रसाद उच्च विद्यालय केंद्र के केंद्राधीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह और सेंट जोसफ स्कूल के केंद्राधीक्षक ने तत्काल इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी।सूचना मिलते ही अधिकारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर तुरंत एंबुलेंस भेजने का निर्देश दिया। एंबुलेंस के माध्यम से सभी छात्राओं को पीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।सेंट जोसेफ स्कूल केंद्र की परीक्षार्थी किरण कुमारी, तबस्सुम, ज्योति तथा उमाशंकर प्रसाद उच्च विद्यालय केंद्र की आंचल कुमारी और खुशबू कुमारी ने बताया कि परीक्षा के दौरान उन्हें अचानक डर और घबराहट महसूस होने लगी, जिसके बाद वे बेहोश हो गईं।घटना की सूचना मिलते ही महाराजगंज की एसडीओ अनीता सिन्हा, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार तथा थाना अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी पीएचसी पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

### उत्तराखंड में साफ और शुष्क रहेगा मौसम, कोई चेतावनी नहीं

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के सभी जनपदों में दिनभर मौसम साफ और शुष्क बना रहेगा। फिलहाल किसी भी जनपद के लिए कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। शनिवार को मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में वर्षा या बर्फबारी की संभावना नहीं है और सामान्य परिस्थितियां बनी रहेंगी। शुष्क मौसम के चलते तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। राजधानी देहरादून में आसमान मुख्यतः साफ रहने का अनुमान है। यहां अधिकतम तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

### सैलजा ने यादव के जवाब पर गंभीर चिंता जतायी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने घग्गर नदी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा भेजे गए आधिकारिक जवाब पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जब सरकार स्वयं स्वीकार कर रही है कि हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ से विभिन्न नालों के माध्यम से अपशिष्ट जल घग्गर में छोड़ा जा रहा है, तो केवल कागजी योजनाएं पर्याप्त नहीं हैं। सुश्री सैलजा ने केंद्र और राज्य सरकारों से समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि वर्षों से सफाई के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

### बीएसएफ के 458 पुरुष रंगरूट हुए पासआउट

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर खारकान शिविर स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) में शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 458 पुरुष रंगरूट कांस्टेबलों को बल में शामिल किया गया । एसटीसी के शहीद सतपाल चौधरी परेड ग्राउंड में बैच संख्या 277 और 278 की परेड और प्रमाणन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एसडीजी मुख्यालय बीएसएफ (पश्चिमी कमान), चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक सतीश एस खंडारे मुख्य अतिथि थे और उन्होंने परेड में सलामी ली।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन भारत मंडपम में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस के द्वारा किए गए विरोध के खिलाफ किया जा रहा है। भाजपा नेताओं, सांसदो और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम के दौरान विरोध प्रदर्शन कर युवा कांग्रेस ने देश की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि राहुल गांधी इतने निम्न स्तर पर उतर आए हैं कि प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते अब देश का विरोध करने लगे हैं।

# रेखा गुप्ता ने 'सीएम जनसुनवाई पोर्टल एवं मोबाइल ऐप' का किया शुभारंभ

### इंडियन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एआई समिट में विरोध प्रदर्शन को मुख्यमंत्री ने बताया शर्मनाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली सचिवालय से 'सीएम जनसुनवाई पोर्टल एवं मोबाइल ऐप', 'ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल' को कॉमन सर्विस केंद्रों (सीएससी) से जोड़ने और नए ईडब्ल्यूएस/ डीजी/ सीडब्ल्यूएसएन पोर्टल' का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि पहली बार दिल्ली में हमने जनसुनवाई के माध्यम से सरकार के द्वार जनता के लिए खोले। अब जनसुनवाई को डिजिटल बनाकर इसे और अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट आशीष सूद, डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर दिल्लीवासी अपने मोबाइल या पोर्टल के माध्यम से पानी, बिजली, सड़क और सफाई जैसी समस्याओं की शिकायत सीधे दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आय, निवास, जाति, विवाह, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और राशन कार्ड सहित 75 सरकारी सेवाएं अब दिल्ली के 7,000 कॉमन सर्विस केंद्रों पर घर के पास ही मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/वंचित समूह (डीजी)/ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) पोर्टल' से निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया और अधिक साफ, पारदर्शी और व्यवस्थित होगी, जिससे बच्चों को सही और निष्पक्ष अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऐसी विकसित दिल्ली बनाने के लिए लगातार काम कर रही है, जहां तकनीक के माध्यम से हर नागरिक को बेहतर और आसान सेवाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने इंडियन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एआई समिट में विरोध प्रदर्शन को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह देशद्रोही मानसिकता है। उन्होंने कहा कि देश में इतना बड़ा कार्यक्रम हो रहा है और कांग्रेस देश को कभी आगे बढ़ते नहीं देख सकती है।

## सुभाष नगर मेट्रो रेड लाइट के पास हादसा, स्कूटी सवार युवक की मौत

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना सुभाष नगर मेट्रो रेड लाइट के पास, नजफगढ़ रोड पर राजौरी गार्डन की ओर जाने वाली लेन में हुई। पुलिस के अनुसार तड़के 3:26 बजे दुर्घटना और एक युवक के घायल होने की सूचना पीसीआर कॉल के माध्यम से तिलक नगर थाना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हालत में मिले। हादसे में घायल युवक की पहचान रघुबीर नगर निवासी हेम शंकर (25) के रूप में हुई। पुलिस युवक को तुरंत दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह ई-स्कूटी पर सवार था और एक निजी डिलीवरी कंपनी में कार्यरत था। पुलिस अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीछे से आ रही वर्ना कार ने ई-स्कूटी को टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# दिल्ली पुलिस सप्ताह के तहत महिला सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक, जागरूकता का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस सप्ताह के अवसर पर महिला सुरक्षा को लेकर शनिवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला एवं बाल विशेष पुलिस इकाई (एसपीयूडब्ल्यूएसी) ने वसंत कुंज, आरके पुरम (झुग्गी बस्ती क्षेत्र) और खान मार्केट में महिला सुरक्षा जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय और संवादों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, कानूनी अधिकार, साइबर अपराध से बचाव, घरेलू हिंसा की रोकथाम और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 व 1091 पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला एवं बाल विशेष पुलिस इकाई की पुलिस उपायुक्त अंजीथा चेप्याला के अनुसार नुक्कड़ नाटक के जरिए यह संदेश दिया गया कि महिलाएं किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न को सहन न करें और तुरंत पुलिस या संबंधित एजेंसियों से संपर्क करें। कलाकारों ने वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से साइबर ठगी, ऑनलाइन उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर जागरूक किया। वहीं कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, बाजार में मौजूद लोगों और विशेष रूप से महिलाओं व किशोरियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# वादे के अनुसार नवगछिया को अविलंब सम्पूर्ण जिला का दर्ज़ा दे एनडीए सरकार : अरुण यादव


कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने शनिवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि पुलिस जिला नवगछिया वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग रही है कि पुलिस जिला नवगछिया को पूर्ण प्रशासनिक जिला का दर्ज़ा मिले। उन्होंने कहा कि नीतीश-भाजपा की नई सरकार बने तीन माह पूरा हो गया है। भाजपा नेता सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार विधानसभा चुनाव में चुनावी जनसभा में घोषणा किया था कि पुनः एनडीए की सरकार बिहार में बनते ही नवगछिया को पूर्ण प्रशासनिक जिला का दर्ज़ा देंगे। साथ ही नवगछिया इलाके के लोगों को नौकरी-रोजगार देने के लिए उद्योग-धंधे स्थापित करेंगे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है, लेकिन बिहार सरकार द्वारा नवगछिया को पूर्ण जिला का दर्ज़ा और नवगछिया इलाके के लोगों के लिए नवगछिया क्षेत्र अंतर्गत उद्योग-धंधे स्थापित करने को लेकर कोई चर्चा अभी तक नहीं की गई है। जोकि क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का विषय है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस जिला नवगछिया को पूर्ण राजस्व जिला का दर्ज़ा प्राप्त हुए बिना पुलिस जिला नवगछिया क्षेत्र की जनता का समग्र विकास असंभव है। नवगछिया क्षेत्रफल, जनसंख्या और राजस्व के हिसाब से जिला बनने का सभी अहर्ता पूरा करता हैं। इसलिए नीतीश-भाजपा सरकार अपने वादे अनुसार अविलंब पुलिस जिला नवगछिया को संपूर्ण जिला का दर्ज़ा दें।

# भारत मंडपम् में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन दुर्भाग्णपूर्ण : रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। भारत मंडपम् में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट जैसे वैश्विक मंच पर कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन को सांसद हरिद्वार एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं आश्चर्यजनक बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी ज्ञान,नवाचार और तकनीक की सदी है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास की दिशा निर्धारित कर रही है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर नकारात्मक राजनीति करना देश की प्रगति की भावना के विपरीत है। श्री रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विजनरी सोच ने भारत को नई वैश्विक पहचान दिलाई है। उनका स्पष्ट संकल्प है कि एआई तकनीक के जरिए अंतिम व्यक्ति तक अवसर,पारदर्शिता और सशक्तिकरण पहुँचे। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और नवाचार आधारित शासन की पहल ने भारत को वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाया है। उन्होंने कहा कि जब विश्व भारत की क्षमता और नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है,तब ऐसे मंच पर विरोध प्रदर्शन यह दर्शाता है कि कुछ लोगों को परिवर्तन और प्रगति की यह गति स्वीकार नहीं है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है,परंतु राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। सांसद रावत ने कहा कि देश की जागरूक जनता सब जानती है,भविष्य विरोध से नहीं, विजन और संकल्प से बनता है। भारत तकनीक, नवाचार और सशक्त नेतृत्व के साथ आगे बढ़ रहा है और विकास की इस यात्रा को कोई भी नकारात्मक राजनीति रोक नहीं सकती।

# उत्तराखंड क्रीड़ा विश्वविद्यालय की प्रथम प्रबन्ध परिषद की बैठक में 'ग्राम से ओलंपिक' विज़न पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखण्ड क्रीड़ा विश्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद की प्रथम बैठक शनिवार को लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में 'ग्राम से ओलंपिक' विज़न पर जोर दिया गया। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अवस्थापना संबंधी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति अमित कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय की स्थापना, प्रस्तावित पाठ्यक्रमों, मानव संसाधन, प्रशासनिक ढांचे तथा बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। शिक्षण एवं प्रशासनिक पदों के सृजन के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करते हुए औचित्य सहित प्रस्ताव शासन को भेजे जाने पर सहमति बनी। बैठक में अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की परिकल्पना वर्ष 2022 में की गई थी। इसका अधिनियम मार्च 2025 में पारित हुआ तथा 5 मई 2025 को राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय का मुख्यालय गौलापार, हल्द्वानी में स्थापित है, जिसे ‟मिशन ओलंपिक 2036” के लक्ष्य के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि क्रीड़ा विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न रहकर उत्कृष्ट खेल संस्कृति के निर्माण का केंद्र बने। उन्होंने ‟ग्राम से ओलंपिक” की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन पर विशेष जोर दिया। साथ ही अन्य खेल विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) कर प्रशिक्षण, शोध और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में कुलसचिव डॉ. आशीष चौहान, अपर सचिव मनुज गोयल, अपर सचिव नवनीत पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063